SANKALP
CG Budget 2026-27
दैनिक नवप्रदेश
अदिव्यवर्ण तमसः परस्तात
प्रदेश के साथ पूरा देश...
छत्तीसगढ़ बजट 2026-27

बिलासपुर, बुधवार, 25 फरवरी 2026 शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 307 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

ज्ञान-गति के बाद साय के 'संकल्प' का बजट

रायपुर/नवप्रदेश। ज्ञान और गति के बाद वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 2026-27 का 1.72 लाख करोड़ का बजट 'संकल्प' थीम पर पेश किया। इसमें पांच नए मिशन शामिल किए गए हैं, जिसका उद्देश्य सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास है। समावेशी विकास, अधोसरंचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अत्योदय और लाइवलीहुड के साथ पॉलिसी से परिणाम तक मिशन का संकल्प लेकर पेश किए गए इस बजट में 20400 करोड़ का वित्तीय घाटा अनुमानित है। जबकिं 26 500 करोड़ का पूंजीगत व्यय अनुमानित है। राजस्व घाटा दो हजार करोड़ का अनुमानित है। राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 12 फीसदी की वृद्धि के साथ 709553 करोड़ अनुमानित है इस बार बजट में नई योजनाओ को भी शामिल किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि कोई भी लक्ष्य संकल्प से पूरा होता है। क्षमता कम या ज्यादा हो सकती है, लेकिन दृढ़ इरादा हो, संकल्प मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य संकल्पवान के सामने नतमस्तक हो जाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश में विष्णुराज है। साय सरकार समावेशी, सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापक एवं सर्वग्राही होने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हमारा लक्ष्य न केवल तेजी से विकास करना है, बल्कि इस बात का भी ध्यान रखना है कि विकास की इस दोड़ में समाज का कोई भी वर्ग या प्रदेश का कोई भी अंचल पीछे न रह जाए।

1 लाख 72 हजार करोड़ का बजट

■ 23 नए उद्योग खुलेंगे, सिरपुर में रीवर फ्रंट, मेडिटेशन सेंटर बनेगा, कर्मचारियों का कैशलेस इलाज होगा

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए 'संकल्प' थीम के साथ विकास का रोडमैप रखा। बजट में किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की गई, वहीं 18 साल पूरे होने पर बच्चियों को डेढ़ लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में 23 नए उद्योग खुलेंगे और 5 प्रमुख शहरों के एयरपोर्ट पर शोरूम भी खोले जाएंगे। रायपुर के कालीबाड़ी क्षेत्र में 200 बिस्तरों वाला मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल और चिरमिरी में जिला अस्पताल के निर्माण का प्रावधान किया गया है। वहीं बस्तर के अंदरूनी इलाकों में बस सेवा शुरू करने के लिए 10 करोड़ रुपए रखे गए हैं और अबूझमाड़-जगरगुंडा क्षेत्र में दो एजुकेशन सिटी स्थापित की जाएंगी।

संकल्प थीम पर 2026-27 का बजट



प्रमुख विभागों के लिए बजट प्रावधान

राशि	विभाग	राशि	विभाग
22,360 करोड़ रुपए	स्कूल शिक्षा	09,451 करोड़ रुपए	लोक निर्माण विभाग
16,560 करोड़ रुपए	पंचायत व ग्रामीण विकास	09,015 करोड़ रुपए	ऊर्जा
13,507 करोड़ रुपए	कृषि	08,380 करोड़ रुपए	गृह विभाग
12,820 करोड़ रुपए	खाद्य व नागरिक आपूर्ति	08,050 करोड़ रुपए	लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
11,000 करोड़ रुपए	महिला एवं बाल विकास	03,890 करोड़ रुपए	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी

त्वरित टिप्पणी

रजत जयंती वर्ष में सुनहरे सपने संजोने वाला साय सरकार का समावेशी बजट

नव प्रदेश छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में साय सरकार का यह तीसरा बजट सुनहरे सपने संजोने वाला समावेशी बजट है। छत्तीसगढ़ के पहले खालिस आदिवासी मुख्यमंत्री

विष्णु देव साय ने आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का जो संकल्प लिया है उसको मूर्त रुप देने में वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने अपने तई कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है। खासतौर पर शीघ्र ही नक्सली हिंसा से मुक्त होने जा रहे बस्तर के दिन बहुराने की हर संभव कोशिश की गई है। बस्तर पर जितना फोकस किया गया है उसे मद्देनजर रखकर इस बजट को बस्तरिहा बजट कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। वास्तव में लंबे अर्से से नक्सली हिंसा का दंश झेलते और बारूद की ढेर पर बैठे रहने वाले बस्तर में विकास की बयार बहाना और गरीब आदिवासी की कुटिया तक विकास का उजियारा बगराना बेहद चुनौती पूर्ण कार्य रहा है। अभी भी जब बस्तर से माओवादी का सफाया हो जाएगा तब भी वहां का चहुंमुखी विकास आसान नहीं होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय यह समझते हैं। यही वजह है कि इस साल के बजट में उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ के साथ ही विकसित बस्तर का रोडमैप तैयार कराया है। जो उनकी दूरदर्शिता का परिचायक है। एक लाख पचहत्तर हजार करोड़ रुपये के इस बजट की थीम संकल्प है। सबके साथ सबका विकास की अवधारणा के अनुरूप सभी वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में कृषि को नई दिशा देने के साथ ही इसके औद्योगिक विकास का भी मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। जिसके तहत 23 नये औद्योगिक पार्क बनाए जाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संसाधन, लोकनिर्माण और पंचायत विभाग सहित सभी विभागों का बजट आबंटन बढ़ाया गया है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के स्वप्न को साकार करने का प्रयास किया गया है। इन सब का लाभ प्रदेश के अन्य हिस्सों के साथ बस्तर को मिलेगा ही साथ ही बस्तर के लिए अलग से भी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। जिसके तहत नक्सली हिंसा ग्रस्त रहे बस्तर को एजुकेशन हब के रुप में विकसित करना अभिनव पहल है। सरगुजा के साथ ही बस्तर को भी एक नये मेडिकल कालेज की सौगात दी गई है। वन संरक्षण के लिए 913 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बस्तर में कनेक्टिविटी बढ़ाने अतिरिक्त मोबाइल टावर, बस्तर में और अधिक बैंक शाखाएं तथा बस सेवा का विस्तार जैसे प्रावधानों से बस्तर में विकास की गंगा बहने की उम्मीद की जा सकती है। कुल मिलाकर साय सरकार का यह तीसरा बजट संतुलित और समावेशी बजट है। जो नव प्रदेश छत्तीसगढ़ के विकास को रफ्तार देगा और विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कोई बड़ी बात नहीं कि आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ के विकास की रफ्तार पर सटीक बैठें यह पंक्तियां-

पैदा न हो इस जमीं से नया आसमान कोई,
दिल कांपता है इसकी रफ्तार देखकर।

- **यशवंत घोटे**, प्रधान संपादक, नवप्रदेश

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने की पांच नए मिशन की घोषणा

■ मुख्यमंत्री एआई मिशन

■ मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन

■ मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन

■ मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन

■ सीएम स्टार्टअप एवं निपुण मिशन

विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला का बजट: मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, अंत्योदय और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का पहला बजट 'ज्ञान' और दूसरा बजट 'गति' की थीम पर आधारित था, जबकि इस वर्ष का बजट 'संकल्प' की भावना को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जो विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में निर्णायक कदम सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस बजट में समावेशी विकास, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण, निवेश संवर्धन, कुशल मानव संसाधन निर्माण, लाइवलीहुड, अंत्योदय तथा 'पॉलिसी से परिणाम' तक की स्पष्ट रणनीति को प्राथमिकता दी गई है। यह बजट यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप प्रदेश की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार मिशन मोड में कार्य करने के लिए पांच मुख्यमंत्री मिशन प्रारंभ कर रही है, जिनमें मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन तथा मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन शामिल हैं। इन मिशनों के माध्यम से प्रदेश के विकास को नई दिशा, नई धार और नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्कूल शिक्षा के लिए कुल बजट का 13.5 प्रतिशत प्रावधान किया गया है, जो सर्वाधिक है। बस्तर के अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी स्थापित की जाएंगी, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार सुविधा हेतु भी बजट में प्रावधान किया गया है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 23 नवीन औद्योगिक पार्कों की स्थापना हेतु 250 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

बजट में इस बार का थीम संकल्प

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हमारे विकास यात्रा का केंद्र बिन्दु ज्ञान रहा है। जिसके उत्थान के लिए गति की रणनीति पिछले बजट में अपनाई गई थी। ज्ञान के कल्याण के लिए इस बार हमारे बजट का थीम संकल्प है। जो जनता-जनार्दन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को, निष्ठा को समर्पण और दृढ़संकल्प को रेखांकित करता है। वित्त मंत्री ने कहा- अध्यक्ष महोदय, कोई भी लक्ष्य पूरा होता है संकल्प से। क्षमता कम या ज्यादा हो सकती है।

अज्ञान, दुर्गति और विनाश का बजट : भूपेश

छत्तीसगढ़ के बजट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह अज्ञान और दुर्गति विनाश का बजट है। भूपेश बघेल ने कहा कि इस बजट में किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है। दो घंटे सिर्फ शब्दों का जाल बुना गया। मैं भी पांच साल बजट पेश किया हूं। एक-एक सड़क, चौक-चौराहों के नाम गिनाए जा रहे थे। धान खरीदी के नाम पर धोखा हुआ है। किसान का रकबा बढ़ा है, उत्पादन बढ़ा है, लेकिन खरीदी कम हुई है। बजट में कुछ नहीं है, सिर्फ शब्दों का खेल खेला गया है। मंत्रियों के बोलने के लिए कुछ नहीं है। मान्य परंपरा के विपरीत जा रहे हैं, परंपराओं को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे समय की घोषणाओं को बार-बार पढ़ा जा रहा है। रेलवे ट्रैक सिर्फ यहां के खनिज को लूटने के लिए है। कोई स्टॉपेज नहीं होगा। यह सरकार का तीसरा बजट है, लेकिन मोदी की गारंटी का कोई जिक्र नहीं है। भूपेश बघेल ने कहा कि आज क्या एक लाख बीस हजार में घर बन सकता है?

यह संकल्प का नहीं, भ्रष्टाचार का बजट: महंत

बजट पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह बजट 'गति' का नहीं, बल्कि 'दुर्गति' का बजट है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प का नहीं, भ्रष्टाचार का बजट है। नई-नई योजनाएं भ्रष्टाचार करने के लिए लाई गई हैं। उन्होंने कहा कि शब्दों का मायाजाल बुना गया है। इस बजट में प्रदेश के युवाओं के लिए कुछ नहीं है। प्रदेश की महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। नौकरी के नाम पर झुनझुना पकड़ा दिया गया है। हड़ताल कर रहे हैं, उनकी छोटी-छोटी मांगें हैं, लेकिन सरकार उन्हें भी पूरा नहीं कर पा रही है।

किसी ने सराहा तो किसी ने कहा कुछ नहीं मिला...

ज्ञान और गति की दुर्गति के बाद संकल्प का नया जुमला बजटः दीपक बैज

बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ज्ञान गति की असफलता के बाद संकल्प का नया जुमला वित्त मंत्री ने फेंका है। यह बजट भी जनता को निराश करने वाला बजट है। वित्त मंत्री हाई स्कूल के बच्चे के समान कल्पनाओं में डूबते नजर आये। इनका बजट राज्य की जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आया। उन्होंने अपने बजट भाषण में बस्तर एवं सरगुजा के विकास के सब्जबाग जो दिखाये, लेकिन इन वादों को पूरा करने बजट प्रावधान निराश करने वाले रहे। बैज ने कहा कि पिछले बजट में 20 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा वित्त मंत्री ने किया था, इस बजट में वे यह नहीं बताये कि उनमें से कितने की भर्ती हुई? भाजपा ने विधानसभा चुनाव में

मोदी की गारंटी के पांच साल में 1 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन इस बजट में नई नौकरियों के लिए वित्त मंत्री ने कुछ नहीं किया। न नये स्कूल खोलने की बात है, न नये महाविद्यालय खोलने की बात है और न ही कौशल उन्नयन के लिए कुछ है। यही नहीं न नये सिंचाई के बांध बनाने के लिए कुछ है और न ही महिला स्व-सहायता समूहों के रोजगार के लिए कुछ है, न उद्योगों के विकास के लिए कुछ है। रमन सरकार के 15 साल से लेकर साय सरकार के तीन बजट में भाजपा अभी तक केवल मेट्रो ट्रेन का सर्वे ही करवा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, छात्राओं को मुफ्त यातायात के वादों पर भी वित्त मंत्री ने कुछ नहीं किया है। उद्योगों के लिए लैंड बैक तैयार करने की घोषणा कर वित्त मंत्री ने किसानों की जमीने जबरिया छीनने की मंशा को स्पष्ट किया है।

'ज्ञान' और 'गति' के 'संकल्प' से विकसित छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ता ऐतिहासिक बजट

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के बजट 2026-27 को प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में दूरदर्शी, संतुलित और विकासोन्मुख बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि 'ज्ञान' और 'गति' के संकल्प के साथ विकसित छत्तीसगढ़ की सशक्त कार्ययोजना है। उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए 16 हजार 5 करोड़ रुपये से अधिक तथा गृह विभाग के लिए 8,380 करोड़ रुपये का प्रावधान राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। शिक्षा, कौशल विकास,

अधोसंरचना, निवेश, अंत्योदय, आजीविका और कुशल मानव संसाधन निर्माण पर केंद्रित यह बजट सर्वस्पर्शी विकास का प्रतीक है। आवासहीनों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विकसित भारत जीराम जी योजना के लिए 4-4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान राज्य की संवेदनशील और प्रतिबद्ध सरकार का प्रमाण है।

संकल्प से सिद्धि को समर्पित बजट : किरण देव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट का स्वागत करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और राज्य को समृद्ध बनाने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। श्री देव ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, मजबूत आधारभूत संरचना, मानव संसाधन विकास, अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता तथा राज्य को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने पर केंद्रित है। बजट राज्य की नीति को प्रदर्शन में, निवेश को परिणामों में और आकांक्षाओं को प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्धियों में बदलने की दृढ़

प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' को पूरा करने और छत्तीसगढ़ को 2047 तक 'विकसित राज्य' बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने बजट को 'ज्ञान' और 'गति का संगम' और 'विकसित छत्तीसगढ़' का आधारस्तम्भ बताते हुए कहा कि बजट में कृषक उन्नति योजना और सिंचाई परियोजनाओं के लिए किया गया प्रावधान यह सिद्ध करता है कि हमारी सरकार किसानों की खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है। बिना किसी नए कर के राजस्व बढ़ाना और किसानों को समय पर इनपुट सब्सिडी देना प्रशंसनीय है। बजट में युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन पर जोर दिया गया है। 'अटल निर्माण वर्ष' के तहत बुनियादी ढांचे में निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। 'महतारी वंदन योजना' के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ महिलाओं के स्वरोजगार और लखपति दीदी योजना को नई गति देना महिला सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बजट में सड़क, बिजली और ग्रामीण विकास (गति) के लिए आवंटित भारी भरकम राशि से राज्य के सुदूर वनांचलों तक विकास की किरण पहुँचेगी।

सर्वहितैषी, सर्वसमावेशी बजट : सरोज पाण्डेय

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. (सुश्री) सरोज पाण्डेय ने प्रदेश सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में महिलाओं पर भी फोकस करते हुए महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 8,200 करोड का प्रावधान किया गया है। यह योजना महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। सुश्री पांडेय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक नई योजना रानी दुर्गावती योजना लायी है। इस योजना के तहत परिवार में बालिका के जन्म पश्चात् बालिका के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1.50 लाख रूपये दिये जाएंगे। रानी दुर्गावती योजना के लिए 15 करोड का प्रावधान किया गया है।

लखपति दीदी भ्रमण योजना का प्रावधान स्वागतेय : लता

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक सुश्री लता उसेंडी ने प्रदेश सरकार के बजट को महिला हितैषी एवं सर्वसमावेशी बताते हुए कहा कि सरकार ने इस वर्ष को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में प्रदेश की लखपति दीदीय ों को, सफल महिला उद्यमियों की कार्य प्रणाली तथा उनके सफल व्यवसाय मॉडल का अध्ययन करने हेतु लखपति दीदी भ्रमण योजना में 5 करोड का बजट प्रावधान किया गया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण हेतु सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों में निरंतरता रखते हुए इस बजट में महिलाओं के नाम पर भूमि, भवन, अचल सम्पत्ति क्रय पर भारित पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

अमृत काल के विजन को दोगुना करने का लक्ष्य: विभा अवस्थी

बजट पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। रानी दुर्गावती योजना इस बजट की सबसे बड़ी घोषणाओं में से एक है। इसके तहत बच्चियों के 18 वर्ष पूरे होने पर उन्हें 1.50 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। विवाहित महिलाओं को वार्षिक 12,000 रुपये की सहायता जारी रखने के लिए भारी भरकम बजट का प्रावधान किया गया है। शहरी क्षेत्र में 250 और ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से अधिक नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण का प्रस्ताव है।

200	100	350	75	100
करोड़ मुख्यमंत्री सड़क योजना के लिए, 36 सड़कें शामिल हैं।	करोड़ का निवेशकों को प्रोत्साहन के लिए प्रावधान।	करोड़ मितानिन कल्याण निधि के लिए	करोड़ बस्तर और सरगुजा विकास प्राधिकरण की राशि	करोड़ का बस्तर के लिए अलग से प्रावधान

बजट सर्वसमावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में क्रांतिकारी कदमः अमर अग्रवाल

छत्तीसगढ़ के पूर्व वित्त मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ विधायक अमर अग्रवाल ने मंगलवार को प्रदेश की विधानसभा में प्रस्तुत बजट-2026-27 के प्रस्तावों का स्वागत करते हुए बजट प्रावधानों को सर्वसमावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में उठाया क्रांतिकारी कदम बताया। श्री अग्रवाल ने कहा कि बजट में सुशासन और तकनीक पर जोर देते हुए इसी प्रकार फिंगरप्रिंट ऑथेंटिकेशन और उन्नत आईटी सेवाओं के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाने का लक्ष्य तय किया गया है। 'द कॉल ऑफ द वाइल्ड' और आधुनिक इमारतों के दृश्य राज्य की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिकता के अद्भुत संगम को प्रदर्शित करते हैं। बजट में कृषक उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ रु., महतारी

वंदन योजना के लिए 8200 करोड़ रु., शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान भारत के लिए 1500 करोड़ रु., राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 2000 करोड रुपए, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजना हेतु 265 करोड़ रु., मुख्यमंत्री पेंशन योजना हेतु 450 करोड़ रु., राष्ट्रीय विद्या पेंशन योजना हेतु 400 करोड़रु., पीएम जनमन योजना के लिए 720 करोड़ रु., लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 9450 करोड रुपए के प्रावधान के साथ ही अधोसंरचना विकास के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 9,450 करोड रु., जल संसाधन विभाग अंतर्गत 3,500 करोड रु., लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत लगभग 4,000 करोड़ रु., ग्रामीण विकास हेतु लगभग 3000 करोड़ रु., नगरीय विकास हेतु 2150 करोड़ रु., राज्य राजधानी क्षेत्र के लिए 68 करोड़ रु., द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना के लिए 200 करोड़ रु., पहुंच विहीन ग्रामों पुल एवं सड़कों के निर्माण के लिए 50 करोड़ रु., बिलासपुर, अंबिकापुर एवं जगदलपुर हवाई अड्डों के अधोसंरचना विकास हेतु 80 करोड़ रुपए, 90 नए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों के लिए 100 करोड रु., प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए 400 करोड़ रु., नगर निगमों में अधोसंरचना विकास हेतु 750 करोड़ रु., स्टेडियमों के विकास हेतु 70 करोड रु. और पीएससीएस में नए गोदामों के निर्माण हेतु 180 करोड रु. का का प्रावधान किया गया है।

बजट में समग्र छत्तीसगढ़ के विकास की अवधारणा है: अरूण साव

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बजट को गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर केंद्रित बताया और कहा कि साय सरकार के पहले वर्ष के बजट की थीम 'ज्ञान' (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) थी। जबकि पिछले वर्ष के बजट की 'गति' (गुड गवर्नेंस, एक्सीलेरैटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नॉलॉजी और इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ) की रणनीति अपनाते हुए इसे 'संकल्प' (समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अन्त्योदय, लाइवलीहुड, पॉलिसी से परिणाम तक) की अवधारणा में बजट के मूल आधार स्तंभों का संयोजन किया गया है। श्री साव ने कहा कि लोक निर्माण हेतु इस वर्ष 9451 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन योजना हेतु 3,000 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए

200 करोड़ का प्रावधान है, जिससे नगरपालिकाओं एवं नगर पंचायतों में बुनियादी अधोसंरचना, नागरिक सेवाओं, स्वच्छता इत्यादि में सुधार लाया जा सके। बजट में पिछले 25 वर्षों में हुई 30 गुना बढ़ोतरी को ऐतिहासिक बताते हुए श्री साव ने कहा कि इससे स्कूलों में बच्चों की बढ़ती संख्या और डिजिटल लर्निंग के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जाएगी। सड़कों का जाल बिछाने और आधुनिक शहरी नियोजन की दिशा में सार्थक कार्य होंगे। उन्होंने इस ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार माना।

बजट की खास बातें

- 15 नए पुलिस थाना खुलेंगे
- 5 नए साइबर थानों का प्रदेश में होगा निर्माण
- 15 नए पुलिस थाना बनेंगे
- महिला थानों की संख्या बढ़ेगी
- तेलीबांधा रायपुर थाना का होगा नवीनीकरण
- सीन ऑफ क्राइम यूनिट की स्थापना के लिए 3 करोड़
- वनों के संरक्षण के लिए 930 करोड़ का प्रावधान, 1 हजार पदों की होगी भर्ती
- अभ्यारण्यों के विकास के लिए 11 हजार करोड़ का प्रावधान
- शक्तिपीठ भ्रमण योजना शुरु होगा 5 करोड़ का प्रावधान
- शक्तिपीठ सर्किट बनेगा प्रदेश में
- राजिम में कास्य प्रतिमा स्थापित करने के लिए 5 करोड़
- सिरपुर के विकास के लिए प्रावधान 36 करोड़ रीवर फ्रंट, मेडिटेशन सेंटर बनेगा
- ईको टूरिज्म के लिए फिक्की से एमओयू, 500 करोड़
- सरकारी स्कूली छात्रों को भ्रमण कराने युवा दर्शन योजना, 5 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर देवभवन स्वामी विवेकानंद निवास को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने 5 करोड़
- पत्रकार को घुमाने के लिए बजट का प्रावधान
- साहित्य महोत्सव हर साल होगा
- अप्रवासी छत्तीसगढ़ियों का एनआईआर सम्मेल हर साल होगा।
- जनसंपर्क विभाग का बजट 475 करोड़ होगा
- ईवी वाहनों की सब्सिडी हेतु 100 करोड़ का
- नवा रायपुर में राष्ट्रीय तीरंदाजी अकादमी की स्थापना
- नवा रायपुर में स्पोर्टस कांप्लेक्स का निर्माण
- क्रीडा प्रोत्साहन योजना के लिए 57 करोड़
- कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार योजना, 100 करोड़
- हर मिशन के लिए 100 करोड़ राशि का प्रावधान
- रायपुर में 200 बिस्तर का अस्पताल बनेगा
- 5 प्रमुख शहरों के एयरपोर्ट पर शोरूम खोले जाएंगे।
- नमक के लिए 1 हजार करोड़ का प्रावधान
- पेंशन के लिए 1400 करोड़
- सयानगुडी को प्रदेश भर में विकसित किया जाएगा, 5 हजार करोड़ का प्रावधान
- रायपुर मठपुरैना दृष्टिबाधित शाला के लए 2 करोड़ 50 लाख
- नशा मुक्ति केंद्रों के संचालन के लिए 20 करोड़
- अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए हॉस्टल-स्कूल निर्माण का अनुदान
- ओबीसी छात्राओं के लिए 200 सीट का छात्रावास रायपुर में बनेगा
- अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकारण के लिए 80 करोड़
- भूमिहीन कृषि परिवारों के लिए 600 करोड़
- कृषक उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़
- मार्कफेड को 6 हजार करोड़ का प्रावधान
- नेचुरल फॉर्मिंग के लिए 40 करोड़
- कृषि पंपों के लिए 5500 करोड़
- रायपुर के कालीबाड़ी में 200 बिस्तरों वाला मदर चाइल्ड हॉस्पिटल और चिरमिरी में जिला अस्पताल के निर्माण का प्रावधान
- डेयरी समग्र विकास योजना प्रारंभ 90 करोड़
- शिल्पकारों को राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में शामिल करवाने के लिए वित्तीय सहयोग देगी सरकार
- उपहार प्लेटफार्म के लिए 25 करोड़ का प्रावधान
- 50 लाख तक के काम की एजेंसी ग्राम सभाए रहेगी।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 1700 करोड़ का प्रावधान।
- नवा रायपुर -राजनांदगांव में इंडस्ट्रिएल कॉप्लेक्स के लिए 10 करोड़
- छत्तीसगढ़ में 23 उद्योगों की स्थापना होगी
- भिलाई में व्यावसायिक परिसर के लिए 10 करोड़
- नवा रायपुर -राजनांदगांव में इंडस्ट्रिएल कॉप्लेक्स के लिए 10 करोड़
- बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के भवन का निर्माण होगा
- उद्योगों के बजट में तीन गुना वृद्धि, अनुदान के लिए 750 करोड़
- खनिज ऑनलाइन 2.2 के लिए 35 करोड़
- उद्योग विभाग का बजट पहले 248 करोड़ था अब 775 करोड़ हो गया
- रायपुर में बनेगा मेगा परीक्षा केंद्र
- रायपुर मठपुरैना दृष्टिबाधित शाला के लए 2 करोड़ 50 लाख
- गिरौदपुरी मेले को अनुदान मिलेगा अब 50 लाख
- 5 नालंदा लाइब्रेरी के लिए 22 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना लागू होगी 200 करोड़ बजट का प्रावधान
- शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान योजना के माध्यम से सरकार और गैर सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए 5 लाख रू तक की इलाज के लिए डेढ़ हजार करोड़ का प्रावधान।
- मुख्यमंत्री सड़क योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ की 36 सड़कें शामिल की गई हैं।
- बच्चियों को 18 साल पूरे होने पर डेढ़ लाख मिलेंगे
- रानी दुर्गावती योजना का ऐलान, बच्चियों के 18 साल पूरे होने पर डेढ़ लाख रू की राशि दी जाएगी।
- 250 महतारी सदन बनेंगे, 75 करोड़ का प्रावधान
- मैनपाट और जशपुर के कोतेबेरा में पर्यटन स्थल के लिए प्रावधान
- रायपुर में खाद लैब का निर्माण
- कांकेर, कोरबा, महासमुंद में नर्सिंग कॉलेज बनेंगे
- मेकाहारा में एआई के उपयोग किया जाएगा, 10 करोड़ का प्रावधान
- मितानिन कल्याण निधि के लिए 350 करोड़
- प्रदेश 250 महतारी सदन बनेंगे, 75 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री लखपति दीदी भ्रमण योजना लागू होगी
- बस्तर और सरगुजा में डॉक्टरों की भर्ती होगी। बस्तर और सरगुजा में रोड नेटवर्क कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए प्रावधान
- इंद्रावती बैराज बनाने 68 करोड़ का प्रावधान
- इंद्रावती में मटनार और देउरगांव में 24 करोड़ की लागत से बैराज निर्माण के साथ 68 करोड़ की स्वीकृति की गई है।
- बस्तर के लिए 100 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर और सरगुजा में आजीविका के लिए अलाइट, कृषि, एग्रो फॉरेस्ट प्रोसेसिंग जैसे रोजगार आधारित सेक्टर के लिए राइस मिल, पोट्री फॉर्म जैसे उद्योगों के लिए 100 करोड़ के निवेश का प्रावधान किया गया है।
- बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक्स के लिए 22 करोड़ रुपये का प्रावधान
- 1,500 बस्तर फाइटर्स के पदों का सृजन
- दूरस्थ अंचलों तक पहुंचेगी डिजिटल कनेक्टिविटी, बस्तर नेट परियोजना के लिए 5 करोड़ स्वीकृत
- बस्तर एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के लिए 75-75 करोड़ रुपये का प्रावधान
- बस्तर और सरगुजा में पशुपालन गतिविधियों के लिए 15 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर में इंद्रावती नदी पर मटनार एवं देउरगांव बैराज के निर्माण के लिए 2,024 करोड़ रुपये का प्रावधान
- अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान
- मैनपाट के पर्यटन विकास के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान
- बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में बड़ा कदम। दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।
- कुनकुरी, मनेंद्रगढ़ एवं दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान
- नगर निगमों में अवसंरचना विकास के लिए 750 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- बस्तर एवं सरगुजा में अतिरिक्त पोषण सहायता के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान
- औद्योगिक प्रयोजन के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान
- मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान। बुनियादी अधोसंरचना, नागरिक सेवाओं, स्वच्छता में होगा सुधार।
- प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए 400 रुपए करोड़ का प्रावधान।
- 90 नए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- कांकेर में किया जाएगा मेडकी बैराज का निर्माण।
- राज्य राजधानी क्षेत्र के विकास के लिए 68 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- लोक निर्माण विभाग के लिए 9,450 करोड़ रुपये का प्रावधान
- राज्य के विश्वविद्यालयों को अनुदान के लिए 731 करोड़ रुपये का प्रावधान
- अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- औद्योगिक इकाइयों के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी के लिए 750 करोड़ का प्रावधान।
- दुर्ग, जशपुर, रायपुर, बलौदाबाजार और रायगढ़ स्थित 5 सरकारी महाविद्यालयों में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के अधोसंरचना उन्नयन के लिए 50 करोड़ का प्रावधान।
- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 33 करोड़ रुपये का प्रावधान
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 200 करोड़ का प्रावधान।
- बैगा एवं पुजारी को प्रोत्साहन राशि के लिए 3 करोड़ का प्रावधान।
- 10,857 करोड़ का महिला एवं बाल विकास विभाग को विभिन्न योजनाओं के लिए
- 10,000 करोड़ रुपए कृषक उन्नति योजना
- 600 करोड़ रुपए किसानों और भूमिहीन कृषि मजदूरों के कल्याण के लिए
- 731 करोड़ रुपये का प्रावधान राज्य के विश्वविद्यालयों को अनुदान
- 8,200 करोड़ का प्रावधान महतारी वंदन योजना के लिए
- 2,320 करोड़ का प्रावधान सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण के लिए

छग बजट 2026-27 आत्मनिर्भर, आर्थिक प्रगति और समृद्धि की ओर एक नई उड़ान : कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक मुख्यमंत्री साय सरकार के नेतृत्व में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार माना है।

श्री कौशिक ने कहा कि संकल्प थीम पर आधारित यह बजट यह दर्शाता है कि सरकार केवल नीतियाँ बनाने तक सीमित नहीं है बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संकल्पित है, जिससे नीति का उद्देश्य परिणामों में बदल सके और विकास का प्रभाव हर नागरिक और हर क्षेत्र तक पहुचे। यह एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है जहाँ आर्थिक विस्तार, सामाजिक न्याय, आधारभूत सरंचना निर्माण और सांस्कृतिक पहंचान सभी एक साथ आगे बढ़ें। छत्तीसगढ़ राज्य का यह बजट सबका साथ, सबका विकास वाला बजट है जिसमें हर वर्ग को शामिल किया गया है यह बजट निश्चित ही छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के स्वर्णिम विकास में सहभागी बनेगा, हर क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, पर्यटन, ग्रामीण विकास, सड़क, टैक्नोलॉजी आदि हर क्षेत्र को विकास की नई दिशा प्रदान करने वाला बजट है, यह बजट स्वागत योग्य है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 72 हजार करोड़ का बजट विधानसभा में पेश किया, जो पिछले साल से लगभग 10 फीसदी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं की है जनता को बड़ी राहत देते हुए महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की गई, बच्चियों को 18 साल पूरे होने पर डेढ़ लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया है। लखपति दीदी भ्रमण योजना के अंतर्गत 5 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त लखपति दीदी बहनों को प्रदेश के शक्ति पीठो के दर्शन की भी व्यवस्था का प्रावधान रख गया है । प्रदेश में 23 नए उद्योग खोलने और 5 प्रमुख शहरों के एयरपोर्ट पर

शोरूम भी खोलने, महिलाओं के लिए 250 महतारी सदन बनाने, जिसके लिए 75 करोड़ का प्रावधान, जगदलपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के लिए 80 करोड़ रुपये का प्रावधान है, डेयरी समग्र विकास योजना अंतर्गत 90 करोड़ जिसमें जगदलपुर, रायपुर और बिलासपुर के दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रो का उन्नयन शामिल है, नवीन सीजीआईटी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित कवर्धा, रायगढ़, बिलासपुर में स्टेट कैसंर इंस्टीट्यूट, का प्रावधान रखा गया है। श्री कौशिक ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी है जो समाज के सभी वर्ग, महिला, किसान, युवा, उद्यमी की महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। बजट के माध्यम से विष्णु सरकार ने यह साबित कर दिया है कि बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि सरकार की भागीदारी, संपत्ति और विकास की दृष्टि का पृष्ठ को दर्शाती है साय सरकार छत्तीसगढ़ मे आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेजी पर जोर दे रही है।

छत्तीसगढ़ के आधुनिक विजन का बजट : अमर अग्रवाल

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ के राज्य बजट को छत्तीसगढ़ के आधुनिक विजन का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत सरकार का तीसरा बजट 'संकल्प' थीम पर आधारित है, जिसमें किसानों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना पर विशेष जोर दिया गया है।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि अनियमित सविदा कर्मी फिर ठगे गये मोदी गांरटी फेल शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, रोजगार, वृत्त मंत्री की प्राथमिकता में नहीं, विष्णुदेव साय सरकार का तीसरा बजट कारपोरेट मुनाफा और खनिज संसाधनों के लूट के संकल्प का बजट। बिलासपुर एयरपोर्ट को लेकर कोई घोषणा नहीं करना बिलासपुर के प्रति उदासीन रवैया दर्शाता है।

विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि ग्रामीण विकास की कोई योजना बजट में दिखाई नहीं दे रही है गौ धाम और गौ अभ्यरण की बात बजट में केवल घोषणा तक सीमित है सी जी वायु नया जुमला गढ़ा गया जगदलपुर बिलासपुर अंबिकापुर सहित किसी भी एयरपोर्ट को विकसित करने की कोई योजना नहीं है। नालंदा लाइब्रेरी कब बनेगी इसको भी छात्र खोज रहे है 1 लाख पदो पर सरकारी नौकरी देने का वादा बजट में पूरा होते देखने को नहीं मिल रहा है, महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं।

प्रमोद नायक पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक बिलासपुर ने कहा कि पिछले दो साल की तरह इस बजट में भी किसानो का धोखा दिया गया एम एस पी वृद्धि का लाभ किसानो को नही मिल रहा है। भूपेश बघेल के कॉग्रेस सरकार में एमएसपी वृद्धि का लाभ किसानों को मिलता था, सरकार के गलत नितियों के कारण किसानों का प्रति एकड़ लागत बढ़ रहा है बजट में किसानो की बात ही नहीं की गई।

प्रदेश कांग्रेस कमेंटी के प्रवक्ता अभयनारायण राय ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा बेरोजगार युवा गांव और गरीब संकल्प बजट में कही दिखाई नहीं दे रहे है महतारी वंदन का बजट 8 हजार 200 करोड़ रखा गया है साफ मतलब है नये हितग्राहियों को शामिल करने की मंशा नहीं है। खेलो को प्रोत्साहन देने के नाम पर खाना पूर्ति की गई है। स्वास्थ्य सेवाओं में आयुष्मान योजना में 1700 करोड़ भुगतान लंबित है।

बिलासपुर के लिए अद्भूत बजट : सुशांत

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बिलासपुर के लिए यह अद्भूत बजट है। नगरीय निकाय सीमाओं से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तत्काल ही राशि का आबंटन किया गया है। यह बजट युवाओं को केंद्रित कर तय किया गया है। शिक्षा, खेल, एआई सभी तकनीकों का समावेश इस बजट में देखने को मिलता है। यह बजट किसान हितकारी बजट है। समाज का हर वर्ग आज के बजट से लाभान्वित हुए हैं। निश्चित तौर पर राज्य सरकार का यह बजट राज्य के विकास को एक नई गति प्रदान करेगा और छत्तीसगढ़ विकास की एक नई गाथा लिखेगा।

शिक्षा, स्वास्थ्य लोकहित का बजट : विधानी

नगर निगम की महापौर पूजा विधानी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज का यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, लोकहित का समावेश वाला बजट है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नए थाने बनाए जाएंगे। इसके साथ ही युवाओं पर ध्यान देते हुए बजट प्रस्तुत किया गया है। बजट में हर वर्ग के लोगों की उम्मीदों और महत्वकांक्षा को ध्यान में रखते हुए यह बजट बनाया गया है। नगरीय निकाय के क्षेत्र में आदर्श शहर समृद्धि योजना में दो सौ करोड़ का प्रावधान नगर पालिका व नगर पंचायत के लिए किया गया है। यह बजट विकास की नींव रखने वाला बजट है।

संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ता सशक्त छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट राज्य के समग्र, संतुलित एवं समावेशी विकास का सशक्त दस्तावेज है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह 'संकल्प' बजट छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाने का रोडमैप है। 1.72 लाख करोड़ के इस ऐतिहासिक बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं आदिवासी अंचलों के सर्वांगीण उत्थान का विशेष ध्यान रखा गया है। कृषि क्षेत्र के लिए 10,000 करोड़ का प्रावधान, सिंचाई और अधोसंरचना के विस्तार की योजना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास राज्य के अन्नदाताओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

महिलाओं और बेटियों के सम्मान का बजट

जिला पंचायत सदस्य भारती माली ने कहा कि प्रगतिशील बजट से राज्य तेज गति से विकसित होगा। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट को लेकर हर वर्ग संतुष्ट है। विष्णुदेव साय की सरकार दुरदर्शी है। आने वाले समय में आज के बजट का लाभ राज्य में दिखेगा। युवा, महिलाओं, किसानों, व्यापारी सभी बजट को लेकर संतुष्ट हैं। यह बजट राज्य के आर्थिक गति को बढ़ाने वाला बजट है। सबका साथ सबका विकास वाला यह बजट सराहनीय है। बच्चियों को 18 साल पूरे होने पर डेढ़ लाख रुपए का प्रावधान उनके उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी पहल है।

संकल्प, थीम, समावेशी विकास का बजट

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का तीसरा बजट,संकल्प, पर आधारित थीम, समावेशी विकास, आधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड पॉलिसी, सुशासन से समृद्धि विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला का बजट है, वर्ष 2026- 27 का राज्य का यह बजट विकास को नई गति देगा। भाजपा नेता पूर्व एल्डरमैन मनीष अग्रवाल और भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महर्षि बाजपेई ने बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी।

सर्वहारा समाज को त्वज्जो : रौशन सिंह

भाजयुमो नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य रौशन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट प्रदेश के युवा, किसान, सर्वहारा समाज आम जनता का इस बजट में ध्यान रखा गया है। प्रदेश को विकासशील राज्य से विकसित राज्य बनाने के विजन से इस बजट को संकल्प का रूप दिया गया है. इस बजट में विभिन्न घोषणाओं से मध्यम वर्ग सहित प्रदेश के करोड़ो नागरिक लाभान्वित होंगे एवं प्रदेश विकास के नये आयाम के तरफ अग्रसर होगा।

न्यूज गैलरी

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोग बिना किसी औपचारिकता के कलेक्टर से मिले और अपनी शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने अधिकांश मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में तखतपुर विकासखंड के ग्राम चनाडोंगरी की महिला गंगोत्री बाई ने आवेदन देकर बताया कि उनकी लगभग 20 डिसमिल भूमि चार दशक पूर्व घोंघा जलाशय में डूब क्षेत्र में समा गई, किंतु आज तक मुआवजा नहीं मिला। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को प्रकरण भेजते हुए परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तखतपुर के ग्राम पत्थर्रा की सरपंच ज्योति गोस्वामी ने जर्जर हो चुके मिडिल स्कूल भवन के स्थान पर नए भवन के निर्माण की मांग रखी। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बिल्हा विकासखंड के ग्राम मदनपुर की श्रमिक महिला सरिता बाई ने मनरेगा के तहत पिछले वर्ष किए गए 15 दिनों के कार्य की लगभग 5 हजार रुपए मजदूरी बकाया होने की शिकायत की। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को मामले का परीक्षण कर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। जनदर्शन में मस्तूरी के सुकुलकारी ग्राम के रोजगार सहायक के विरुद्ध सरकारी राशि से निजी भूमि पर बोर खनन कराए जाने की शिकायत भी प्रस्तुत की गई। इस पर भी जांच के निर्देश दिए गए। गढ़ कलेवा का संचालन करने वाली महिला समूह ने भोजन पैकेट का भुगतान लंबित होने की शिकायत की, जिस पर जिला पंचायत सीईओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। हरदी कला के किसान मुरली प्रसाद साहू ने गरमी फसल हेतु सोसायटी द्वारा खाद उपलब्ध नहीं कराए जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने उप पंजीयक सहकारिता को तत्काल खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

आईजी गर्ग ने स्वाति का सिविल जज बनने पर किया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने आज 24 फरवरी को पुलिस परिवार के सदस्य, विशेष शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक सतलोक साय पैकरा और माता मनप्यारी देवी की सुपुत्री कुमारी स्वाति पैकरा का सिविल जज परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही चयन होने पर हार्दिक बधाई दी। सुश्री स्वाति बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं और उन्होंने डीपी विप्र कॉलेज से बीए, एलएलबी करने के बाद प्रथम प्रयास में ही सिविल जज की परीक्षा उत्तीर्ण की। उनके पिता पुलिस विभाग की विशेष शाखा में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हैं। परीक्षा में चयन के बाद स्वाति पैकरा आज पुलिस महानिरीक्षक से आशीर्वाद लेने अपने पिता और जोनल पुलिस अधीक्षक दीपमाला कश्यप के साथ पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय पहुंची,जहां जोनल पुलिस अधीक्षक श्रीमती कश्यप ने पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग को बच्ची के सिविल जज में चयनित होने की जानकारी दी। इस पर पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने बच्ची को ढेर सारा आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए पुष्पगुच्छ और स्मरणिका से उसका सम्मान भी किया और मुंह भी मीठा कराया। आईजीपी के हाथों बेटी का सम्मान देखने पर उनके पिता अत्यंत ही भावुक और हर्षित हो गए। पुलिस महानिरीक्षक ने बच्ची के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए, उसे सीख दी, कि जीवन में बहुत सी परेशानियां और कठिन क्षण आयेंगे, लेकिन अपनी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ हमेशा कर्तव्यपथ पर डटी रहना। पुलिस परिवार की यह प्रतिभाशाली बच्ची, आज पुलिस महानिरीक्षक से मिलकर गदगद नजर आई, और पुलिस महानिरीक्षक ने भी स्वाति को आशीर्वाद हुए उसके पेरेंट्स को

पुलिस परिवार ने दी बधाई

स्वाति पैकरा को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह ने भी आशीर्वाद और बधाई दी, और कहा कि पुलिस परिवार की बच्ची को न्यायाधीश की कुर्सी पर देखना बेहद गर्व और हर्ष की बात है, इसके लिए वे स्वाति को पूरे पुलिस परिवार की तरफ से बधाई और शुभकामनाएं देते हैं और साथ ही संध्या को भी मेडिकल की फील्ड में ,अपनी प्रतिभा से अपने माता पिता का नाम रोशन करने पर वे हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं। दीपमाला कश्यप, जोनल पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) अमित कुमार ने भी स्वाति के सिविल जज में चयन को लेकर बेहद हर्ष व्यक्त किया है और स्वाति पैकरा और संध्या कौशिक दोनों ही सुपुत्रियों तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है।

घायल गोवंश के लिए देवदूत बना 'सुरभि गौ सेवा समिति'

सीपत/नवप्रदेश। सड़क हादसों में तड़पते, कटे-फटे और बेसहारा पड़े गोवंश के लिए खम्हरिया स्थित गायत्री मंदिर परिसर में संचालित 'सुरभि गौ सेवा समिति' आज संवेदना, सेवा और समर्पण की जीवंत मिसाल बन चुकी है। गुरुवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल जब जेवरा में आयोजित जल रक्षा अभियान में शामिल होने जा रहे थे, तभी समिति के सेवा धाम पहुंचे। यहां घायल गायों की दर्दनाक हालत—कटी पूंछ, टूटे पैर और गहरे जख्म—देखकर दोनों अधिकारी भावुक हो उठे। प्रशासनिक औपचारिकताओं से परे जाकर कलेक्टर और सीईओ ने स्वयं गोवंश को सहलाया, पुचकारा और अपने हाथों से गुड़-चना व हरी सब्जियां खिलाईं। यह दृश्य वहां मौजूद ग्रामीणों के लिए भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया। उस पल प्रशासनिक पद नहीं, बल्कि इंसानियत की संवेदना सबसे आगे दिखाई दी। समिति के सक्रिय सदस्य एवं शिक्षक सुधांशु दीवान ने बताया कि कोरोना काल की कठिन परिस्थितियों में सात युवाओं ने संकल्प लिया था कि सड़क पर घायल गोवंश को तड़पता नहीं छोड़ेंगे। तब से लेकर आज तक समिति लगातार घायल मवेशियों का उपचार, देखभाल और पुनर्वास कर रही है।

विधायक दिलीप लहरिया को विधानसभा का उपसचेतक नियुक्त किया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया को एक बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा का उपसचेतक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के साथ ही मस्तूरी क्षेत्र का राजनीतिक कद और प्रभाव प्रदेश स्तर पर और मजबूत हो गया है। उपसचेतक का पद विधानसभा की कार्यवाही में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस पद पर रहते हुए विधायक को पार्टी के विधायकों के बीच समन्वय बनाए रखने, विधानसभा में अनुशासन सुनिश्चित करने तथा महत्वपूर्ण विधायी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी होती है। विधायक दिलीप लहरिया की इस नियुक्ति से मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ में खुशी की लहर है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इसे मस्तूरी की जनता के सम्मान और क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया है। इस अवसर पर विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गौरव और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा पार्टी नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरूंगा। विधानसभा में मस्तूरी क्षेत्र की जनता की आवाज को मजबूती से उठाऊंगा और क्षेत्र के विकास, जनहित के मुद्दों तथा छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि यह पद केवल उनके लिए नहीं, बल्कि मस्तूरी की जनता के सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। लहरिया की इस नियुक्ति को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और समर्थकों का मानना है कि अब मस्तूरी क्षेत्र के विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी तथा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होगा।

आयोजन : आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के किंडरगार्टन में ग्रेजुएशन डे आयोजित

नन्हे विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन डे अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, मुस्कुराते चेहरों और अभिभावकों की तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा दीक्षित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रद्धा दुबे एवं रश्मि श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। नन्हे बच्चों ने कविता वाचन, समूह नृत्य और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ग्रेजुएशन समारोह के अंतर्गत विद्यार्थियों को पारंपरिक ग्रेजुएशन कैप पहनाकर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

बच्चों का भावनात्मक विकास भी महत्वपूर्ण : डॉ. दीक्षित

मुख्य अतिथि डॉ. आकांक्षा दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनका भावनात्मक विकास भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएँ, उनकी जिज्ञासाओं को समझें और सकारात्मक वातावरण प्रदान करें, जिससे वे स्वस्थ एवं संतुलित व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो सकें। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों का आत्मविश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण मिले, तो वे जीवन में हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी ने अपने प्रेरक शब्दों में कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, संस्कार और समर्पण ही बच्चों को सशक्त नागरिक बनाते हैं। विद्यालय की प्राचार्या जी आर मधुलिका ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि अभिभावक केवल पढ़ाई का दबाव न बनाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन की मजबूत नींव है, इसलिए उन्हें नैतिक मूल्यों, खेल, रचनात्मक गतिविधियों और आत्मविश्वास के अवसर अवश्य दिए जाने चाहिए।

सम्राट विक्रमादित्य समिति का गठन, वैभव तंबोली बने अध्यक्ष



सीपत/नवप्रदेश। हिंदू नववर्ष के स्वागत को लेकर सीपत में उत्साह और तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को स्थानीय विश्रामगृह में सम्राट विक्रमादित्य हिंदू नववर्ष समिति के तत्वाधान में आयोजित प्रथम बैठक में नववर्ष को भव्य, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिंदू नववर्ष को जनआस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनाते हुए पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान समिति की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें वैभव तंबोली को अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके नेतृत्व में समिति हिंदू नववर्ष के आयोजन को भव्य और यादगार बनाने की दिशा में कार्य करेगी।

सेक्टर बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

- **बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई**

महासमुंद/ नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित सेक्टर बैठक में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का विजिट कर कार्यक्रमों की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

सेक्टर बैठक के अंतर्गत सरायपाली, बसना, पिथौरा, खल्लारी एवं गड़फुलझर सेक्टर के स्वास्थ्य संस्थानों में विजिट किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली, बसना, पिथौरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा, तोषगांव, लम्बर, भंवरपुर, बहमनी, सलडीह, खल्लारी, खमरिया, खट्टी, बरौली एवं सेक्टर गड़फुलझर में स्वास्थ्य

सेवाओं की स्थिति एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एमडीए कार्यक्रम की प्रगति, मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में कमी, एनसीडी स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड निर्माण, टीबी केस खोज एवं उपचार तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करना विभाग की प्राथमिकता है। नियमित सेक्टर बैठक एवं फील्ड विजिट के माध्यम से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक एवं विजिट में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू घृतलहरे, नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.पी. सिंह, डॉ. ज्योति साहू, आर सी एच नोडल, आरएमएनसीएच ए सलाहकार संदीप चंद्राकर एनएलईपी सलाहकार एकेश्वर शुक्ला, नोडल अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर, डीटीसी (एनटीईपी) उत्तम श्रीवास, पीएमडीटीसी घनश्याम देशमुख, सीपीएम राहुल ठाकुर एवं एफएलसी तेजस राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए नपाध्यक्ष

महासमुंद/ नवप्रदेश। ग्राम खिरसाली में क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हुई। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि गाँवों में छिपी प्रतिभाओं को यदि सही अवसर और मार्गदर्शन मिले तो वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकती हैं। प्रतियोगिता में टीम के कप्तान मोहित ध्रुव एवं उपकप्तान दुर्जन बरिहा के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राकेश बरिहा, योगेश बरिहा, संजू विश्वकर्मा, उमेंद्र पटेल, रूपेश पटेल, गितेश पटेल, दीपक पटेल, गंगाराम ध्रुव, भगत बरिहा, मिलन बरिहा, अजित बरिहा, रोशन दीवान, टनेश्वर बरिहा, हेमसागर कर्ष, महेश्वर कर्ष, विशाल ध्रुव, सरगम ध्रुव, हिमांशु पटेल, अमित ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

साल का पहला चंद्रग्रहण 3 को

महासमुंद/ नवप्रदेश। साल का पहला और सबसे लंबा समय वाला चंद्र ग्रहण 3 मार्च को लगने वाला है। इसकी खास बात यह है कि यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए यहां सूतक काल भी मान्य रहेगा। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस दिन चंद्रमा सिंह राशि में स्थित रहेंगे, जिससे इस ग्रहण का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण दोपहर 3:20 बजे शुरू होगा और शाम 6:47 बजे समाप्त होगा। इस बीच पूर्ण चंद्र ग्रहण (खग्रास अवस्था) शाम 4:34 बजे से शुरू होगा। खग्रास अवस्था वह समय होता है जब चंद्रमा पूरी तरह पृथ्वी की छाया में समा जाता है।

दो दिनों से लापता युवक का नहर में मिला शव

महासमुंद/ नवप्रदेश। शहर के वार्ड नंबर 6 नयापारा निवासी एक 24 वर्षीय युवक का शव सोमवार सुबह परसदा नहर में तैरते हुआ मिला। मृतक की पहचान गजेंद्र पटेल के रूप में हुई है, जो पिछले दो दिनों से लापता था। पुलिस के अनुसार गजेंद्र पटेल 21 फरवरी की शाम करीब 7:30 बजे बिना बताए घर से निकला था। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने परसदा नहर में एक शव देखा, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला, जिसकी शिनाख्त गजेंद्र के रूप में हुई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया मामलाडूबने से हुई मौत का प्रतीत हो रहा है।

मड हाउस की स्थापना का उद्देश्य प्रकृति के निकट पर्यटन अनुभव प्रदान करना

देवपुर में नेचर कैंपिंग का शुभारंभ इको पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश।

वनमण्डल बलौदाबाजार अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवपुर स्थित इको पर्यटन नेचर कैंप मड हाउस का सोमवार को औपचारिक लोकार्पण किया गया। यह नेचर कैंप प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप विकसित किया गया है जिसमें स्थानीय संसाधनों एवं पारंपरिक निर्माण शैली का समावेश किया गया है।

मड हाउस की स्थापना का उद्देश्य प्रकृति के निकट पर्यटन अनुभव प्रदान करना, पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना तथा स्थानीय समुदाय को आय के स्थायी अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल के माध्यम से देवपुर क्षेत्र में ईको-पर्यटन गतिविधियों को सशक्त करने, ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने एवं रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।इस पहल से स्थानीय समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ इको-पर्यटन गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी।

इसी क्रम में बारनवापारा अभ्यारण्य के पर्यटन ग्राम में नव निर्मित रिसेप्शन भवन का भी शुभारंभ प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी एवं जैव विविधता) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक श्री अरुण कुमार पांडे की उपस्थिति में किया गया। यह नया रिसेप्शन परिसर बारनवापारा की विशिष्ट पहचान, समृद्ध जैव विविधता एवं प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित करने की दृष्टि से विकसित किया गया है। परिसर में स्थानीय वनस्पतियों, वन्यजीवों एवं पर्यटन संभावनाओं को समाहित करते हुए एक आकर्षक एवं उपयोगी स्वागत केंद्र का निर्माण किया गया है, जिससे आगंतुकों को अभ्यारण्य की पारिस्थितिक विशेषताओं की समग्र जानकारी प्राप्त हो सके।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक'श्री अरुण कुमार पांडे ने कहा कि इको-पर्यटन आधारित ऐसे प्रयास न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान वनमण्डलाधिकारी श्री धम्मशील गणवीर, महिला स्व सहायता समूह देवपुर, नेचर कैंप इको-पर्यटन संचालन समिति के सदस्य, वन प्रबंधन समिति देवपुर के अध्यक्ष एवं सदस्य, बारनवापारा अभ्यारण्य के अधिकारीगण, परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर सहित समस्त अधीनस्थ अधिकारी एवं वनकर्मी उपस्थित रहे।

सोनाक्षी के साहस और चिरायु योजना ने बदल दी ज़िंदगी

महासमुंद/ नवप्रदेश। जिले के ग्राम कुल्हरिया में रहने वाली 12 वर्षीय सोनाक्षी एक साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से है। उनके पिता किशन लाल दीवान मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सोनाक्षी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पथर्री में कक्षा सातवीं की छात्रा है और अन्य बच्चों की तरह वह भी अपने भविष्य को लेकर बड़े सपने देखती थी। लेकिन बचपन से ही उसकी कमजोर सेहत उसके सपनों की राह में बाधा बन रही थी।जब सोनाक्षी कक्षा पाँचवीं में पढ़ती थी, तब स्कूल में हुए चिरायु स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उसमें हृदय रोग के लक्षण पाए गए। उसे अक्सर सांस फूलने, जल्दी थक जाने, पैरों में सूजन, अनियमित दिल की धड़कन और बार-बार सर्दी-खांसी की समस्या रहती थी। चिरायु टीम के आयुष चिकित्सकों द्वारा परिजनों को इसकी जानकारी दी गई और नि:शुल्क इलाज के बारे में समझाया गया। हालांकि सोनाक्षी देखने में स्वस्थ लगती थी, इसलिए शुरुआत में परिवार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। विद्यालय के प्रधान पाठक श्री

पथर्री में सामाजिक भवन के लिए किया गया भूमिपूजन

महासमुंद/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ घासी घसिया सहिस सारथी कल्याण समिति जिला इकाई महासमुंद अंतर्गत कौड़िया परिक्षेत्र की वार्षिक बैठक पथर्री में संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष केआर सागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, अध्यक्षता जोहन लाल साहनी ने की। बैठक में परिक्षेत्र की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा आगामी वर्ष के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। समाज को संगठित करते हुए शिक्षा, रोजगार और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। सारथी समाज ने पूर्व में ग्राम पंचायत पथर्री से सामाजिक भवन के लिए भूमि की मांग की थी। पंचायत ने सकारात्मक पहल करते हुए चंडी मंदिर परिसर में भूमि चिन्हित कर आवंटित की। इसी भूमि पर प्रांताध्यक्ष केआर सागर एवं समाजजनों ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर केआर सागर ने कहा,लगभग प्रत्येक समाज के पास ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक सामाजिक भवन उपलब्ध है, जहाँ बैठक, विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजन होते हैं। अब हमारे समाज के लिए भी ऐसे भवनों का निर्माण समय की आवश्यकता है। आज पथर्री में भूमि पूजन हमारे समाज के लिए गौरव और सौभाग्य का क्षण है। उन्होंने विधायक एवं सांसद से शासन स्तर पर भवन निर्माण की मांग करने तथा समाजजनों से आर्थिक व श्रमदान सहयोग का आह्वान भी किया। कार्यक्रम में सुनील सोनवानी, डिगेश सागर, रामेश्वर साहनी, इंदल साहनी, मनोज सेन्द्रे, संतोष साहनी, तारा साहनी सहित पिथौरा, बागबाहरा एवं महासमुंद क्षेत्र के अनेक समाजजन उपस्थित रहे। संचालन रामेश्वर साहनी एवं आभार प्रदर्शन इंदल साहनी ने किया। जानकारी जिलाध्यक्ष तुलेन्द्र कुमार सागर ने दी।

बजट में जिले को अनेक विकास कार्यों की सौगात, खुलेंगे नये संस्थान

डी.के. कॉलेज बनेगा सेंटर ऑफ़एक्सीलेंस, भाटापारा में नालंदा परिसर का होगा निर्माण

कसडोल से गरियाबंद तक सडक निर्माण व 25 करोड़ से होगा बलौदाबाजार - भाटापारा सड़क चौड़ीकरण

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 1 लाख 76 हजार करोड़ रुपये का श्संकल्पश् बजट सदन में पेश किया। इस बजट में बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के लिये अनेक विकास कार्यो एवं संस्थानों के लिये बजट प्रावधान किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार द्रुतगामी सड़क सम्पर्क योजना अंतर्गत कसडोल से गरियाबंद व्हाया बाग़बाहरा सड़क निर्माण, बलौदाबाजार-भाटापारा सड़क चौड़ीकरण हेतु 25 करोड़, मटिया कसडोल में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय का स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में उन्नयन, भाटापारा में नालंदा परिसर निर्माण, बलौदाबाजार में बीएड कॉलेज निर्माण हेतु बजट प्रावधान, मड़वा में सतनाम धर्मशाला हेतु 50 लाख, गिरौदपुरी मेले की राशि 25 लाख से बढाकर 50 लाख, भाटापारा में मॉडल उप पंजीयन कार्यालय भवन के लिये बजटीय प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत हथबंद से शिकारी केशली व्हाया जांगड़ा सड़क निर्माण एवं ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक अंतर्गत जिले में ई-ट्रैक निर्माण हेतु बजट प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही बजट में नई योजना शुरू करने का भी प्रावधान किया गया है जिसमें लखपति दीदी भ्रमण योजना, मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना, द्रुतगामी सड़क सम्पर्क योजना, सीज़ी-एसीई, मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना, स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना, छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना प्रमुख हैं।

रामनवमी - हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिर समिति की बैठक संपन्न

महासमुंद/ नवप्रदेश। सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति कचहरी चौक महासमुंद की एक आवश्यक बैठक रविवार को मंदिर परिसर में 11 बजे आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिवर्षानुसार रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव एवं शनिदेव जन्मोत्सव मनाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें 27 मार्च 2026 को रामनवमी के पावन पर्व पर प्रातः 7 बजे ध्वज पूजन आरती, पश्चात प्रसाद वितरण व 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर आरती व पंचरी प्रसाद वितरण व आतिशबाजी किया जाएगा। संध्या 7 बजे भारत वर्ष ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में एक ही तिथि व एक ही समय पर होने वाला हनुमान चालीसा का सवा करोड़ जाप का आयोजन किया जाता है। उक्त कार्यक्रम के तहत मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष 18वें वर्ष हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ का आयोजन 18वें अनुष्ठान के रूप में संध्या 7 बजे से 8 बजे तक बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप के माध्यम से किया जाएगा। पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर 2 अप्रैल को प्रातः 7 बजे ध्वज पूजन, ध्वजारोहण, आरती, प्रसाद वितरण व 12 बजे से मंदिर परिसर में आम भंडारा का आयोजन रखा गया है।

इंग्लिश रीडिंग के साथ हिंदी में समझ भी आना जरूरी: कलेक्टर

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल तुमगांव का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशालाओं, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय तथा अन्य शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। जिसमें सैचुरेशन के 21 बिंदुओं को एक-एक पॉइंट विषयवार निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कक्षा छठवीं के बच्चों के साथ ट्रैफिक सिग्नल पर चर्चा करते हुए हेलमेट की उपयोगिता सीट बेल्ट बांधना और गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का उपयोग न करने पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने खेल के महत्व के बारे में भी बच्चों को समझाया तथा पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए रिवीजन को आवश्यक बताते हुए बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाने तथा मोबाइल की उपयोगिता को कम करने जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के साथ चर्चा के दौरान पढ़ाई के महत्व को समझाते हुए कहा कि जो चीज समझ में नहीं आता उसे बार-बार पढ़ा जाए पूछा जाए और उसको सीखने की कोशिश की जाए तो वह दो से तीन बार में समझ में आने लगेगी। इंग्लिश रीडिंग के साथ हिंदी में समझ भी आना चाहिए। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों में टीएलएम बल फीचर्स, जादुई पिटारा एवं पीयर लर्निंग के माध्यम से .अधिक से अधिक गुणवत्ता सुधार करने का प्रयास

किए जाए। इस दौरान उन्होंने पीएम श्री तुमगांव में चल रहे निर्माण कार्य की भी समीक्षा किया और जल्द से जल्द बिल्डिंग बनाकर मार्च तक पूर्ण करने निर्देशित किया गया।

उन्होंने विशेष रूप से शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, स्वच्छता तथा नवाचार गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, प्राचार्य देवेंद्र कुमार अगलावे, एपीसी श्रीमती सम्पा बोस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती तरीका कुंजाम, संकुल समन्वयक सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

पूर्व माध्यमिक शाला परिसर पतेरापाली में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई

चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देने वाला सशक्त माध्यम स्काउट

महासमुंद/ नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बागबाहरा ने स्काउट-गाइड आंदोलन के जनक के जन्मदिवस को चिंतन दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला परिसर पतेरापाली में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जहां उपस्थित सदस्यों ने उनके आदर्शों, सिद्धांतों और सेवा भावना को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन केवल एक

संगठन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देने वाला सशक्त माध्यम है। अंचल के वरिष्ठ स्काउट मास्टर अरुण कोसे, संघ के अध्यक्ष पंकज हरपाल, पूर्व सचिव भीमसेन चंद्राकर एवं मुरलीधर सिन्हा ने वर्तमान में युवाओं के बीच बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने में स्काउट-गाइड संघ एवं शिक्षा जगत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सर्वधर्म प्रार्थना में विभिन्न धर्मों के मंत्रों का उच्चारण कर भाईचारे, एकता और सद्भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्काउटर रामगोपाल दीवान ने व आभार प्रदर्शन पूर्व सचिव भीमसेन चंद्राकर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेश सोनी, शाला विकास समिति से लखन लाल साहू, रूखमणी बंजारे, सतीश देवांगन, गगन टोंडेकर, रूखमणी बघेल, भगवंतीन निराला, रोवर पुष्पेंद्र साहू, अतुल तुली सोनवानी, डेविड निर्मलकर एवं रेंजर कु. आर्या सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अनुपम बने भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक

भाटापारा / नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा द्वारा आर्थिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सूची जारी की है जिसमें बलौदाबाजार जिले के आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक पद पर अनुपम अग्रवाल को पदस्थ किया गया है।जिससे क्षेत्र में भाजपा समर्थित लोगो में हर्ष व्याप्त है। इस नियुक्ति पर अनुपम अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा पूर्व विधायक सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, महामंत्री कृष्णा अवस्थी को नियुक्ति के

लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान में मोदी सरकार ने खर्च की जगह निवेश का बजट प्रस्तुत किया है जो 2047 भारत की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने के अमृतकाल में विकसित भारत और सबसे बड़े अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाया है।

राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की नई संभावनाएं : कुलपति प्रो.सक्सेना, समझौता दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान, संसाधन एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम सिद्ध होगा

उद्यानिकी विवि दुर्ग और महाराणा प्रताप उद्यानिकी यूनिवर्सिटी करनाल के बीच एमओयू

सांकरा-दुर्ग/नवप्रदेश। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं महाराणा प्रताप उद्यानिकी विश्वविद्यालय, करनाल (हरियाणा) के मध्य एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम पंडित किशोरी लाल शुक्ल उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, राजनांदगांव में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महाराणा प्रताप उद्यानिकी विश्वविद्यालय, करनाल के कुलपति डॉ. एस. के. मल्होत्रा तथा महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति प्रो. आर.आर. सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय की ओर से प्रत्यक्षदर्शी के रूप में निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जितेंद्र सिंह एवं अधिष्ठाता डॉ. यू.बी. देशमुख ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य ज्ञान, संसाधन एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम सिद्ध होगा तथा उद्यानिकी एवं वानिकी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की नई संभावनाएँ खोलेगा।

एमओयू से होने वाले प्रमुख लाभ

इस एमओयू के माध्यम से दोनों विष्वविद्यालयों के मध्य निम्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा-

शैक्षणिक सुदृढ़ीकरण: स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध विद्यार्थियों के लिए संयुक्त पाठ्यक्रम, फैकल्टी एक्सचेंज तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं: उद्यानिकी एवं वानिकी क्षेत्र में नवीन तकनीकों, उच्च उत्पादक किस्मों, जलवायु परिवर्तन अनुकूल प्रौद्योगिकियों एवं मूल्य संवर्धन पर संयुक्त शोध कार्य किए जाएंगे।

विस्तार गतिविधियों का सशक्तिकरण: किसानों के लिए प्रशिक्षण, कार्यशाला एवं तकनीकी मार्गदर्शन कार्यक्रमों का आयोजन कर क्षेत्रीय कृषि विकास को गति दी जाएगी।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण: विकसित तकनीकों एवं नवाचारों का परस्पर आदान-प्रदान कर लाभार्थियों तक त्वरित पहुँच सुनिश्चित की जाएगी।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल डेका ने निरामय आरोग्य संस्थान को सौंपी एम्बुलेंस की चाबी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में निरामय आरोग्य संस्थान रायपुर को एम्बुलेंस प्रदान किया। उन्होंने लोकभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वेच्छानुदान मद से एम्बुलेंस की चाबी सौंपी और हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इस वाहन का उपयोग निरामय आरोग्य संस्थान में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पुर्णेन्द्रु सक्सेना सहित संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित थे।

रायपुर मंडल की दो ट्रेन कल रहेंगी प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तर रेलवे के लखनऊ रेल मंडल में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का काम किया जाएगा। ये काम 26 फरवरी को ब्लॉक लेकर नॉन इंटरलॉकिंग के तहत होगा। रेलवे के अनुसार, इस तकनीकी कार्य के कारण रायपुर मंडल से चलने वाली दोगाड़ियों को उनके नियमित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। जिससे ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह न रुके। 25 फरवरी को चलने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को चुनारङ्कप्रयागराजङ्कफाफामऊङ्कजंघईङ्कजौनपुर मार्ग से चलाया जाएगा। इसी तरह 25 फरवरी 2026 को गाड़ी संख्या 18201 दुर्गङ्कनौतनवा एक्सप्रेस प्रयागराज के बाद मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, सुलतानपुर और अयोध्या होते हुए चलेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि, यात्रा पर निकलने से पहले अपनी ट्रेन की जानकारी जरूर जांच लें। यह कार्य भारतीय रेलवे की ओर से रेल व्यवस्था को और सुरक्षित व बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है।

24 घंटे के भीतर हितग्राही को मिला उज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा

रायपुर/नवप्रदेश। विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टोरेट स्थित जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर आमजन के लिए एक भरोसेमंद माध्यम के रूप में उभरकर सामने आया है। धर्मनगर पचपेड़ी नाका निवासी टिकेश्वर साहू ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी के नाम से प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत आवेदन किया था। गैस कनेक्शन स्वीकृत होने के बाद एजेंसी द्वारा चूल्हा उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी गई और उन्हें स्वयं खरीदने के लिए कहा गया। इस पर उन्होंने जिला प्रशासन के जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई और मात्र 24 घंटे के भीतर गैस एजेंसी द्वारा उन्हें चूल्हा उपलब्ध करा दिया गया। टिकेश्वर साहू ने बताया कि अब उनका परिवार योजना का पूरा लाभ प्राप्त कर रहा है और उन्होंने इस त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज कर त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु मोबाइल नंबर 9977222564, 9977222574, 9977222584 एवं 9977222594 पर संपर्क कर जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर की सुविधा का लाभ उठाएं।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश, प्रसूता माताओं को हरियाली की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्धता के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन द्वारा ÷प्रोजेक्ट ग्रीन पालना÷ अभियान को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभिनव पहल के तहत शासकीय अस्पतालों में प्रसव उपरांत माताओं को फलदार पौधे भेंट स्वरूप दिए जा रहे हैं, ताकि एक नई ज़िंदगी के आगमन के साथ एक नया वृक्ष भी धरती पर जन्म ले। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में इस अभियान के तहत आज ग्रीन पालना में अभनपुर में 03, एमसीएच कालीबाड़ी अस्पताल में 09, तिल्दा में 01 कुल 13 महिला प्रसुताओं को 65 पौधे भेंट किए गए। यह प्रयास मातृत्व के साथ प्रकृति से जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है। प्रोजेक्ट ग्रीन पालना न सिर्फ नवजात के जीवन की शुरुआत को यादगार बनाता है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली और शुद्ध वातावरण की नींव भी रखूता है।

छत्तीसगढ़ में अब होली पर नहीं बिकेगी शराब, दुकानें बंद रहेंगी

■ **सरकार जल्द जारी करेगी आदेश, पहले हटाया गया था ड्राई डे**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में होली के दिन शराब बिक्री को लेकर स्थिति एक बार फिर बदल गई है। राज्य सरकार ने होली पर शराब बिक्री की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। आबकारी विभाग इस संबंध में जल्द आदेश जारी करेगा।

नई आबकारी नीति में पहले तय सात ड्राई डे में से तीन दिन होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस (30 जनवरी) को हटाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद माना जा रहा था कि इन दिनों शराब दुकानें खुली रहेंगी।

अब सरकार ने रुख बदलते हुए होली पर शराब बिक्री पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। यानी होली के दिन राज्यभर में शराब दुकानें बंद रहेंगी। बताया जा रहा है कि सामाजिक और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया गया है।

आदेश जारी होने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। बाकी ड्राई डे पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार लागू रहेंगे।

30 जनवरी को खुली दुकानों पर हुआ था विरोध

छत्तीसगढ़ में 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब दुकानें खुली रहने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया था। कांग्रेसियों ने प्रदेश के अलग-अलग शहर की शराब दुकान के सामने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और नियमों में तत्काल बदलाव की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बापू के सिद्धांतों और आदर्शों के विपरीत ऐसे दिन पर शराब दुकान का खुला रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इसे महात्मा गांधी के विचारों और जनभावनाओं का अपमान बताया था।

अब इस दिन बंद रहेगी शराब दुकानें

नए नीति के अनुसार, साल 2026-27 में सिर्फ4 दिन ड्राई डे घोषित किए गए हैं। इनमें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 2 अक्टूबर गांधी जयंती और 18 दिसंबर गुरु घासी दास जयंती शामिल हैं।

महिला चेंबर पदाधिकारियों और महिला पत्रकारों के बीच प्री-बजट सत्र 'संवाद'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में महिला चेम्बर पदाधिकारियों एवं महिला पत्रकारों के बीच प्री बजट सत्र 'संवाद' का आयोजन आज दिनांक 23 फरवरी 2026 को शाम 5 बजे चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में हुआ।महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ महिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स womenÓs Chamber of Commerce) के प्रतिनिधि के रूप में, बजट 2026-27 के लिए महिला व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ठोस माँगें रख सकते हैं ।

1. वित्तीय प्रोत्साहन और ऋण ऋण सीमा में वृद्धि

वर्तमान महिला उद्यमिता नीति के तहत व्यापारिक परियोजनाओं के लिए 10 लाख की सीमा को बढ़ाकर 25 लाख और सेवा क्षेत्र के लिए ?50 लाख तक करने की माँग।महिला उद्यमियों को न्यूनतम 7-8 वर्षों के लिए, अदा किए गए ब्याज का 65-75% अथवा लोन का 7-8% (जो भी कम हो) विशेष ब्याज अनुदान प्रदान किया जाए।

महतारी शक्ति ऋण योजना का अपग्रेड

सूक्ष्म महिला व्यापारियों के लिए बिना गारंटी वाले ऋण की सीमा को 25,000 से बढ़ाकर 1 लाख करने की माँग, ताकि वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें।

राज्यपाल से अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां लोकभवन में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र भूषण वर्मा ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर अंबिका चंद्रवंशी, मुरली चंद्राकर, जय प्रकाश वर्मा, रवि वर्मा, मिलींद चंद्राकर, रामगोपाल वर्मा उपस्थित थे।

'प्रोजेक्ट धड़कन': बच्चों की हुई नि:शुल्क हृदय जांच, 787 बच्चों की हुई स्क्रीनिंग

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज धरसीवां टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 1 एवं 2 ग्राम पथरी में 121 बच्चों की स्क्रीनिंग, अर्बन टीम डी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 एवं 22 ग्राम अछोली,बीरगांव में 134 बच्चों की स्क्रीनिंग, अर्बन टीम ए द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र साहूपारा फाफाडीह एवं भाटापारा देवेंद्र नगर में 110 बच्चों की स्क्रीनिंग, अभनपुर टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 01, 02 एवं 03 खिलौरा में 147 बच्चों की स्क्रीनिंग, अर्बन टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 01 व 03 डंगनिया एवं स्वीपर कॉलोनी में 124 बच्चों की स्क्रीनिंग।

योगआश्रम रायपुर में संयुक्त ध्यान सत्र एक प्रेरणादायक अनुभव

■ **पावन परिसर एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा**

रायपुर/अम्लेश्वर/नवप्रदेश। लोहा व्यापारी संघ एवं आरोग्य (मंदिर चौबे कॉलोनी) के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक साधकों और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सुबह ठीक 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चले इस चार घंटे के सत्र ने सभी उपस्थित जनों को मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और आंतरिक आनंद का अद्भुत अनुभव कराया।

1. रजिस्ट्रेशन एवं स्वागत:

आगमन के साथ ही प्रतिभागियों का आत्मीय स्वागत किया गया। सुव्यवस्थित रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के पश्चात सभी को आश्रम के वातावरण से परिचित कराया गया। आश्रम का शांत, स्वच्छ और प्राकृतिक परिवेश स्वयं में ध्यान के लिए अनुकूल ऊर्जा प्रदान कर रहा था।

2. हार्टफूलनेस ध्यान सत्र:

मुख्य आकर्षण रहा हार्टफूलनेस ध्यान। प्रशिक्षित मार्गदर्शकों के निर्देशन में सभी ने हृदय केंद्रित ध्यान की विधि को समझा और अभ्यास किया। इस सत्र में यह अनुभव कराया गया कि जब मन शांत होता है, तब हृदय बोलता है, और जब हृदय जागृत होता है, तब जीवन में समरसता आती है। ध्यान के दौरान उपस्थित जनों ने भीतर की शांति, हल्केपन और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव साझा किया। कई प्रतिभागियों ने बताया कि उन्हें लंबे समय बाद इतना गहरा मानसिक विश्राम प्राप्त हुआ।

इंडियन ओवरसीज बैंक और शासन के बीच समझौता, कर्मियों के खुलेंगे खाते

रायपुर/नवप्रदेश। इण्डियन ओवरसीज़ बैंक और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर दिनांक 20.02.2026 को महानदी भवन, रायपुर में हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के अधीन आने वाले सभी विभागों के वेतन खाते खोलना एवं अन्य बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करना है। इस अवसर पर इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के क्षेत्र प्रमुख गौरी शंकर नायक ने कहा, ÷यह समझौता दोनों संगठनों के लिए विकास के नए द्वार खोलेगा और हमें राज्य सरकार के कर्मचारियों को बैंकिंग की बेहतर सेवाएँ प्रदान करने में मदद करेगा।÷ इसके साथ ही क्षेत्र प्रमुख ने कहा कि बैंक द्वारा सभी कर्मचारियों के वेतन खाते के साथ 1 करोड़ रू. का बीमा, स्वास्थ्य सेवाएँ, फ्री चेक बुक, एटीएम कार्ड एवं अनेक प्रकार की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

उद्घाटन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेल और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला

चौदहवीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी स्पर्धा का डिप्टी सीएम ने किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई में चौदहवीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025-26 का सोमवार को विधिवत शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेल और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला।

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पुलिस बल केवल कानून - व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल और अनुशासन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय स्तर की इस प्रतियोगिता से पुलिस बलों के बीच समन्वय, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूती मिलेगी। छत्तीसगढ़ को इसकी मेजबानी मिलना राज्य के लिए गर्व का विषय है। पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने कहा कि खेल गतिविधियां पुलिस बलों में शारीरिक दक्षता, मानसिक संतुलन और अनुशासन को मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निष्पक्षता एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में दुर्ग नगर की महापौर मती अलका बाघमार, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, एडीजी एस.आर.पी. कल्लूरी, एडीजी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल विवेकानंद सिन्हा, आईजी ओ.पी. पाल, आईजी अजय यादव, आईजी अभिषेक शांडिल्य, आईजी बी.एस. ध्रुव, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी एम.आर. आहिरे, डीआईजी मध्य रेंज एवं आयोजन सचिव सदानंद कुमार, डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल, कलेक्टर अभिजीत सिंह, नगर निगम आयुक्त राठौर तथा प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के डीआईजी कमांडेंट एवं पुलिस खेल अधिकारी राजेश कुकरेजा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

खेल से सुदृढ़ होता है राष्ट्र निर्माण : शर्मा

यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 24 से 27 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में देशभर की पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कुल 30 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें लगभग 450 खिलाड़ी शामिल हैं। विशेष बात यह है कि 10 राज्यों के 30 से अधिक ओलंपिक, वर्ल्ड कप, एशियन गेम्स और साउथ एशियन गेम्स जैसी प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें अर्जुन पुरस्कार विजेता असम के डीएसपी जनता तालुकार एवं राजस्थान के डीएसपी रजत चौहान भी प्रतियोगी के रूप में शामिल हुए।

लोहराघाट व्यपवर्तन जलाशय के लिए 6.75 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा बिलासपुर जिले के दो सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 06 करोड़ 75 लाख 96 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। स्वीकृत योजना के कार्यों में विकासखण्ड-तखतपुर अंतर्गत लोहराघाट व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य के जीर्णोद्धार एवं शेष नहर लाईनिंग कार्य के लिए 4 करोड़ 23 लाख 17 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूरा हो जाने पर योजना की रूपांकित सिंचाई क्षेत्र 1539 हेक्टेयर में 105 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति तथा 62 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सहित कुल 1601 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

सुविचार

किसी को दर्द देना उतना ही आसान है जितना समुद्र में पत्थर फेंकना। उस दर्द को मिटाना उतना ही कठिन है जितना उस फेंके गए पत्थर को समुद्र से निकालना

एक और नई राजनीतिक पार्टी

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में सबसे आसान काम है राजनीतिक पार्टी बनाना और अपनी राजनीति चमकाना। भारत में वैसे तो सिर्फ छह राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियां हैं और 59 राज्य स्तरीय राजनीतिक दल हैं जिन्हें चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त है। इसके अलावा लगभग ढाई हजार पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं। जो चुनाव के दौरान ही सक्रियता दिखाती हैं और अपनी दुकानदारी चलाती हैं। ऐसी गैर मान्यता प्राप्त पार्टियां कुकुरमुत्तों की तरह उगती ही जा रही हैं। इसी कड़ी में एक और नई राजनीतिक पार्टी का अभ्युदय हुआ है। उत्तर प्रदेश के बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट रहे अलंकार अग्निहोत्री ने यूजीसी की नई गाइडलाइन के विरोध में अपने पद से त्यागपत्र देकर राजनीति के क्षेत्र में पदार्पण किया है और अपनी एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा की है। जिसका नाम राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा रखा है। इसे संक्षिप्त नाम ÷राम÷ दिया गया है। उनका दावा है कि यह पार्टी सनातन मूल्यों, भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का संरक्षण कर सही मायनों में रामराज्य स्थापित करेगी। अलंकार अग्निहोत्री ने ऐसे समय पर नई पार्टी बनाई है जब देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश का चुनाव निकट आ रहा है। यूजीसी की नई गाइडलाइन को लेकर सवर्ण समाज गुस्से से उबल रहा है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी की नई गाइडलाइन पर रोक लगा रखी है लेकिन सरकार ने कभी तक इसे रद्द करने की घोषणा नहीं की है। नतीजतन सवर्ण समाज इसके खिलाफ आंदोलित है। सवर्ण आर्मी के बैनर तले नई दिल्ली के जंतरमंतर पर यूजीसी के विरोध में धरना प्रदर्शन भी हुआ। अब तो सवर्ण समाज यूजीसी के साथ ही एससी- एसटी एक्ट ही नही बल्कि जातीय आधार पर आरक्षण को भी खत्म करने की मांग कर रहा है। सवर्ण समाज जिसे भाजपा का वोट बैंक माना जाता रहा है उसका भाजपा से मोहभंग होना राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा जैसे नये वाले राजनीतिक दल के लिए अनुकूल माहौल बना रहा है। बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग नई पार्टी के गठन का स्वागत कर रहे हैं और इससे जुड़ भी रहे हैं वहीं दूसरी ओर लोग अलंकार अग्निहोत्री को दूसरा अरविंद केजरीवाल और प्रशांत किशोर बताकर उनका उपहास भी उड़ा रहे हैं। उन्हें अवसरवादी बता रहे हैं। बहरहाल यह देखना दिलचस्प होगा कि राम नाम धारी यह नई राजनीतिक पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में क्या भूमिका निभाती है? या इसका भी हश्र बिहार विधानसभा चुनाव में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज की तरह होगा जो अपना खाता भी नहीं खोल पाई थी और सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ हो तो सारी प्रकृति, सारी कायनात आपके साथ खड़ी होती है उसकी किसी चीज के लिए प्राणों से, आत्मा से, पूर्ण हृदय से चेष्टा करते प्राप्ति के लिए।

ह्व कभी एक बात विचार करो कि वास्तव में तुम चाहते क्या हो? इसके बिना सारी यात्रा बेकार है, निर्णय के बिना सारी यात्रा बेकार है। सब धोखा होगा, जितने किलोमीटर भी चलोगे सब व्यर्थ होंगे ! बस बुढ़ापे की ओर तुम्हें ले जाएंगे, तुम्हारे शरीर के कलपुर्जे हिल रहे होंगे, तुम्हारी एक-एक कोशिकाएं मर रही होंगी, धीरे-धीरे मौत की तरफतुम्हारा गमन होगा क्योंकि तुमने बिना निर्णय के चलना स्वीकार कर लिया है। जानते ही नहीं कि क्या चाहते हो और गुरु तुम्हें बोध कराता है कि तुम्हें चाहिए क्या? कोई गुरु ढूंढ कर देता नहीं, कोई ला कर देता नहीं; सच्चा गुरु वही है जो तुम्हें सिर्फये बता दे कि तुम चाहते क्या हो ?

◆ हो, जहां तक पहुंचना चाहते हो चलो ! सद्?गुरु भी तुम्हारे साथ होगा, सत्य भी तुम्हारे साथ होगा, परमात्मा भी तुम्हारे साथ होगा। जिद मत करो कि मुझे चाहिए, मत करो जिद ! पहले समझो ! पहले समझ लो गुरु के पास बैठ कर !

◆ जब लीला और कथा हो तो उस समय सेवा का दंभ नहीं भरते कि हम तो सेवा में थे, हम क्या करें? यह पाखंड है, सेवा नहीं है। या पहले कर लो या बाद में कर लो; इसे सेवा नहीं कहते ! जब भगवान की लीला, भगवान की कथा, भगवान का सत्संग चले तब उस समय सबसे बड़ी सेवा है भगवत कथा का श्रवण, उससे बड़ा कोई सेवा नहीं है।

◆ सत्ता, शक्ति का दुरुपयोग मत करना और दुराचारियों के संग, दुष्टों के साथ मत रहना नहीं तो अपना नाश निश्चित है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1956 : सोवियत राष्ट्रपति निकिता क्रुशचेव ने कम्युनिस्ट पार्टी में एक सनसनीखेज भाषण में जोसेफस्तालिन की निंदा करते हुए उन्हें बर्बर तानाशाह बताया। 1964 : विश्व प्रसिद्ध मुक्केबाज मोहम्मद अली, जिन्हें उस समय कैसियस क्ले के नाम से जाना जाता था, ने सोनी लिस्टन को सातवें राउंड में हराकर विश्व हैवीवेट खिताब अपने नाम किया। 1986 : फिलीपीन में 20 वर्ष तक तानाशाही शासन करने वाले राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस सत्ता और देश छोड़कर अमेरिका भाग गये। उनकी जगह कोराजोन अकीनो ने शासन की बागडोर संभाली। 1988 : भारत ने सतह से सतह पर मार करने वाले देश में बने पहले प्रक्षेपास्त्र 'पृथ्वी' का सफल परीक्षण किया। 1995 : असम में ट्रेन में दो बम फटने से सेना के 22 जवान और पांच नागरिकों की मौत। 2001 : ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन का निधन। 2020 : मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति हुस्नी मुबारक का 91 वर्ष की उम्र में निधन। 2022 : इंडोनेशिया के सुमात्रा में 6.2 तीव्रता का भूकंप, सात की मौत और कई घायल ।

डॉ. संजय शेखर

वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक विश्लेषक

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जो बीस हजार चार सौ करोड़ रुपए के घाटे का बजट है। सरकार के अनुसार यह बजट 'संकल्प' थीम पर आधारित है, जो समावेशी विकास , अधोसंरचना , निवेश , कुशल मानव संसाधन , अंत्योदय , आजीविका और नीति से परिणाम तक के सात स्तंभों पर टिका है। राज्य गठन के समय मात्र 5 हजार करोड़ रुपये के बजट से अब 35 गुना वृद्धि के साथ यह आंकड़ा पहुंचा है, जो सुशासन से समृद्धि की दिशा में अब तक हुए मजबूत प्रयासों को दर्शाता है। विष्णु देव साय सरकार का यह तीसरा बजट 'ज्ञान' और 'गति' के बाद 'संकल्प' की अवधारणा को आगे बढ़ाता है, जिसमें विकसित छत्तीसगढ़ का विजन स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है।

विष्णु का बजट : विकसित छत्तीसगढ़ के 'संकल्प' की मजबूत नींव

राज्य के पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत कांग्रेस पार्टी द्वारा विष्णु के बजट को नीरस और आंकड़ों की बाजीगरी करार देने के बरक्स इस बजट में विकसित छत्तीसगढ़ के 'संकल्प' के लिए मजबूत नींव बनाने के लिए सकारात्मक प्रयास किए गए है।

बजट मोटे तौर पर आने वाले वित्तीय वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा होता है। सीधे और सरल शब्दों में कहे तो वित्त मंत्री की कुशलता इस बात से स्पष्ट होती है कि उन्होंने सीमित संसाधन और असीमित अपेक्षाओं के बीच राज्य के बुनियादी जरूरतों के लिए वित्तीय आवंटन कितनी कुशलता से किया है। मौजूदा बजट को देखकर यह साफदिखाई देता है कि वित्त मंत्री के रूप में ओ.पी.चौधरी ने अपनी प्रशासनिक कुशलता से छत्तीसगढ़ की वर्तमान की जरूरतों के साथ-साथ भविष्य के छत्तीसगढ़ के लिए जरूरी आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने के लिए चतुराई के साथ बजट आवंटित किया है। उन्होंने लोकलुभावन घोषणाओं से बचते हुए उन प्रावधानों को बजट में शामिल करने की कोशिश की है जिससे आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ के कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र में विकास को द्रुत गति मिल सके। हालांकि बजट में पूंजीगत व्यय पिछले वर्ष के 16 प्रतिशत की तुलना में मामूली रूप से ही सही घटकर 15.4 प्रतिशत हो गया है जो वित्त मंत्री के रूप में ओ.पी.चौधरी के सामने सीमित संसाधनों की मजबूरी को दर्शाता है।

विष्णु के बजट का प्रमुख फोकस बिन्दु प्रदेश का किसान, महिला, युवा और

आदिवासी समेत प्रदेश में मजबूत अधोसंरचना का विकास है। कृषि क्षेत्र में कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये और बिजली पंपों की सब्सिडी के लिए 5,500 करोड़ का प्रावधान किया गया। किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज की सुविधा अनवरत जारी है, जो उनकी आर्थिक मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए नई रानी दुर्गावती योजना की शुरुआत की गई है, जिसमें 18 वर्ष पूर्ण करने पर पात्र बालिकाओं को 1.5 लाख रुपये दिए जाएंगे। बजट में महतारी वंदन योजना के लिए 8500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है और साथ ही 250 महतारी सदन बनाने का ऐलान भी किया गया, यानी बजट के फोकस में किसान और महिलाएं बनी हुई है।

इसी तरह से बजट में उम्मीद के अनुकुल आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता दी गई। नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग से नक्सलवाद के खात्मे के बाद बस्तर के समग्र विकास को लेकर विष्णु के बजट में जरूरी प्रावधान दिखते हैं। बात चाहे सड़कों की हो या शिक्षा के विस्तार समेत स्थानीय निवासियों के आजीविका के साधनों में वृद्धि की, बजट में जरूरी वित्तीय आबंटन किया गया है। बजट में धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र जिसे कभी माओवादियों का मुख्यालय भी कहा जाता था ऐसे अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी के निर्माण के लिए 100 करोड़, बस्तर-सरगुजा मेडिकल कॉलेज के लिए 50 करोड़ और नए मेडिकल कॉलेजों में कुनकुरी, मनेन्द्रगढ़, दंतेवाड़ा के लिए जरूरी बजट प्रावधान किए गए। इंद्रावती नदी पर मटनार और देवर गांव बैराज निर्माण के लिए 2,024 करोड़ रुपये रखे गए हैं। इससे बस्तर संभाग में सिंचाई रकबा में वृद्धि होगी और किसानों के आय के स्त्रोत बढ़ेगे। बजट में बस्तर नेट प्रोजेक्ट के लिए 5 करोड़ और बस्तर-सरगुजा ओलंपिक के लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है जो खेल, संस्कृति और डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा। यानी बजट में वनवासी समुदाय और पिछड़े हुए क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास पर जोर है।

अधोसंरचना और निवेश पर जोर देते हुए लोक निर्माण विभाग के लिए 9,450 करोड़ और जल संसाधन के लिए 3,500 करोड़ आवंटित किए गए। 23 नए औद्योगिक पार्क स्थापित करने के लिए 250 करोड़ का प्रावधान किया गया, जो रोजगार सृजन और निवेश आकर्षण में सहायक होगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मैनपाट (सरगुजा) में विकास कार्य और जगदलपुर व अंबिकापुर एयरपोर्ट पर विस्तार की घोषणा की गई। स्वास्थ्य में रायपुर में 200 बिस्तर अस्पताल, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी में जिला अस्पताल और कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा शामिल है। वन संरक्षण के लिए 930 करोड़ और 1,000 नए पदों पर भर्ती का प्रावधान भी किया गया।बजट में मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना, स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना, कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना समेत दर्जन भर नई योजनाओं की घोषणाएं की गई है।

जया लक्ष्मी तिवारी

आज देश में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान योजना से लेकर जल जीवन मिशन जैसी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्राथमिक हितग्राही महिलाएं ही हैं। इससे सामाजिक एवं आर्थिक विकास के विभिन्न मानकों संख्यात्मक तथा गुणात्मक दोनों ही रूप में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मातृशक्ति परिवार और समाज की धुरी है।परिवारिक निर्णयोंसे लेकर अर्थव्यवस्था में उसकी भागीदारी जितनी अधिक बढ़ेगी, सुख-समृद्धि के द्वार उसी अनुरूप खुलेंगे। छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनने की जिस यात्रा की ओर कदम बढ़ा रहा है, उसमें मातृशक्ति की भागीदारी सबसे अहम है। वर्तमान बजट 2026-27 में महिलाओं से जुड़ी विभिन्न नीतिगत पहलों में इसकी एक प्रमाणिक झलक देखने को मिली है।

जेंडर बजटिंग का मॉडल स्टेट बना छत्तीसगढ़

विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार इस वर्ष को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मना रही है। इसका उद्देश्य महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों के केन्द्र में लाकर संपूर्ण समाज का विकास करना है। 24 फरवरी को प्रदेश के युवा वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट में महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े अनेक ठोस प्रावधान किए गए हैं। यह जेंडर बजटिंग की उसआधुनिक अवधारणा को साकार करता है, जो भारतीय समाज में हजारों वर्षों से यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः के रूप में विद्यामान है। लोक नीति के क्षेत्र में जेंडर बजटिंग एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें नीतियों के निर्माण, उनके क्रियान्वयन तथा बजटीय आवंटन में यह सुनिश्चित किया जाता है कि महिलाओं को पुरूषों के बराबर अवसर मिलें। छत्तीसगढ़ में महिलाओं की जनसंख्या 1.27 करोड़ (49.76 प्रतिशत) है, ऐसे में उनके उत्थान के जरिए संपूर्ण समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।

वित्तीय वर्ष 2026-27के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी योजनाओं हेतु 11 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। साय सरकार ने अपनी सबसे महात्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन हेतु8,200 करोड़ रूपये का प्रावधान कर अपनी वरीयता स्पष्ट कर दी है। छत्तीसगढ़ कुपोषण के विरुद्ध जिस तरह देशभर में सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं (बेस्ट प्रैक्टिस) के लिए जाना जा रहा है, उस मुहिम को और प्रभावी बनाने मेंसक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण कार्यक्रम की अहम भूमिका रहेगी। इसके लिए2,320 करोड़ रूपए का बजटीय आवंटन सुपोषण से समृद्धि की यात्रा को आसान बनाएगा। इसी क्रम मेंप्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में 120 करोड़ रूपए औरमिशन वात्सल्य हेतु 80 करोड़ रूपए आवंटित कर वित्त मंत्री ने कुपोषण के विरुद्ध जंग में संसाधनों की कमी को दूर करेंगे।प्रदेश मेंमहतारी सदन निर्माण का काम जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसे आर्थिक चुनौतियां न आएं इसलिए75 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। राज्य में रानी दुर्गावती योजना शुरू की जा रही है, जिसमें बालिग होती ही बेटियों को एकमुश्त

डेढ़ लाख रुपये की राशि राज्य शासन द्वारा प्रदान की जाएगी।प्रदेश में लगभग 2 लाख ऐसी महिलाएं जो कुछ साल पहले तक बैंकिंग सेवाओं से भी दूर थीं, उन्हें लखपति दीदी बनाकर स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में छत्तीसगढ़ की बिहान योजना रोल मॉडल बनी है। लखपति दीदी भ्रमण योजना शुरू कर दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को देशभर में नवाचार सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ सरकार ने पहली बार वर्ष 2007-08 में जेंडर बजटिंग को अपनाया था, निश्चित रूप से इसका असर भी देखने को मिला। जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) के मामले में 974 प्रति 1000 पुरुषके प्रभावशाली आंकड़े के साथ प्रदेश देशभर में अव्वल है। राष्ट्रीय औसत 929 से कहीं आगे यह सफलता बताती है कि प्रदेश में अब बेटियों का जन्म बोझ नहीं बल्कि उत्सव माना जाने लगा है। यह उपलब्धि प्रदेश में बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों , सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक चेतना से संभव हुआ है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा पेश किए गए साय सरकार के तीसरे बजट में ऐसे अनेक प्रावधान हैं जो सार्वजनिक मदों और सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएंगे। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, साक्षरता, शैक्षिक उपलब्धियों, कौशल, रोजगार और आजीविका के अवसर सृजित होंगे। बशर्ते इनके क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। पिछले कुछ सालों में शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग मजबूत वोट बैंक बनकर भी उभरा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि जिन राजनीतिक दलों और उनकी सरकारों ने मातृशक्तिकी ताकत को पहचाना उन्हें स्वभाविक रूप से राजनीतिक रूप से भी इसका लाभ मिला है। आज देश में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान योजना से लेकर जल जीवन मिशन जैसी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्राथमिक हितग्राही महिलाएं ही हैं। इससे सामाजिक एवं आर्थिक विकास के विभिन्न मानकों संख्यात्मक तथा गुणात्मक दोनों ही रूप में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मातृशक्ति परिवार और समाज की धुरी है।परिवारिक निर्णयोंसे लेकर अर्थव्यवस्था में उसकी भागीदारी जितनी अधिक बढ़ेगी, सुख-समृद्धि के द्वार उसी अनुरूप खुलेंगे। छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनने की जिस यात्रा की ओर कदम बढ़ा रहा है, उसमें मातृशक्ति की भागीदारी सबसे अहम है। वर्तमान बजट 2026-27 में महिलाओं से जुड़ी विभिन्न नीतिगत पहलों में इसकी एक प्रमाणिक झलक देखने को मिली है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अतीत, जब जब भी खोलती हूँ तेरे बन्द कपाट कि तनिक लूँ मैं निहार बस एक बार थाम लेते हो बढ़कर रूखे हो आये से हाथ डुबोते वक्त की धार बिठा लेते हो बेवक्त जबरन ही अपने पास.... क्या कहूँ तुमसे कि बहुत कुछ गया है बदल तेरी इस दहलीज से निकल और जो न बदला ये एक आदत मेरी बन्द दरवाजे खोलने की और एक तुम्हारी बिठा लेना अपने करीब यूँ ही दोनों हथेलियां थाम पढ़ते नयनों को अविराम और फिर कुछ न बोलने की ।।

- प्रियंवदा अवस्थी ।

हे शिव शंकर हे अभ्यंकर नाथ अनाथन कै रखवारे। आदि अनादि अनीश्वर तारक भक्तन कै सब काज संवारे। कंकर कंकर ओम निनादत शंकर जौ डमरू कर धारे।। भक्त पुकार गुहार रहे कर जोड़ खड़े दर सांझ साकारे ।।

- रजनी रामदेव

किस्सा..पुराना हो गया तो क्या इश्क ज्यूं का त्यूं सूर्ख़ है हमारा कहां गुलाबों की जुस्तजू रही हमको ना इज़हार करने की तारीख दिल ढूंढता दिल से जुड़ा रिश्ता हमारा दिल तक हमेशा हाथ थामें एक दूजे का ये सफर हमेशा मोहब्बत से हो भरा भरा।

- लक्ष्मी राय

गर न चुनते अकेले का हम रास्ता गिर के हमको संभलना न आता कभी भीड़ में होके शामिल चलते सदा खुद को ये पहचान ये दिल न पाता कभी!!

- नीरू श्रीवास्तव

इस जीवन के जग चलायमान पर, कौन जीता है अपने अभिमान पर, हर सुख-दुख छूट जायेगा यहीं पर, हर तीर नहीं बैठता हर कमान पर, कुछ नहीं पास पर आनन्दित है वो- जो जग में नागा होकर प्रफुल्लित है- चलना ही विधान है एक मार्ग तो- रुकता नहीं वो किसी व्यवधान पर, इस जीवन के जग चलायमान पर, कौन जीता है अपने अभिमान पर।

- ललित उपाध्याय

ख्वाब मे दिन पुराने सुहाने लगे। आज फिर से हमे वो सताने लग।। बैठ के बस उन्हे सोचता ही रहा। जख्म जो थे पुराने दुखाने लगे।। सोचते सोचते साँझ ढलने लगी। आहटों से लगा पास आने लगे ।। मै गया माँग ने देव के द्वार पर। वो हमें देख के मुस्कुराने लगे।। रंग लाई दुआ दिल मचलने लगा। फिर सभी दिल अभिज्ञ से लगाने लगे।।

- अजय मिश्रा अभिज्ञ

जानते हैं? अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, जापा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्राजील समेत विश्व के कुल 88 देशों ने एआई समिट के 'दिल्ली घोषणा पत्र' को अपनाया है। सोचिए कि कैसा युग प्रवर्तक यह दिल्ली सम्मिट था। इतने महान अवसर को कलंकित करने वाले राहुल गांधी और उनके गिरोह के बारे में क्या कहना चाहेंगे आप? कहिए न कुछ ।

- पंकज कुमार झा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपका व्यक्तित्व निखरा हुआ रहेगा लेकिन स्वभाव में जिद और अहम भी रहने से लोग आपकी बातो का गलत अर्थ ही निकालेंगे। मध्यान से पहले तक एकाग्रता अधिक रहेगी।

वृषः आज के दिन भी आप अपने मन की ही सुनेंगे और करेंगे। व्यवहारिकता रहेगी फिर भी अपने मे ही मगन रहेंगे किसी का कार्यो में दखल देना आपको भायेगा नही।

मिथुनः आज के दिन भी आपको घरेलू एवं सामाजिक क्षेत्र पर प्रतिकूल फल मिलने वाले है। मानसिक अशांति अन्य विकारों को जन्म देगी शान्त रहने का प्रयास करें।

कर्कः आज का दिन लाभदायक है आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे परिस्थितियां पहले से ही इसके अनुकूल बनने लगे जाएंगी। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा रहने पर भी आपके व्यवसाय को प्रभावित नही कर पायेगी।

सिंहः आज का दिन भी कार्य सफलता दायक रहेगा लेकिन आज आपको गलत मार्गदर्शन करने वाले भी मिलेंगे जो आपके हितैषी बनकर बेवजह ही उटपटांग सलाह देकर मार्गभ्रमित करेंगे।

कन्याः आज का दिन भी आपकी आशा के अनुकूल रहेगा लेकिन आज आप लाभ पाने के लिये गलत हथकंडे अपनाएंगे जिससे सामाजिक क्षेत्र पर आलोचना हो सकती है।

तुलाः आज भी दिन आपके लिये प्रतिकूल रहने वाला है सेहत में आज भी कुछ ना कुछ विकार रहने से कार्य करने का मन नही करेगा। घर के सदस्यों का सहयोग आज कम ही मिलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपकी आशाओं पर खरा उतरेगा दिनचर्या भी आज व्यवस्थित रहने का फायदा मिलेगा। जोड़ो में तकलीफहो सकती है।

धनुः आज के दिन आपको घर और कारोबार में तालमेल बैठाने में परेशानी आएगी। दिमाग मे व्यवसाय सम्बंधित उलझने दिन के आरंभ से ही लगी रहेंगी ।

मकरः आज के दिन बीते दिन की अपेक्षा आपका स्वभाव एकदम विपरीत रहेगा आज आपके अंदर व्यवहारिकता अधिक रहेगी सार्वजिक क्षेत्र पर मीठी वाणी के बल पर वरिष्ठ लोगो से नए संबंध बनेंगे।

कुंभः आज के दिन से आपको ज्यादा लाभ की उम्मीद नही रहेगी। दिन के आरम्भ से ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप कार्य करने का उत्साह खत्म करेगा। संतोषी वृति अपनाए सुखी रहेंगे।

मीनः आज का दिन भी आपको आर्थिक समृद्धि प्रदान करेगा लेकिन आज खर्च करते समय सोच विचार अवश्य करें ठगे जाने अथवा अन्य कारणों से हानि हो सकती है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में नमो भारत दिवस कहाँ मनाया गया?

2) हाल ही में किस संगठन ने डॉल्फिन एम्बुलेंस पहल शुरू की?

3) चोलिस्तान रेगिस्तान, जो समाचारों में देखा गया था, किस देश में स्थित है?

4) अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2025 की थीम क्या है?

5) हाल ही में निधन हुई तुलसी गौड़ा किस क्षेत्र से जुड़ी थीं?

उत्तरमाला- (1) नई दिल्ली (2) नमामि गंगे (3) पाकिस्तान (4) तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य (5) पर्यावरण

पहेली

शब्द सामर्थ्य -326

पेंडाराकापा में विकासखंड के 45 से अधिक समाजों के 70 प्रतिनिधियों ने भाग लिया

मुंगेली/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर, पेंडाराकापा में रविवार को मुंगेली विकासखंड के सर्व समाज प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण आपसी संवाद एवं सामाजिक सद्भाव बैठक संपन्न हुई। बैठक में 45 से अधिक समाजों के 70 प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

जहां सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर गहन मंथन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आकाश परिहार ने स्वागत भाषण में कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति विविधता को स्वीकार करने वाली संस्कृति है। उन्होंने एकम सत विप्र बहुधा वदन्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि भारतीय संस्कृति की जय होगी, तभी विश्व से युद्ध का खतरा टलेगा और सभ्य समाज की स्थापना होगी। मुख्य वक्ता पूर्णेन्दु भट्ट ने आत्मचिंतन पर जोर देते हुए कहा, हमारा तत्व ज्ञान उत्कृष्ट है, पर हम उस पर चलते नहीं हैं। हमें ईशा वास्यमिदं सर्व के भाव को जीवन में उतारना होगा। इसी कड़ी में माणिक सोनवानी ने वसुधैव कुटुंबकम और दिनेश सोनी ने भारतीय तत्वज्ञान को मानवता की विजय का आधार बताया। बैठक में रामशरण यादव ने स्पष्ट किया कि भारत की विजय तभी संभव है जब इस तत्व ज्ञान को मानने वाले संगठित होंगे और अपने स्व (आत्मबोध) पर गर्व करेंगे। दिलीप बंजारा और विकास खांडेकर शिवकुमार बंजारा, ब्रह्मदत्त त्रिपाठी ने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठने का आह्वान किया। श्री त्रिपाठी ने कहा, हमें अपनी जाति की लकीर छोटी किए बिना हिंदू भाव की लकीर बड़ी करनी होगी। संदीप ताम्रकार ने रेखांकित किया कि हमारे नाम, तीर्थ, ग्रंथ और त्योहार एक हैं। सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है, जो हमें जोड़ती है। पुहुप साहू ने सामाजिक न्याय की बात करते हुए कहा कि हमें उन चीजों के बजाय कर्म पर ध्यान देना चाहिए जो हमारे हाथ में नहीं हैं। बंटी मक्कड़ ने गुरु नानक देव जी के संदेशों को हिंदू समाज की एकता का सूत्र बताया। शरद ताम्रकार और रमेश कुलमित्र ने वर्तमान समय में भाईचारे को समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। दिनेश निर्मलकर ने व्यावहारिक सुझाव देते हुए गांवों में एकता के प्रतीक स्वरूप एक घाट की अवधारणा रखी। अशोक सोनी ने पूरे समाज के बीच अटूट सद्भाव बनाने की अपील की। कार्यक्रम का कुशल संचालन मनोहर यादव ने किया। जिन्होंने यादव समाज द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का विवरण भी साझा किया। बैठक में मुख्य रूप से कांतिलाल लोढ़ा, शरद जैन, महेन्द्र पारेख, नवरतन जैन, राजीव श्रीवास, जलेश श्रीवास, लखन सिंह क्षत्रिय, मनोहर सिंह राजपूत, कृष्ण चंद्र ताम्रकार, हजारी साहू, ताकेश्वर साहू, सुरेश केसरवानी किरण गुप्ता, दीपक सोनकर, कौशल साहू, रोहित सागर, अनीश सोनी, निलेश भारद्वाज, कमल सोनी, राजेश रजक, रामकुमार जयसवाल सहित विभिन्न समाजों के प्रमुखजन उपस्थित रहे। संवाद के पश्चात सभी समाज प्रमुखों ने संगत के बाद पंगत की परंपरा का निर्वहन करते हुए एक साथ भोजन ग्रहण किया।

न्यूज गैलरी

बैठक : उच्च शिक्षा में नवाचार और सामाजिक उपयोग पर जोर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा (अम्बिकापुर) के सिटी ऑफिस दर्रीपारा कैंपस स्थित रविन्द्रनाथ टैगोर भवन में आज कुलपति प्रो. राजेंद्र लाकपाले की अध्यक्षता में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) एवं क्वांटम इंजीनियरिंग के उच्च शिक्षा में व्यावहारिक एवं सामाजिक उपयोग विषयक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेंद्र लाकपाले सहित विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री हरिशंकर प्रसाद तोडें ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से AI की अवधारणा तथा उसके विभिन्न उपयोगों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. लाकपाले ने छात्रों को.ढ्ढ के सही एवं जिम्मेदार उपयोग से अवगत कराने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता उच्च शिक्षा में नवाचार, अनुसंधान और गुणवत्ता सुधार का प्रभावी माध्यम बन सकती है। साथ ही उन्होंने 'ऑरेंज इकोनॉमी' की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा पीढ़ी रचनात्मक कौशल और डिजिटल तकनीक के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर विकसित कर सकती है। बैठक के अंत में कुलपति ने सभी विभागों के शिक्षकों को अपने-अपने विषयों में.ढ्ढ के समावेश के साथ पाठ्यक्रम विकसित करने एवं विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन की पहल से दूरस्थ ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए दूरस्थ एवं आश्रित ग्रामों में सीधे पहुंचाकर खाद्यान्न वितरण की अभिनव व्यवस्था लागू की गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अब शासकीय उचित मूल्य दुकान से 5 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित ग्रामों में खाद्यान्न पहुंचाकर वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत उदयपुर के ग्राम पंचायत बकोई के आश्रित ग्राम खुझी तथा जनपद पंचायत बतौली के ग्राम पंचायत टीरंग के आश्रित ग्राम खुटापानी में हितग्राहियों को उनके ग्राम में ही खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया। पूर्व में ग्रामीणों को खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय एवं श्रम दोनों की हानि होती थी। नई व्यवस्था से न केवल ग्रामीणों की समस्या का समाधान हुआ है, बल्कि शासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं एवं दिव्यांगजन को इस पहल से सीधा लाभ मिला है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने स्पष्ट किया है कि पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। दूरस्थ क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार ऐसी व्यवस्था निरंतर जारी रखी जाएगी, ताकि कोई भी पात्र परिवार शासन की खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित न रहे।

हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 2026 शांतिपूर्वक संपन्न

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 71 में दिनांक 23.02.2026 को राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र, वस्तु चित्रण एवं आलेखन, शरीर क्रिया विज्ञान एवं प्राथमिक चिकित्सा विषयों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा की सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर जिला सरगुजा द्वारा गठित उड़नदस्ता दल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगंवा, रामपुर, मेण्ड्राकला, सुखरी, लहपटरा, पेटला, नर्मदापुर, कमलेश्वरपुर, प्रभात राई, आदर्श जीवन दीप जजगा एवं डी. हिलाक्स पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बिकापुर द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, नगरपालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, लुण्ड्रा, धौरपुर, डी. हिलाक्स पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर एवं प्रभात राई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों में परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण रूप से संचालित होना पाया गया। उक्त परीक्षा में कुल 7676 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7572 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 104 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मुंगेली में 28 फरवरी को ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। वनमंडल मुंगेली द्वारा 28 फरवरी को वन परिक्षेत्र खुडिया अंतर्गत ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रकृति के करीब, स्वास्थ्य के लिए ट्रेक थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रकृति से जोड़ना, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के तहत ट्रेकिंग का प्रारंभ दुल्लापुर से होगा और समापन खुडिया रानी मंदिर में किया जाएगा। लगभग 04 किलोमीटर की यह ट्रेकिंग प्रातः 07 बजे से शुरू होगी। आयोजन में 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। वनमंडल प्रशासन के अनुसार वर्तमान समय में युवा वर्ग सोशल मीडिया पर अधिक समय व्यतीत कर रहा है, जिससे उनका प्रकृति और शारीरिक गतिविधियों से जुड़ाव कम हो रहा है। ऐसे में इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से युवाओं को प्राकृतिक वातावरण में लाकर उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रेकिंग के दौरान प्रतिभागियों को वन क्षेत्र की जैव विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य एवं स्थानीय जीवनशैली को निकट से जानने-समझने का अवसर मिलेगा।

कटघोरा-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लाइन पर सियासत तेज

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में जल्द ही चलेगी छुक-छुक गाड़ी। लंबे समय से प्रतीक्षित इस प्रोजेक्ट के तहत रेल पटरी (ट्रैक) बिछाने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। पटरी बिछ जाने एवं छुक-छुक गाड़ी का ट्रायल होने के बाद अब पक्का यकीन हो गया है कि जल्द ही हम ट्रेन में बैठ पाएंगे।

अब हमें ट्रेन देखने एवं पकड़ने के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं होगी। आजादी के 78 साल बाद भी मुंगेली में रेल लाइन नही आ सकी। इस बात का मलाल लोगों में अभी बना हुआ है। नगर पालिका मुंगेली द्वारा अभिनव प्रयास करते हुए स्टेडियम स्थित गार्डन में शहर के बच्चों और सैर-सपाटे के शौकीनों के लिए मनोरंजन के नए साधन के रूप में टॉय ट्रेन चलाने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है।

तैयारियां जोरों पर, अब बस उद्घाटन का इंतजार- नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुष्प वाटिका के सौंदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, ट्रैक बिछाने के बाद इंजन और डिब्बों को पटरी पर डालकर छुक-छुक गाड़ी का ट्रायल रन किया गया। पार्क के चारों ओर हरियाली के बीच से गुजरती हुई पटरियां बिछाई गई हैं। ट्रेन के संचालन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि बच्चे सुरक्षित सफर का आनंद ले सकें। वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वतंत्र मिश्रा ने नगर में छुक-छुक गाड़ी चलाने के लिए नगर पालिका परिषद को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित तौर पर यह बच्चों एवं गार्डन आने वालों के लिए उत्साहित करने वाली खबर है। लेकिन यह ट्रेन 78 साल पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग पर नगर के आम जनता को ठेंगा दिखा रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि डबल इंजन वाली भाजपा सरकार में क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है। केन्द्र सरकार के वर्तमान बजट में जिले की उपेक्षा करते हुए कटघोरा-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लाईन के बारे में कोई उल्लेख नही किया गया है। आने वाले प्रदेश की बजट में इसके बारे में कुछ उल्लेख करें तो क्षेत्र के लोगों के लिए राहत होगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश एवं केन्द्र दोनों जगह भाजपा की सरकार होने के बाद भी कटघोरा-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लाईन क्यों शुरू नही हो पा रही है। पूर्व में इनके द्वारा ये कहा जाता था कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार रेल लाईन के मामले में सहयोग नही कर रही है, अब जबकि दोनों जगह भाजपा की सरकार है तो इस मार्ग के रेल लाईन निर्माण के लिये प्रदेश एवं केन्द्र सरकार क्यों ध्यान नही दे रही है। नगर पालिका ने क्षेत्र की लोगों की भावनाओं को समझते हुए अपने स्तर पर कम से कम मुंगेली के बच्चों एवं गार्डन आने वालों के लिए ट्राय ट्रेन की शुरूआत तो की।

बच्चों और अभिभावकों में खुशी की लहर

जैसे ही ट्रैक बिछाने का काम पूरा हुआ, स्थानीय बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शाम को पार्क घूमने आने वाले बच्चों के लिए अब यह मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है। काफी समय से यहां काम चल रहा है। पटरी बिछ जाने एवं छुक-छुक गाड़ी का ट्रायल होने के बाद अब पक्का यकीन हो गया है कि जल्द ही हम ट्रेन में बैठ पाएंगे। अब हमें टॉय ट्रेन के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं होगी। नगर पालिका का लक्ष्य है कि आने वाले कुछ ही हफ्तों में इसका विधिवत् उद्घाटन कर इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएं।

कार्ययोजना में पाई गई कमियां, नई समिति का गठन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त राशि का उपयोग समय सीमा में सुनिश्चित करें। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासन के निर्देशानुसार विद्यालयों को आवश्यक संसाधन शीघ्र उपलब्ध हों, जिससे व्यावसायिक शिक्षा को जमीनी स्तर पर मजबूती मिले और छात्र-छात्राएं कौशल आधारित शिक्षा से लाभान्वित हो सकें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा गुणवत्ता सुधार एवं विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए सभी आवश्यक कदम प्राथमिकता के साथ उठाए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य कार्यालय द्वारा जिले के चिन्हांकित हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक विद्यालय को 02 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि का उद्देश्य विद्यालयों में संचालित व्यावसायिक ट्रेड के अनुरूप आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा मिल सके। इस हेतु डी.ई.ओ एवं डीएमसी को संपूर्ण राशि का आवश्यकतानुसार आकलन कर कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रस्तुत कार्ययोजना का डीएमसी के द्वारा परीक्षण करने पर कई प्रकार की कमियां पाई गई है तथा यह प्रतीत होता है कि स्कूलों के प्राचार्य द्वारा गाइड लाइन का पालन नहीं किया गया है तथा वास्तविक आवश्यकता का आकलन किए बिना ही कार्ययोजना प्रस्तुत कर दी गई है।

विरल मामला: महिला अभियुक्त को भी आजीवन कारावास

मुंगेली/नवप्रदेश। सत्र न्यायालय ने धारा 452, 341, 323, 302/34 में अभियुक्तगण को आजीवन कारावास की सजा तथा अर्थदण्ड से दंडित किया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आरोपीगण द्वारा 27 मई 2024 को समय 18.30 बजे, स्थान ग्राम कटामी दैहानपारा, आरोपी गौरीशंकर के घर के सामने टिकरा पड़त भूमि पर आहत अघनू यादव एवं मृतक यदुनंदन को आरोपीगण द्वारा उक्त दिनांक को उपहति करने की आशय से हमले करने की तैयारी कर घर के अंदर घुसकर गृह अतिचार करते हुये आहत अघनू एवं मृतक यदुनंदन यादव का रास्ता रोककर हत्या करने की नियत से सामान्य आशय से यदुनंदन यादव को आरोपीगण द्वारा लाठी, डंडा एवं टंगिया से मारकर मृत्यु कारित किया था। संपूर्ण विवेचना के दौरान आरोपीगण के विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाये जाने से थाना लोरमी द्वारा अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया था। अभियोजन द्वारा उपरोक्त घटना साक्ष्य हेतु कुल 23 साक्षियों का परीक्षण न्यायालय के समक्ष कराया गया। न्यायालय सत्र न्यायाधीश मुंगेली, पीठासीन अधिकारी गिरिजा देवी मेरावी द्वारा आरोपीगण क्रमशः गौरीशंकर उर्फ गुड्डु यादव , रविशंकर यादव एवं श्रीमती द्रौपती बाई पति गौरीशंकर यादव उम्र 50 वर्ष सभी निवासी दैहानपारा कटामी, चौकी खुड़िया, थाना लोरमी को थाना लोरमी के धारा 452, 341, 323, 302/34 में अभियुक्तगण को आजीवन कारावास की सजा तथा अर्थदण्ड से दंडित किया।

कोयला चोरी में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र के अमेरा खुली खदान में कोयला चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेरा खुली खदान के खान प्रबंधक समेलाल धैर्य (56 वर्ष) ने 20 फरवरी की शाम थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आनंद राम केवट एवं आलम साय राजवाड़े 15-20 लोगों के साथ पैदल और मोटरसाइकिल से खदान परिसर में जबरन घुस आए। आरोपियों ने ड्यूटी पर तैनात गार्ड आशिष मिंज और जफरूल्ला खान को धमकाते हुए लगभग 3.5 टन कोयला, जिसकी कीमत करीब 17 हजार रुपये बताई गई है, जबरन ले गए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी, जरहागांव
//उद्घोषणा//
रा.प्र.क्र.....ब-121/2025...26
ग्राम - रामपुर प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम रामपुर वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती/कु. लक्ष्मी देवी लहरे पिता/पति भागवत प्रसाद जाति सतनामी निवासी ग्राम रामपुर तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने स्वयं के जन्म दिनांक 09/05/1960 को ग्राम पंचायत लोहडिया में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 12/3/2026 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जरहागांव

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक,
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर, सरगुजा छ.ग.

क्रमांक / शाचिमसचि. / स्टोर/2026/917 अम्बिकापुर दिनांक 18/2/26

// निविदा सूचना //

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर छ.ग. में विभिन्न निष्क्रिय एवं अनुपयोगी चिकित्सकीय मशीन एवं उपकरणों तथा अन्य अनुपयोगी सामग्रीयों का अपलेखन (Scrap) के विक्रय हेतु खुली निविदा कार्य के लिए संबंधित एजेंसी / फर्म से मुहरबंद निविदा स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निहित शर्तों के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है।

निविदा कार्य विक्रय	राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर छ.ग. से अपलेखन सामग्रियों (Scrap) के हेतु खुली निविदा कार्य के लिये
निविदा प्रपत्र	रूपए 1000-00 (एक हजार रू. मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट् Joint Director and Superintendent Govt. Medical College Hospital Ambikapur के नाम पर देय एवं वापस / समायोजन योग्य नहीं है।
निविदा फार्म विक्रय की तिथि	दिनांक 25.02.2026 प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक
निविदा फार्म जमा की अंतिम तिथि	दिनांक 22.03.2026 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 22.03.2026 शाम 04:00 बजे तक संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, कक्ष अम्बिकापुर
निविदा धरोहर राशि	20,000 (बीस हजार रू. मात्र) का बैंक ड्राफ्ट् Joint Director and Superintendent Govt. Medical College Hospital Ambikapur के नाम पर देय हो।

नोट- निविदा प्रपत्र एवं नियम शर्त की प्रति कार्यालयीन दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध
चिकित्सालय अम्बिकापुर
जी- 252606885/4

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
No.15-06/S&P/EE-III/C&I/W/TN-21/26/ 611 Marwa, dtd.24-02-2026
NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-21/2026: -
Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

S. No.	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Last Date/ Time of submission of bid.	Tender Fee	EMD
01.	15-06/ S&P/ EE-III/ E&T/W/ T-26/26	8100049686	Work Contract for Maintenance contract for Elevators installed in Administrative Building & Boiler goods lift U#2, 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	20.03.2026 15:30 Hrs	Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%)	Rs. 9,700/-
02.	15-06/ S&P/ EE-III/ C&I/W/ T-27/26	8100049687	Work Contract for Supply, Installation and Commissioning of 24V DC 90A SMPS based float cum boost battery charger for H2 Generation Plant 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	24.03.2026 15:30 Hrs	Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%)	Rs. 10,400/-

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)
ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa
// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION // S- 47000/2

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 12.03.2026, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है-

सिस्टम निविदा क्र./ निविदा सूचना क्र./ दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	
सि.नि.क्र. 186004 नि.सू.क्र. 04/वलेलि/ 2025-26 दिनांक- 23.02.2026	अरपा उद्गम स्थल का विकास एवं जलकुण्ड का निर्माण कार्य	रू. 295.89 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)	निविदा की अनुमानित लागत WRD एस.ओ.आर. 01.05.2025 (संशोधित 08.08.2025) एवं PWD एस.ओ.आर. बिल्डिंग 01.01. 2015 (संशोधित 05.05.2025 तथा इलेक्ट्रीकल 01.01.2020 के अनुसार है।

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cqstate.gov.in पर दिनांक **02.03.2026** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट - 1. निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में GST जोड़कर निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग मरवाही (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)
जी- 252606867/6

मंत्री तोखन ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के कार्यकर्ताओं को नवीनतम संगठनात्मक रणनीतियों, सोशल मीडिया प्रबंधन एवं प्रभावी जनसंपर्क कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने स्वागत भाषण देते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू रहे। उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व, कार्यकर्ता निर्माण तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का उल्लेख किया। उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम÷ के सिद्धांत को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत ने कोविड काल में अनेक देशों

को वैक्सीन उपलब्ध कराकर वैश्विक परिवार की भावना को साकार किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता जगन्नाथ पाणिग्रही प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रशिक्षण की रूपरेखा, समय-सारणी, अनुशासन, कार्यपद्धति एवं पंजीयन से समापन तक की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रोटोकॉल का विधिवत पालन ही प्रशिक्षण की सफलता सुनिश्चित करता है। तृतीय सत्र में विभाग प्रचारक बिलासपुर गणेश साहू ने 'पंच प्रबोधन' विषय पर व्याख्यान दिया। अंतिम सत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं उनके ÷एकात्म मानववाद सिद्धांत पर प्रकाश डाला और कहा कि अंत्योदय की भावना ही संगठन की आत्मा है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गुरमीत सलूजा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद बिलासपुर लखन लाल साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, शैलेष पाठक पूर्व अध्यक्ष, जिला महामंत्री कैलाश ठाकुर, विनय साहू, वर्षा विक्रम सिंह, अंबालिका साहू, रजनी मानिक सोनवानी, नरेश पटेल, सुनील पाठक सहित मंडल अध्यक्षगण एवं जिले के 149 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव द्वारा प्रदान की गई।

न्यूज गैलरी

घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य टीम जागरूकता पर भी जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से व्यापक अभियान चलाकर 8 लाख 10 हजार 834 नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई है। इस अभियान के तहत जिले में 95.2 प्रतिशत नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवा खिला दी गई है। इनमें बूथ लगाकर 3 लाख 72 हजार 1 नागरिको को एवं घर-घर भ्रमण कर 4 लाख 38 हजार 833 नागरिकों को दवा का सेवन कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी, मितानिन घर-घर जाकर, उम्र और ऊंचाई के अनुसार लोगों को फाइलेरिया की दवाई का सेवन कराया जा रहा है। दवा सेवन के दौरान नागरिकों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग करें और निर्धारित समय पर दवा का सेवन अवश्य करें, ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नवीन आधार पंजीयन एवं एमबीयू की प्रगति की गहन समीक्षा की। विगत 15 दिनों में एमबीयू की खराब प्रगति पर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों से अग्रिम कार्ययोजना की जानकारी ली। संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) श्री डाहिरे का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि आधार पंजीयन से संबंधित सभी अधिकारी अद्यतन जानकारी रखें और लक्षित प्रगति प्राप्त करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। लक्ष्य पूर्ति तक जिले के सभी ब्लॉकों के चिन्हांकित स्थानों पर विशेष शिविर आयोजित कर नवीन आधार पंजीयन एवं एमबीयू कार्य कराने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बेहतर मॉनिटरिंग कर लक्ष्य निर्धारित करने और समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में कलेक्टर ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत बजट आवंटन एवं कार्ययोजना की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित कार्यों के लिए आवंटित बजट का समय-सीमा में उपयोग किया जाए तथा पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने फाइलों में अनावश्यक विलंब की शिकायत पर पूर्व डीएमसी की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पथरिया के बीईओ की अनुपस्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम श्री स्कूलों में भवनों की स्थिति, पेयजल, शौचालय एवं निर्धारित इंडिकेटरों के आधार पर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा से बदली ग्रामीण परिवहन की तस्वीर

बलरामपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना ने ग्रामीण अंचलों में परिवहन व्यवस्था को एक नई दिशा दी है। दूरस्थ और दुर्गम गांवों को जिला एवं विकासखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली 6 नई बस सेवाओं की शुरुआत ने ग्रामीणों में नई उम्मीद जगाई है। पहले की स्थिति में कई गांव ऐसे थे जहाँ नियमित परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं थी। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए लंबी दूरी पैदल या महंगे निजी साधनों से तय करनी पड़ती थी। किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में कठिनाई होती थी। लेकिन नई बस सेवाओं के संचालन से ग्रामीणों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती परिवहन सुविधा मिल रही है। विद्यार्थी अब समय पर स्कूल और कॉलेज पहुंच पा रहे हैं। किसान अपनी उपज सीधे बाजार तक ले जा पा रहे हैं। श्रमिकों और व्यापारियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं। राजपुर, रामानुजगंज, शंकरगढ़, वाड्रफनगर सहित अनेक गांव अब सीधे बस सेवा से जुड़ गए हैं। इससे ग्रामीणों के समय की बचत हो रही है, साथ ही आर्थिक व्यय में भी कमी आई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना के माध्यम से उन्हें निजी वाहनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और यात्रा पहले से अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक हो गई है।

आजीविका मिशन से मिली नई राह मानिन बनीं लखपति दीदी

बलरामपुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत चिलमा की निवासी विशेष पिछड़े जनजाति परिवार की मानिन मेनन आज क्षेत्र की प्रेरणास्रोत लखपति दीदी बन चुकी हैं। कभी आर्थिक तंगी से जूझ रहा उनका परिवार आज आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहा है। यह बदलाव राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर संभव हुआ है। मानिन मेनन बताती हैं कि पहले उनका परिवार मजदूरी कर जीवनयापन करता था। सीमित आय के कारण घर की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना कठिन हो जाता था। ऐसे समय में उन्होंने रूपावनी स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन में बदलाव लाने की ठानी। समूह से ऋण लेकर मानिन ने बकरी पालन, सब्जी उत्पादन एवं कृषि कार्य को व्यवसाय के रूप में शुरू किया।

कलेक्टर ने जनगणना-2027 की तैयारियों और विभागीय समीक्षा की

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनगणना-2027 की तैयारियों, हीटवेव प्रबंधन, पेयजल उपलब्धता, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की एवं समयबद्ध तथा लक्षित प्रगति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि आगामी जनगणना-2027 पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न होगी। जनगणना दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण एवं द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। यह कार्य मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा तथा 'सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम' के जरिए मॉनिटरिंग होगी। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को आयोजित वृहद प्रशिक्षण के पश्चात अब मैदानी स्तर पर तैयारी तेज की जाएं। प्रगणक,

हीटवेव प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति और कृषक कल्याण

कलेक्टर ने गर्मी के मौसम में पेयजल संकट न पैदा होने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने, राशन दुकानों में चावल की समय पर उपलब्धता और चावल उत्सव की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों के लिए खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, हीटवेव प्रबंधन और धन उठाव कार्य 28 फरवरी तक पूरा करने पर जोर दिया।

पर्यवेक्षक एवं ट्रेनर का चयन तकनीकी दक्षता को ध्यान में रखकर किया जाएं। यह केवल हेड काउंट प्रक्रिया है, इसमें किसी प्रकार का इन्टाइटलमेंट परिवर्तन या समानांतर सर्वे नहीं होगा तथा व्यक्तिगत संवेदनशील जानकारी नहीं ली जाएगी। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। निर्माण विभाग को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जनशिकायतों के त्वरित निराकरण, ठेकेदारों के लंबित भुगतान समय-सीमा में पूर्ण करने तथा ग्रामीण यंत्र सेवा के लंबित कार्य शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सभी अधिकारियों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस का कड़ाई से पालन करने तथा फाइलों का प्रेषण ई-ऑफिस के माध्यम से ही करने के निर्देश दिए गए। मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता से मुलाकात करने तथा उसका समय कार्यालय में चस्पा करने को कहा गया। शासकीय कार्यक्रमों में राष्ट्रगान के बाद राष्ट्रगीत एवं लोकार्पण-शिलान्यास में निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने आधार एनरोलमेंट एवं एमबीयू कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हितग्राही योजनाओं में ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। हीटवेव को देखते हुए अग्रिम तैयारी, राशन दुकानों में चावल की समय पर उपलब्धता, चावल उत्सव की तैयारी तथा 28 फरवरी तक धन उठाव पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत जिले के परीक्षा केन्द्र क्रमांक 75 में अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।

परीक्षा के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश झा द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बिकापुर तथा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, अम्बिकापुर परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था, गोपनीय सामग्री की सुरक्षा एवं परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया गया। कलेक्टर ने सभी परीक्षा केन्द्रों में सुचारू रूप से संचालित करने एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश।इसके अतिरिक्त गठित उड़नदस्ता दल द्वारा शासकीय कन्या मणिपुर, सेजेस गांधीनगर उदारी, कुन्दीकला, बालक लुण्ड्रा, पडौली बालक सीतापुर, कन्या सीतापुर, सेजेस बतौली, बेलजोरा, बटईकेला, कुन्नी तथा अरगोती पुहपुटरा परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित होती पाई गई। आज की परीक्षा में कुल 9664 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 9395 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 269 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रबंध किए गए हैं। आगामी परीक्षाएं भी निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संपन्न होंगी।

भू-अर्जन संबंधित प्रकरण का तत्काल करें निराकरण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने एनएच-343 के अंतर्गत संजयनगर से रजपुरी खुर्द तक निर्माणाधीन अम्बिकापुर बाइपास सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वसंत ने सड़क निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और कार्य व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में ध्यान में रखने को कहा, उन्होंने बाईपास निर्माण कार्य में भू-अर्जन संबंधित प्रकरण का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि एनएच-343 बाइपास की कुल लंबाई 13.700 किलोमीटर है। इस मार्ग पर 19 पाइप पुलिया और 7 बॉक्स पुलिया का निर्माण प्रस्तावित है। बाइपास के निर्माण से शहर के भीतर से गुजरने वाले भारी वाहनों का दबाव कम होगा, जिससे शहर में यातायात सुगम होने के साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना भी घटेगी।

समन्वय और सजगता से कार्य करने के दिए निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक ली। बैठक में आगामी त्यौहारों, सीमावर्ती चेकपोस्टों की निगरानी, अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा विभागीय समन्वय को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर कटारा ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने

राजस्व एवं पुलिस विभाग को आपसी समन्वय और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां समयपूर्व पूर्ण करने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा लोक शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले की सीमाओं पर स्थापित चेकपोस्टों में सख्त निगरानी रखने, वाहनों की नियमित जांच करने तथा खनिजों के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही।

विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के युवाओं को मिला रोजगार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (PVTG) के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने एवं रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत वार्ड ब्वाय एवं वार्ड आया के पदों पर अस्थायी रूप से सेवा लिए जाने हेतु अनुमति प्रदान की गई। जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में रिक्त स्वीकृत पदों के विरुद्ध भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कुल 30 पदों के लिए 97 आवेदन प्राप्त हुए, जिससे युवाओं में रोजगार के प्रति उत्साह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं वरीयता क्रम के अनुसार काउंसलिंग आयोजित की गई, जिसके उपरांत वार्ड ब्वाय के 9 एवं वार्ड आया के 13 अभ्यर्थियों द्वारा चयनित स्वास्थ्य संस्थानों हेतु आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस पहल से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह(क्क्कुञ्जत) के पात्र एवं योग्य युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।

कृषि, महिला सशक्तिकरण और रोजगार पर विशेष फोकस

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का 2026-27 का बजट विधानसभा में वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। संकल्प थीम पर यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ के विजन डॉक्यूमेंट-छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 पर आधारित है। बजट प्रदेश के समग्र विकास, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा-स्वास्थ्य के विस्तार, युवाओं के रोजगार और किसानों के सशक्तिकरण पर केंद्रित रहा। बजट में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास के साथ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को भी मजबूती प्रदान की गई है।

बजट में कृषि, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, कौशल विकास और अधोसंरचना निर्माण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने और उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। बजट में शिक्षा के क्षेत्र में नए संस्थानों की स्थापना, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सड़कों व पुल-पुलियों के निर्माण तथा ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए उल्लेखनीय प्रावधान किए गए हैं। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने और आम नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचेगा। बजट में महतारी वंदन योजना के लिए 8200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राज्य में इस बजट सत्र में 250 महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पीएम मातृत्व वंदन योजना के लिए 120 करोड़, मितानिन कल्याण निधि के तहत 350 करोड़ तथा किसानों के लिए ब्याज मुफ्त ऋण के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

रामनवमी पर 17 मार्च प्रातः 7 बजे ध्वज पूजन एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा

रामनवमी, हनुमान जन्मोत्सव व शनिदेव जन्मोत्सव मनाने बैठक में बनाई रूपरेखा

महासमुंद/नवप्रदेश। कचहरी चौक स्थित सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में मंदिर समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी श्रीरामनवमी, श्रीहनुमान जन्मोत्सव एवं श्रीशनिदेव जन्मोत्सव भव्य और श्रद्धामय वातावरण में मनाने विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उत्सवों को यादगार बनाने के लिए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां तय कीं।

बैठक में श्री रामनवमी पर 17 मार्च प्रातः 07 बजे ध्वज पूजन एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें विशेष आरती, पंजरी प्रसाद वितरण तथा आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष 18वें अनुष्ठान के रूप में 18 मार्च की शाम 07 से 08 बजे तक सामूहिक श्री हनुमान चालीसा महापाठ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बाबा

रामदेव म्यूजिकल ग्रुप के सुमधुर भजनों के साथ सवा करोड़ जाप का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात प्रसाद वितरण होगा। बैठक में श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 02 अप्रैल की सुबह 07 बजे ध्वज पूजन, ध्वजारोहण, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से मंदिर परिसर में विशाल आम भंडारा आयोजित होगा।रात 08 बजे सवा लाख बाती की भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी, महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

16 मई 2026: श्री शनिदेव जन्मोत्सव

मंदिर के सदस्य अधिवक्ता भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि 16 मई को श्री शनिदेव जन्मोत्सव के अवसर पर प्रातः 07 बजे ध्वज पूजन, ध्वजारोहण, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा। प्रातः 10 बजे से खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा और रात्रि 08 बजे विशेष आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। बैठक में प्रमुख रूप से मंदिर समिति के सुशील चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू, जगमोहन चंद्राकर, संतोष शुक्ला, सत्यनारायण तिवारी, भूपेंद्र चंद्राकर, अनूप उपासे, संजय साहू, कुलवंत सिंह, धीरेन्द्र, शत्रुघ्न महाराज, कुंदन महाराज आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबर

बजट पर प्रतिक्रिया कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वागत

कांकेर / नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ के बजट प्रस्तुतिकरण के दौरान छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा का स्वागत किया है छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक वाजिद खान ने कहां है कि कर्मचारियों को इलाज के पश्चात नगदी भुगतान की चिंता नहीं रहेगी परंतु इस बजट में संविलियन के पूर्व की गई सेवा की गणना, क्रमोन्नति को 10 साल से घटाकर 5 वर्ष करने, सहायक शिक्षकों की लंबित वेतन विसंगति, केंद्र के समान देय महंगाई भत्ता,पर अंतर राशि एवं कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति 65 वर्ष करने पर कोई निर्णय नहीं लेने से निराशा हाथ लगी है लेकिन हम ना उम्मीद नहीं है हमें भरोसा है कि प्रदेश सरकार इस पर शीघ्र निर्णय लेगी।

नशे की टेबलेट सीरप बेचने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश । प्रतिबंधित टेबलेट एवं सीरप बेचने वाले फरार आरोपी को कांकेर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अधिक पैसे की लालच ने नशीली टेबलेट एवं सीरप को कांकेर शहर मे बिक्री करने में शामिल था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान निमेश मेहरा पिता विनोद मेहरा उम्र 31 वर्ष निवासी टिकरापारा के रूप में किया गया है।सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में जिला में चल रहे उजियारा अभियान के तहत् सिटी कोतवाली थाना कांकेर के अपराध क्रमाकं 357/25 धारा 21,22,29 एनडीपीएस एक्ट के फरार अन्य 01 आरोपी को 23 फरवरी 2026 को मूखबीर की सूचना मिला कि नया बस स्टैण्ड कांकेर में होना बताने पर प्राप्त सूचना पर उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी के नेतृत्व में टीम गठित कर बस स्टैण्ड कांकेर में धेराबंदी कर आरोपी निमेश मेहरा को अभिरक्षा में लेकर उक्त अपराध के सम्बन्ध में पुछताछ करने व नशीली दवाई खरीदने /बेचने के सम्बन्ध में बातचीत करने में प्रयुक्त किया गया मोबाईल को जप्त कर आरोपी द्वारा अपराध कबूल करने पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड में माननीय न्यायालय पेश किया गया।

एसपी ने ली सराफा व्यापारियों की बैठक

कांकेर / नवप्रदेश । शहर की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना सिटी कोतवाली कांकेर द्वारा शहर में संचालित सराफा व्यापारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल राखेचा के निर्देशन में योगेश साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर मोहसिन खान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर उपस्थिती में शहर के विभिन्न सराफा प्रतिष्ठानों के संचालकों के साथ बैठक लेकर सराफा व्यापारीयो के लिए प्रमुख बिंदु निर्धारित किया गया है।

एसपी ने कहा कि दुकान में कार्यरत सभी कर्मचारियों का आधार कार्ड पैन कार्ड एवं पूर्ण पता का सत्यापन कर रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश दिया है।दुकान के अंदर बाहर एवं पीछे सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने एवं रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने की हिदायत दी गई है।दुकान खोलने एवं बंद करने के समय नकदी एवं लॉकर की विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश प्रत्येक प्रतिष्ठान में सायरन/अलार्म सिस्टम लगाने की सलाह त्वरित सूचना आदान-प्रदान हेतु सभी सराफा व्यापारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश किसी भी संदिग्ध व्यक्ति द्वारा चोरी/संदिग्ध आभूषण बेचने के प्रयास पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील किया गया है।व्यापारियों को सायबर फ्रॉड से बचाव एवं सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।पुलिस की अपील अपराध की रोकथाम पुलिस एवं नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। आपकी सतर्कता एवं समय पर दी गई सूचना बड़े अपराधों को रोकने में सहायक हो सकती है।संदिग्ध गतिविधियों की सूचना हेतु जिला पुलिस उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा अपराधिक हेल्पलाइन नं0 94791-55125 संचालित है।

सुकमा को बजट 2026-27 में मिली नई रफ्तार

- कुन्ना से मिचवार पुल के लिए 7 करोड़ रुपये स्वीकृत, सिलगेर में बनेगा नवीन पुलिस थाना
- जगरगुंडा बनेगा एजुकेशन हब

सुकमा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विधानसभा में वर्ष 2026-27 का संकल्प-आधारित बजट प्रस्तुत किया। सुशासन की प्रतिबद्धता के साथ प्रस्तुत यह बजट नीति, न्याय, निवेश, निर्माण और नवाचार के पंचतत्त्वों पर आधारित है। विकसित छत्तीसगढ़ के विजन डॉक्यूमेंट 'छत्तीसगढ़ अंजोर-2047' के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में इसे एक दूरदर्शी और परिणाममुखी कदम माना जा रहा है। इस बजट में सुकमा जिले को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे जिले के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

शिक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश

जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य तथाकथित नक्सलवाद के गढ़ कहे जाने वाले जगरगुंडा को शिक्षा के केन्द्र बिन्दु के रूप में विकसित करना है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों का लाभ मिलेगा।

अधोसंरचना परियोजनाओं से विकास को गति

प्रदेश में बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को भी बजट में शामिल किया गया है। ग्रामीणों की माँग पर कुन्ना से मिचवार में पुल निर्माण कार्य परियोजना के लिए 7 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे रोड कनेक्टिविटी को नई दिशा मिलेगी और बरसात के दिनों में भी ग्रामीण आवागमन कर सकेंगे। खेल अधोसंरचना विकास के अंतर्गत स्टेडियम निर्माण के लिए सुकमा जिले का भी चयन किया गया है। यह बजट जिले को विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सामाजिक सरोकारों का सशक्त आधार, नक्सलवाद पर अंतिम प्रहार

सुकमा जिले में नक्सलवाद के ऊपर प्रहार करते हुए घोर नक्सल प्रभावित गांव रहे सिलगेर में नवीन पुलिस थाने स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए बस्तर फाइटर में भी 1500 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल सामाजिक सुधार, जनजागरूकता और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। समग्र रूप से देखा जाए तो वर्ष 2026-27 का यह बजट शिक्षा, अधोसंरचना और सामाजिक विकास के नए आयाम प्रदान करने वाला साबित होगा।

नगर पालिका सीमा में बिना अनुमति कटे प्लॉट, निर्माण भी जारी; रेरा पंजीयन नहीं

सुकमा में अवैध प्लाटिंग पर कसेगा शिकंजा

सुकमा / नवप्रदेश ।जिले में भू-माफिया सिंडिकेट के खुलासे के बाद अब नगर पालिका क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने आधिकारिक तौर पर स्पष्ट किया है कि सीमा क्षेत्र के भीतर कृषि एवं डायवर्सन रहित भूमि पर बिना एनओसी और ले-आउट स्वीकृति के प्लॉट काटे गए हैं। इतना ही नहीं, कई स्थानों पर निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि संबंधित परियोजनाओं का Real Estate (Regulation and Development) Act, 2016 (रेरा) में पंजीयन तक नहीं कराया गया है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र के आसपास की जमीनों को टुकड़ों में विभाजित कर बेचा गया। खरीदारों को सड़क,नाली, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का आश्वासन दिया गया,जबकि न तो नगर पालिका से ले-आउट की स्वीकृति ली गई और न ही सक्षम प्राधिकारी से भू-उपयोग परिवर्तन (डायवर्सन) कराया गया।

रेरा नियमों की खुली अनदेखी

राजस्व मामले के विशेषज्ञों का कहना है कि 500 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल की किसी भी आवासीय परियोजना अथवा आठ से अधिक प्लॉट/यूनिट वाले प्रोजेक्ट का रेरा में पंजीकरण अनिवार्य है। बिना पंजीयन किसी भी परियोजना का विज्ञापन,बुकिंग या विक्रय सीधे-सीधे रेरा अधिनियम का उल्लंघन है। जानकारों के मुताबिक, रेरा पंजीयन के अभाव में खरीदारों के हित असुरक्षित हो जाते हैं।

वैधानिक कार्रवाई की तैयारी, चलेगा बुलडोजर?

राजस्व विभाग के निर्देश के बाद नगर पालिका ने मामले में सख्त रुख अपनाया है। दस्तावेजों और उपलब्ध जानकारियों के आधार पर बिना स्वीकृति की गई प्लाटिंग,अवैध ले-आउट, निकाली गई सड़कों के सीमांकन और अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार अवैध निर्माण पर बुलडोजर कार्रवाई संभव है। जिन लोगों ने इन प्लॉटों में निवेश किया है, वे अब असमंजस में हैं। यदि भूमि का डायवर्सन नहीं हुआ और रेरा पंजीकरण भी नहीं है, तो भविष्य में रजिस्ट्री,नामांतरण,भवन अनुज्ञा और बैंक ऋण जैसी प्रक्रियाओं में गंभीर बाधाएं आ सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अवैध परियोजनाओं में निवेश करने वाले खरीदारों को कानूनी और आर्थिक जोखिम उठाना पड़ सकता है।

हुपेन्द्र साहू बने भाजयुमो मंडल अध्यक्ष

- प्रतिक ठाकुर, राजेश साव, कैलाश पोटाई व राजेश कौशल को मिली नई जिम्मेदारी

अंतागढ़ / नवप्रदेश। । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन द्वारा जिला, मंडल एवं विभिन्न मोर्चाओं का गठन प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में अंतागढ़ क्षेत्र से युवा नेतृत्व को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा युवा मोर्चा के अंतर्गत हुपेन्द्र (हुप्पू) साहू को भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं प्रतिक ठाकुर (सानू) को जिला स्थाई आमंत्रित सदस्य जैसे महत्वपूर्ण स्थान मिला है वहीं कैलाश पोटाई को भाजयुमो जिला शासकीय योजना स्वाध्याय की जिम्मेदारी तो राजेश साव (सोनू) को जिला सह प्रशिक्षण प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के जिला संयोजक एवं सहसंयोजकों की घोषणा की गई, जिसमें अंतागढ़ के राजेश कौशल को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगरपंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, ÷पार्टी द्वारा युवाओं को दी जा रही जिम्मेदारी संगठन की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। युवा जोश संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। ÷वहीं भाजपा मंडल के वरिष्ठ व पूर्व महामंत्री लक्ष्मण ठाकुर ने कहा,÷युवा शक्ति ही संगठन की असली ताकत है। हमें विश्वास है कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद ये सभी पदाधिकारी पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।÷ नव-नियुक्त युवा मोर्चा अध्यक्ष हुपेन्द्र साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। संगठन की मजबूती और जनसेवा ही मेरी प्राथमिकता रहेगी।÷ क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

बुलावंड बिना सहमति आबादी के बीच रेलवे पोल लगाने का विरोध

ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

अंतागढ़ / नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बुलावंड के ग्रामीणों ने विश्राम गावड़े,बद्रीनाथ गावड़े,अखिलेश चंदेल,राकेश गुत्ता और श्यामजी राम के नेतृत्व में कांकेर जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी (रा) के बड़े बाबू को ज्ञापन सौंपकर रेलवे हाई पावर विद्युत लाइन के विस्तार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत को अंधेरे में रखकर और पूर्व निर्धारित मार्ग को बदलकर, अब बस्ती के बीचों-बीच और कृषि भूमि से पोल लगाए जा रहे हैं। विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा नई दिल्ली सरकार का धौंस दिखाया जा रहा है। इस संबंध में भगवान सिंह, शोभराय, नरसिंह, मेघनाथ, इन्द्रदेव, हीरेसिंह, बुद्धू राम, हीरालाल, विजय कुमार, लखू राम,गणेश राम, दयाराम, अकालु राम,राधेश्याम और नकुल राम सहित अन्य कृषकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा चेतावनी दी है कि घनी बसाहट के बीच हाई पावर लाइन से जान-माल का स्थाई खतरा पैदा हो जाएगा और करीब 25-30 एकड़ उपजाऊ भूमि बर्बाद हो जाएगी।

19 फरवरी को खबर प्रकशित हुआ था रिक्त पद को लेकर तब शासन प्रशासन नींद से जागा

अंजोर सिंह पैकरा होंगे अंतागढ़ अपर कलेक्टर

अंतागढ़। / नवप्रदेश । नवप्रदेश का खबर का हुआ है जहाँ अंतागढ़ मे दो माह से अपर कलेक्टर का पद रिक्त को लेकर 19 फरवरी को खबर प्रकशित हुआ था जिसका असर देखने को मिला शासन प्रशासन नींद से जाग आदेश जारी किया देर से ही सही पर अपर कलेक्टर कि नियुक्ति हुआ अब 23 फरवरी को जिला कलेक्टर द्वारा आदेश जारी किया गया है जहाँ अंजोर सिंह पैकरा को अंतागढ़ का अपर कलेक्टर नियुक्त किया गया है खबर प्रकशित होने के बाद दूसरे दिन ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतागढ़ ने भी अपर कलेक्टर कि जल्द नियुक्ति को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा था ओर 15 दिवस का अल्टीमेटम दिया गया था ओर पंद्रह दिवस के भीतर नियुक्ति नहीं किया जाता तो पार्टी द्वारा आंदोलन करने का मूड भी बनाया गया था जिसका एक यह भी असर हुआ है अब अपर कलेक्टर कि नियुक्ति के बाद प्रशासनिक कसावट के साथ साथ कामकाज भी होगा ओर आम जनता को अपने काम के लिए भटकना नहीं पड़ेगा!

अंतागढ़ मे अभी अधिकारियो के तबादला को लेकर नगर मे काफी चर्चा हो रही थी क्युकी देखा जाये तो इन सात आठ महीनों मे कभी एसडीएम का तबादला तो कभी अपर कलेक्टर का तबादलो का यु ही सिलसिला चलता रहा ओर अपर कलेक्टर के स्थान्तरण के बाद पद रिक्त पड़ा हुआ था जिसे भरने शासन प्रशासन कि और से कोई पहल नहीं हो रही थी जबकि अंतागढ़ मे अपर कलेक्टर के नहीं होने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानीयों का सामान करना पड रहा था अगर नियम के तहत देखा का जाए तो किसी पदस्थ अधिकारी का जब स्थानांतरण होता है तो तत्काल दूसरे की नियुक्ति होती है। परन्तु अंतागढ़ मे ऐसे देखने को नहीं मिलता किसी अधिकारी का स्थातरण होता है तो पद रिक्त रहता है वही लम्बे समय के अंतराल बाद रिक्त पद को भरा जाता है या फिर ज्ञापन आंदोलन के माध्यम से अधिकारी कि नियुक्ति कराया जाता है इसे अंतागढ़ क्षेत्रवासियो के लिए विडंबना ही कहा जा सकता है या जनप्रतिनिधियों की उदासीनता जबकि जनप्रतिनिधि चाहते तो दो माह से अंतागढ़ में अपर कलेक्टर का पद रिक्त रहता.

बता दे कि अंतागढ़ क्षेत्र वासियों द्वारा पिछले कई सालों से अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग किया जा रहा है और समय समय पर क्षेत्रवासियों द्वारा आंदोलन चलाया जाता है इसी तारतम्य में अंतागढ़ को जिला बनाने के लिए एक लंबा धरना प्रदर्शन चक्का जाम आंदोलन वर्ष 2020-21 में किया गया था वही क्षेत्रवासियों कि मांग को देखते हुए शासन प्रशासन ने अंतागढ़ में अपर कलेक्टर की पदस्थापना करने आश्वासन दिया गया था जिसके बाद क्षेत्रवासियो द्वारा आंदोलन को स्थगित किया गया वही पूर्व विधायक अनूप नाग ने क्षेत्रवासियो कि मांग को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अवगत कराया था जहाँ तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दौरा पोडगांव मे हुआ था जहाँ कार्यक्रम के दौरान अंतागढ़ में अपर कलेक्टर व एडिशनल एसपी की पदस्थापना की घोषणा की गई थी जिसके बाद क्षेत्र वासियों मे खुशी देखने को मिला और अंतागढ़ में प्रथम अपर कलेक्टर के रूप में देव नारायण कश्यप कि पोस्टिंग कि गई पर वे कभी अंतागढ़ नहीं पहुंचे न पद ग्रहण किया जिसके चलते लंबे समय तक पद खाली पड़ा था वही जुलाई 2022 में आई ए एस अधिकारी चंद्रकांत वर्मा को अंतागढ़ का अपर कलेक्टर बनाया गया जो कुछ दिन तक रहे फिर भगवान सिंह उयके की नियुक्ति हुई जो लंबे समय तक अंतागढ़ पर जमे रहे किन्तु उन्हें पदोउन्नति देकर गरियाबंद जिले का कलेक्टर बना दिया गया उयके के जाने के बाद लम्बे समय तक अपर कलेक्टर का पद खाली पड़ा रहा लेकिन शासन चुप्पी साधे रही जबकि क्षेत्रवासियों व समाज के प्रमुखो द्वारा ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन से नियुक्ति कि मांग की तब जाकर अंजोर सिंह पैकरा की नियुक्ति की गई किन्तु अंतागढ़ के लिए विडंबना ही कहा जाये जिनका भी दो महीने पहले स्थानांतरण कर दिया गया था जो अखबारों मे खबर प्रकशित तथा कांग्रेस के ज्ञापन देने के बाद फिर से वही अपर कलेक्टर को अंतागढ़ भेजा गया है अब देखना होगा कि कब तक अधिकारी अंतागढ़ मे रहते है या राजनीति दबाव मे कही पुन: स्थान्तरण किया जाता है.।

बुजुर्ग आरोपी सहित तीन हत्यारे गिरफ्तार, भेजे गए जेल

जमीन विवाद में एक परिवार ने दूसरे परिवार को उतारा मौत के घाट

कांकेर / नवप्रदेश । नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम कोहकाटोला में जमीन विवाद को लेकर अपने ही रिश्तेदारों की हत्या करने वाले आरोपीयो को नरहरपुर पुलिस ने 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।प्राप्त जानकारी अनुसार 22 फ़रवरी 2026 को प्रार्थिया श्रीमति मीना उईके पति स्व.दयाराम उईके निवासी कोहकाटोला थाना नरहरपुर द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी कि दया राम उईके द्वारा अपने पुराना मकान को तोड़वाकर नया मकान बनाने के लिये कॉलम गढ्ढा खुदवाया गया था कि 22 फ़रवरी के सुबह लगभग 06.00 बजे प्रार्थिया का छोटा देवर दयालू राम उईके अपने पुत्र पूनम उईके, राघेन्द्र उईके, दो नाबालिक बालकों के साथ अपने घर तरफ से अश्लील गाली गलौच करते हुये एवं जान से मारने की धमकी देते हुये प्रार्थिया के घर आये आवाज को सुनकर प्रार्थिया के पति दयाराम कौन हो कहकर घर से बाहर निकले तब दयालू राम उईके, पूनम उईके, राघेन्द्र उईके व दो नाबालिक बालकों द्वारा हमारे जमीन में तुम लोग अपना घर बना रहे हो कहते हुये प्रार्थिया के पति दयाराम उईके व प्रार्थिया को सभी लोग हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये कालम गडड्रा में गिरा दिये दया राम को राघेन्द्र उईके निर्माण कार्य हेतु रखे रापा से सिर में मारा जिससे दयाराम का सिर फट गया और बहुत ज्यादा खुन निकलने लगा फिर पुनम उईके भी पास रखे जाता पत्थर के धम्मस से मारा जिससे दयाराम बेहोश होकर वही गडडे में गिर गये फिर पांचो मिलकर आज यही दफना देगे बोलते हुये गडडे में मिट्टी, पत्थर फेंकने लगे जिससे प्रार्थीया डरकर गडडे से बाहर निकलकर भागी लेकिन दयाराम गढ्ढे से नही निकल सका और दयाराम की मृत्यु हो गई जिस पर थाना नरहरपुर में अपराध क्रमांक 43/2026 धारा 103(1), 296, 351(3), 3(5) बीएनएस धारा कायम कर विवेचना में लिया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए निखिल अशोक कुमार राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में योगेश साहू अति.पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शनअविनाश ठाकुर उप. पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण मे थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में थाना नरहरपुर हमराह स्टाप मे थाना नरहरपुर से आरोपीगण की पतासाजी व विवेचना हेतु पुलिस टीम गठित की गई।थाना नरहरपुर की गठित पुलिस टीम के द्वारा मृतक के शव का पीएम करावाकर घटना स्थल का निरीक्षण सीन ऑफ काइम मोबाईल युनिट के साथ कर घटना स्थल से पर्याप्त साक्ष्य एकत्र किये और टीम के द्वारा अथक प्रयास कर सूझबुझपूर्वक त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपीगणों को सकुनत ग्राम कोहकाटोला से 22 फ़रवरी 2026 को घेराबंदी कर पकडा गया, आरोपीगणों द्वारा अपराध स्वीकार करने पर आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा एवं जाता पत्थर के धम्मस को जप्त किया गया है और आरोपीगणों राघेन्द्र उईके पुनम उईके, दयालुराम उईके व 02 विधि से संघर्षरत् बालकों के विरूद्ध अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपीगण व बालकों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज गया है।

जिले में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत संकेतकों के संतृप्ति हेतु गतिविधियां जारी

कांकेर / नवप्रदेश ।भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा प्रारंभ किए गए संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत जिले में निर्धारित संकेतकों की संतृप्ति हेतु विभागों द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान की शुरुआत के बाद तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार सभी विभाग नियमित रूप से गतिविधियाँ संचालित कर रहे हैं। इसके तहत समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर के नेतृत्व और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत हरेश मण्डावी के मार्गदर्शन में प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण पशुपालन सहित सभी संबंधित विभागों द्वारा संकेतकों की पूर्ति हेतु कार्यों की निगरानी की जा रही है। बैठक के दौरान अभियान को जनभागीदारी के साथ से आगे बढ़ाने, प्रत्येक ग्राम तक शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा मैदानी स्तर पर सतत मॉनिटरिंग करने पर विशेष जोर दिया गया। विभाग द्वारा यह विश्वास व्यक्त किया गया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से लक्ष्य समय सीमा के भीतर अवश्य प्राप्त किया जाएगा। अभियान संकेतक में आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों का नियमित पोषण एवं वजन मापन, आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय एवं पेयजल सुविधा की उपलब्धता, विद्यालयों में बालिकाओं हेतु पर्याप्त शौचालय सुविधा, पशुओं का टीकाकरण, जन्म के समय शिशुओं का वजन दर्ज करना एवं टीबी केस नोटिफिकेशन दर में सुधार करना है। इसके अलावा जनसहभागिता अंतर्गत विभागों द्वारा ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं ताकि समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

टीएल बैठक : गर्मी पूर्व पेयजल प्रबंधन, जनगणना की तैयारी और शिकायतों के निराकरण पर विशेष जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज आयोजित टीएल बैठक में जिले में आगामी गर्मी के मद्देनज़र पेयजल व्यवस्था, प्रस्तावित जनगणना की तैयारियों, जल संरक्षण कार्यों, न्यायालयीन प्रकरणों तथा शिकायत निवारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित करने व शासकीय सामग्री की खरीदी में भंडार क्रय नियमों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

भंडार क्रय नियमों का कड़ाई से हो पालन

विधानसभा सत्र प्रारंभ होने के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर ने कहा कि पूछे गए प्रश्नों के उत्तर तथ्यपरक, सटीक एवं समयबद्ध रूप से प्रस्तुत किए जाएं। हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों एवं जनहित याचिकाओं का जवाब दावा समयसीमा में प्रस्तुत करने तथा माननीय न्यायालय के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आईगॉट प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए

जनगणना कार्य की तैयारी

बैठक में आगामी मई माह में प्रस्तावित जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना का कार्य पूर्णतः शुद्ध, त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, क्योंकि यह नीति निर्माण एवं विकास योजनाओं का आधार है। उन्होंने नागरिकों से सही एवं सटीक जानकारी दर्ज कराने की अपील करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाती। प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के शिक्षकों को मुख्य रूप से प्रगणक एवं सुपरवाइजर की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। यह कार्य निर्वाचन की भांति अनिवार्य है,जिसे न स्थगित किया जा सकता है और न ही टाला जा सकता है।

पेयजल संकट वाले गांवों की अभी से करें पहचान

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित पेयजल संकट वाले ग्रामों की अग्रिम पहचान की जाए। गत वर्ष जिन क्षेत्रों में जल समस्या उत्पन्न हुई थी, उन्हें विशेष निगरानी में रखा जाए। आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, किन्तु टैंकर से सीधे वितरण न करते हुए सार्वजनिक स्थलों पर सिम्प्लेक्स टैंक स्थापित कर उन्हें नियमित रूप से भरा जाए, जिससे लोग सुव्यवस्थित रूप से पानी प्राप्त कर सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में 15वें वित्त आयोग की उपलब्ध राशि का उपयोग पेयजल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु करने के निर्देश भी दिए गए।

8 मार्च से पूर्व शौचालय पूर्ण करने निर्देश

कलेक्टर ने जी रामजी योजना के अंतर्गत जल संरक्षण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रस्ताव तत्काल तैयार कर स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि ग्रीष्मकाल में कार्य प्रारंभ किए जा सकें। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों में तालाबों की मिट्टी का उपयोग करने को कहा ताकि तालाब गहरा हो जाए और जल ग्रहण क्षमता बढ़े। उन्होंने साथ ही विद्यालयों में निर्माणाधीन शौचालयों को 8 मार्च, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

न्यूज गैलरी

अशोक नगर चौक में पाइपलाइन की मरम्मत

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी गर्मी के मौसम में संभावित पेयजल की समस्या से बचाव और व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अशोक नगर चौक के पास अमृत मिशन के पाइपलाइन में आवश्यक कार्य किया जाएगा, इसके लिए बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई दो दिन बंद रहेगा, जिसकी वजह से 25 फरवरी को शाम तक शहर के सभी उच्चस्तरीय जलागार से कम मात्रा में जल प्रदाय किया जाएगा। विदित है कि अशोक नगर चौक में 1000 व्यास के जल प्रदाय पाइप में सुधार कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से रात 11 बजे से जल प्रदाय बंद कर दिया जाएगा। जिसके कारण शहर के सभी उच्चस्तरीय जलागार से 25 फरवरी को सायं तक कम मात्रा में जल प्रदाय होगा। आवश्यकता पड़ने पर पर प्रभावित एरिया में टैंकर के माध्यम से जल प्रदाय किया जाएगा।

डीपी विप्र कॉलेज में फैलेरिया स्वास्थ शिविर आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, डी.पी. विप्रा महाविद्यालय द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, बिलासपुर के सहयोग से फाइलेरिया एवं कृमि नाशक दवा वितरण हेतु स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में एनएसएस के समर्पित स्वयंसेवकों एवं आशीर्वाद पैनल के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए दवाइयों का सेवन किया तथा फाइलेरिया जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

लक्की व जिज्ञांश का वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

सीपत/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बाल भारती पब्लिक स्कूल, सीपत के लिए गर्व और सम्मान का क्षण सामने आया है। विद्यालय के कक्षा नौवीं के प्रतिभाशाली छात्र लक्की कुमार यादव का चयन 46वीं उपकनिष्ठ राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, वहीं छात्र जिज्ञांश साहू ने भी प्रशिक्षण शिविर में अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि रायपुर के सप्रे मैदान में 16 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हासिल हुई। इस शिविर के लिए विद्यालय से लक्की कुमार यादव और जिज्ञांश साहू का चयन हुआ था, जहां दोनों खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और तकनीकी कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अब लक्की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 फरवरी से 1 मार्च तक हुगली (पश्चिम बंगाल) में आयोजित होगी, जहां देशभर के श्रेष्ठ खिलाड़ी भाग लेंगे। लक्की का चयन न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे सीपत और बिलासपुर जिले के लिए गर्व का विषय बन गया है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान जिज्ञांश ने भी वॉलीबॉल के मैदान पर सराहनीय प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

बदला मौसम का मिजाज : रात में ठंड का एहसास, दिन के तापमान में आई कमी

दोपहर में बूंदाबांदी, 2 डिग्री तक लुढ़का तापमान, दिन में हुआ ठंड का एहसास

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। चक्रवात के असर से मंगलवार को दिन भर बदली छाई रही। वहीं, दोपहर में रिमझिम बारिश हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। बदली और बारिश की वजह से ठंड महसूस होने लगी। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी बूंदाबांदी होने की संभावना है। शहर की बात करें तो जनवरी की तरह फरवरी महीने में भी आसमान आमतौर पर साफ बना रहता है और सतही हवाएं हल्की रहती हैं। हालांकि उत्तर भारत से गुजरने वाले वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से कभी-कभार मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

यह सिस्टम छत्तीसगढ़ के बहुत पास नहीं है, इसलिए तेज बारिश या तूफान की संभावना नहीं है। लेकिन वातावरण में नमी बढ़ेगी। कुछ इलाकों में आंशिक बादल छा सकते हैं दिन का तापमान थोड़ा गिर सकता है। रात में हल्की ठंड या उमस महसूस हो सकती है। दक्षिण छत्तीसगढ़ (बस्तर संभाग) में बादल ज्यादा छाए रह सकते हैं।

ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलीं

इस दौरान बादल छाने के साथ गरज-चमक और बारिश की स्थिति बनती हैं। कुछ मौकों पर आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवाएं भी चलती हैं। सर्दियों का असर कम होते ही न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। कुछ स्थितियों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे भी चला जाता है। इसके साथ ही कुछ वर्षों में फरवरी महीने में अच्छी बारिश भी रिकॉर्ड की गई है।

गर्मी से मिली राहत, 2 डिग्री गिरा तापमान

एक दिन पहले शहर का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था, जो कि सामान्य से 1.5 डिग्री ज्यादा दर्ज हुआ था। तापमान में गिरावट की वजह से दिन में हल्की ठंड महसूस हुई। रात में लोग स्वेटर और जैकेट में नजर आए। वहीं, ठंडी हवाओं के असर से ठंड बढ़ गई। इधर, एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री दर्ज हुआ था जो कि सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक था। यह बढ़कर 19.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ जो कि सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक रहा।

सुबह से छाए रहे बादल

मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला गया। सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे। दोपहर 12 बजे के बाद शहर के कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। पूरे समय आसमान पर बादल छाए रहे। हालांकि, शाम को होने के पहले थोड़ी धूप नजर आई। बदली-बारिश का मौसम होने के कारण तापमान 30 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। यह सामान्य से 1.9 डिग्री कम रहा।

आज भी हो सकती है बारिश

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जबकि इसके अगले 24 घंटे में उत्तर पूर्व दिशा में आगे बढ़ने और धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है। पश्चिम बंगाल से लेकर उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश तक ओडिशा से होते हुए समुद्र तल के ऊपर द्रोणिका बनी है। कर्नाटक से लेकर मराठवाड़ा तक समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर भी एक द्रोणिका है।

साइंस कॉलेज रोड पर नगर निगम की कार्रवाई

नियमों की अनदेखी पर अवैध दुकानों पर चला सीलिंग अभियान

■ **अवैध निर्माण और कब्जों के खिलाफ आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई**

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए साइंस कॉलेज रोड पर बड़ी कार्रवाई की है। निगम को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मौके पर पहुंची टीम ने बिना अनुमति बनाए जा रहे निर्माणों की जांच की। निरीक्षण के दौरान कुल दस दुकानों का मामला सामने आया, जिनमें से छह दुकानें बिना किसी वैधानिक अनुमति के बनाई गई थीं। इनमें से चार दुकानों को मौके पर ही समझाइश दी गई, जबकि सड़क किनारे गाड़ी वाले दुकानों के संचालकों को भी नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। वहीं साइंस कॉलेज के पास बिना अनुमति निर्माणाधीन पांच दुकानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। निगम अधिकारियों का कहना है कि कई लोग नगर निगम के नियमों को दरकिनार कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। ऐसे मामलों में पहले नोटिस जारी किया जाता है, लेकिन समय पर जवाब नहीं मिलने या सुधार नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण और सड़कों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ आगे भी निरंतर अभियान चलाया जाएगा। हालांकि शहर के अन्य इलाकों में भी अवैध निर्माण की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिन पर निगम को और अधिक ध्यान केंद्रित कर प्रभावी कार्रवाई करने की जरूरत है।

सकर्रा में सैनिक स्कूल की स्थापना से अब गांव से ही तैयार होंगे भावी सैन्य अधिकारी

■ **विकास और गौरव की नई इबारत लिखेगा क्षेत्र**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के तखतपुर विकासखंड के ग्राम सकर्रा में शासकीय सैनिक स्कूल की स्थापना का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ के दूसरे सैनिक स्कूल के लिए 10 एकड़ जमीन का चयन किया गया है जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल है। स्कूल स्थापना की खबर मिलते ही गांव में जश्न जैसा वातावरण बन गया और ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर संजय अग्रवाल का माला पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि सैनिक स्कूल खुलने से अब क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को सेना में अधिकारी बनने का सपना पूरा करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। सकर्रा गांव अब भविष्य के सैन्य अधिकारियों की नर्सरी के रूप में पहचाना जाएगा। यहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना का प्रशिक्षण मिलेगा। स्कूल की स्थापना से क्षेत्र के विकास की उम्मीद भी बढ़ गई है। ग्रामीणों का मानना है कि बेहतर सड़क बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा जिससे गांव की तस्वीर बदलेगी।

नए भविष्य की मजबूत नींव साबित होगी

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि निर्माण और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जल्द से जल्द भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर पठन-पाठन प्रारंभ किया जाए। सैनिक स्कूल की यह सौगात सकर्रा के लिए नए भविष्य की मजबूत नींव साबित होगी।

खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर किया पुण्य स्मरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्न दृष्टा ,महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर खूबचंद बघेल की आज पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि करते हुए पुण्य स्मरण किया गया। डॉक्टर खूबचंद बघेल सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्धजन व अनुयायी जन पहुंचकर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किये।उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि अंचल के समाज सेवी अनिल टाह ने कहा कि डॉक्टर खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़ निर्माण के महान योद्धा थे। उनकी दूर दृष्टिता ने 60 के दशक में ही पृथक छत्तीसगढ़ का सपने देख लिया था पर उनके स्वप्न के रूप छत्तीसगढ़ के निर्माण आज भी नहीं हो पाया है। छत्तीसगढ़ निर्माण के प्रथम स्वप्न दृष्टा रहे हैं। उनके महान योगदान आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर विनोद तिवारी ने कहा डॉ बघेल अंतिम पंक्ति के लोगों व मूल छत्तीसगढ़ियों की आवाज निरूपित किये। उन्होंने निस्वार्थ भाव से छत्तीसगढ़ की विकास में अपनी सहभागिता दिये। छत्तीसगढ़ के अस्मिता और स्वभिमान के लिये उन्होंने तात्कालिक मंत्रिमंडल से मंत्रीपद से त्यागपत्र दे दिये थे।

रामनवमी पर 1008 रामभक्त पहुंचेंगे अयोध्या धाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या से बिलासपुर का आध्यात्मिक रिश्ता एक बार फिर जीवंत होने जा रहा है। रामनवमी के पावन अवसर पर 25 मार्च को 1008 रामभक्तों का भव्य जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना होगा। रामभक्त एवं समाजसेवी प्रवीण झा के संयोजन में आयोजित इस निशुल्क यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। पंजीयन प्रक्रिया 1 मार्च से शुरू होगी, जिसके लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। रामनवमी के पावन पर्व पर आयोजित होने वाली अयोध्या धाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। ईदगाह चौक स्थित प्रेस क्लब में सोमवार दोपहर एक बजे आयोजित प्रेस वार्ता में समाजसेवी एवं यात्रा संयोजक प्रवीण झा ने बताया कि यह यात्रा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित की जा रही है और अब तक 2016 श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इस वर्ष भी 1008 भक्तों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना होगा। उन्होंने बताया कि यात्रा पूर्णतः निशुल्क रहेगी, लेकिन पंजीयन अनिवार्य होगा। पंजीयन 1 मार्च से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 :30 बजे तक किया जाएगा। यात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच होना आवश्यक है तथा स्वस्थ होना अनिवार्य शर्त रहेगी। एक परिवार से केवल दो लोगों को अनुमति दी जाएगी। दर्शनार्थियों को पंजीयन के समय दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करनी होगी। पिछले वर्ष वेटिंग सूची में रहे श्रद्धालुओं को भी इस बार प्राथमिकता मिलेगी। 25 मार्च को सुबह 11 बजे पुलिस ग्राउंड से यात्रा का शुभारंभ होगा। आयोजकों के अनुसार यह यात्रा केवल दर्शन ही नहीं, बिलासपुर की सांस्कृतिक आस्था को अयोध्या से जोड़ने का आध्यात्मिक सेतु बन चुकी है। इस अवसर पर यात्रा संयोजक प्रवीण झा के साथ यात्रा कार्यक्रम सहयोगी प्रफुल शर्मा, राम प्रताप सिंह, रौशन सिंह, रिंकू मित्रा, राजीव अग्रवाल मौजूद रहे।

यात्रा में पंजीयन के नियम

अयोध्या यात्रा में शामिल होने के लिए पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। श्रद्धालुओं की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच होना जरूरी है तथा पूरी तरह स्वस्थ होना चाहिए। एक परिवार से अधिकतम दो लोगों को ही अनुमति दी जाएगी। पंजीयन के समय दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य रहेगा। बिना पंजीयन किसी भी श्रद्धालु को यात्रा में शामिल नहीं किया जाएगा। यात्रा के लिए पंजीयन प्रक्रिया पुलिस मैदान में 1 मार्च से प्रारंभ होगी। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 :30 बजे तक निर्धारित केंद्र पर पंजीयन किया जाएगा। सीमित सीटों को देखते हुए पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर नाम दर्ज किए जाएंगे।

क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक : कई अहम सुझाव, स्टेशन पुनर्विकास, नई सेवाओं और ठहराव बढ़ाने पर जोर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जेडआरयूसीसी बैठक में यात्री सुविधाओं पर मंथन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में 21वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने की, जिसमें रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में सचिव समीर कांत माथुर ने समिति की भूमिका और रेलवे की उपलब्धियों में सदस्यों के योगदान को रेखांकित किया। अपने संबोधन में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जोन में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशनों का पुनर्विकास तथा 47 स्टेशनों का उन्नयन कार्य जारी है, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।बैठक में यात्री सुविधाओं से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सदस्यों ने ट्रेनों के नए ठहराव, नई रेल सेवाएं शुरू करने, महत्वपूर्ण ट्रेनों के विस्तार और स्टेशन सुविधाओं को बेहतर बनाने जैसे सुझाव रखे। इन सुझावों को रेलवे प्रशासन ने सकारात्मक रूप से लेते हुए भविष्य की कार्ययोजना में शामिल करने का आश्वासन दिया।बैठक में सांसद विजय बघेल और देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और क्षेत्रीय जरूरतों के अनुरूप सुझाव दिए। अंत में रेलवे प्रशासन ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

दाधापारा-दगौरी रेलखंड पर विकास कार्यों की जीएम ने की समीक्षा

तरुण प्रकाश महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर रेल मंडल के दाधापारा-दगौरी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर चौथी रेल लाइन निर्माण की प्रगति, ट्रैक, सिग्नलिंग और परिचालन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दाधापारा स्टेशन पर बुकिंग ऑफिस, सिग्नल एवं टेलिकॉम व्यवस्था सहित यात्री सुविधाओं और संरक्षा मानकों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद दगौरी और बिल्हा स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं, परिचालन व्यवस्था और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने, संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा बेहतर समन्वय के साथ समयपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

केरल का नाम बदलकर हुआ 'केरलम', प्रस्ताव को केंद्र सरकार से मिली मंजूरी

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 'सेवातीर्थ' में हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि भाषाई आधार पर राज्यों के गठन के बाद से ही केरल के नाम को बदलने की मांग की जा रही थी।

केरल विधानसभा ने पारित किया था प्रस्ताव

इससे पहले केरल विधानसभा ने 24 जून 2024 को केरल का नाम केरलम् करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसमें कहा गया था कि मलयालम भाषा में राज्य का नाम केरलम् है। एक नवंबर 1956 को राज्यों का गठन भाषाई आधार पर किया गया था। बता दें कि 1 नवंबर को केरल परिवार दिवस मनाया जाता है। इस प्रस्ताव में कहा गया कि राष्ट्र के स्वाधीनता संग्राम के समय से ही मलयालम भाषी लोगों के लिए एक एकीकृत राज्य के गठन की मांग थी, लेकिन संविधान की पहली अनुसूची में हमारे राज्य का नाम केरल अंकित किया गया।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति 'केरल नाम परिवर्तन विधेयक, 2026' के मसौदे को केरल विधानसभा की स्वीकृति के लिए भेजेंगी। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद तीन के तहत राष्ट्रपति इस विधेयक पर केरल विधानसभा का मत प्राप्त करेंगी। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि राज्य विधानसभा की स्वीकृति के बाद केंद्र सरकार इस पर आगे कार्रवाई करेगी और इस विधेयक को संसद में पारित कराने के लिए पेश किया जायेगा।

केरल विधानसभा के प्रस्ताव में कहा गया है," यह सभा केन्द्र सरकार से सर्वसम्मति से आग्रह करती है कि वह संविधान के अनुच्छेद तीन के तहत केरल के नाम को केरलम् करने के लिए तत्काल कदम उठाए।" गौरतलब है कि केरल में इस साल चुनाव भी होने हैं।

मंत्रिमंडल के सामने लाया गया था प्रस्ताव

इसके बाद केरल सरकार ने केंद्र सरकार से इस संबंध में कार्रवाई का अनुरोध किया था। इस पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय में विचार किया गया और प्रस्ताव को गृहमंत्री अमित शाह के अनुमोदन के बाद इस पर कैबिनेट के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया। इस प्रस्ताव पर कानून और न्याय मंत्रालय के कानूनी और विधायी विभाग की राय के बाद इसे मंत्रिमंडल के समक्ष लाया गया था।

न्यूज गैलरी

लापता महिला को 25 साल बाद मिला था परिवार, हिंदू नहीं बनी तो बेटे ने लौटा दिया

कोलकाता। महिला का बेटा मदन और उसका परिवार फिलहाल उसी घर में रहते हैं, जिसे छोड़कर उसकी मां चली गई थी। पति के निधन के बाद मां घर से निकल गई थी और भटक गई थी। करीब 70 वर्षीय महिला ने बेटे की मांग को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि मैं ईसाई ही बने रहना चाहती हूं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक शेल्टर होम में रहने वाली बुजुर्ग महिला के घर का जैसे-तैसे पता लग गया, लेकिन परिवार ने ही उसे लेने इसे इनकार कर दिया। इसकी वजह रिश्तों में कोई खटास या विवाद नहीं है बल्कि मतांतरण है। महिला करीब दो दशक पहले अपने घर से लापता हो गई थी। इसके बाद वह भटकते हुए किसी तरह कोलकाता के एक शेल्टर होम में पहुंच गई थी। अंत में महिला के घर का पता भी लगा लिया गया, जो झारखंड के गोड्डा जिले के एक गांव में था। महिला को जब घर ले जाया गया तो परिवार ने उसे रखने से ही इनकार कर दिया। इसकी वजह यह बताई गई कि वह मतांतरित हो गई और उसने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई मत अपना लिया है। यही नहीं गोड्डा जिले के दहुपनगर गांव में रहने वाले महिला के बेटे मदन बेसरा ने यह प्रस्ताव भी रखा कि यदि मेरी मां ईसाई मत छोड़कर घर वापसी कर ले यानी हिंदू धर्म फिर से स्वीकार कर ले तो रखा जा सकता है। इससे महिला ने इनकार कर दिया तो बेटे ने भी घर में जगह देने से मना कर दिया। महिला का बेटा मदन और उसका परिवार फिलहाल उसी घर में रहते हैं, जिसे छोड़कर उसकी मां चली गई थी। पति के निधन के बाद मां घर से निकल गई थी और भटक गई थी। करीब 70 वर्षीय महिला ने बेटे की मांग को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि मैं ईसाई ही बने रहना चाहती हूं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि महिला ने शादी से पहले ही ईसाई मत अपना रखा था। उसके पति के जीवित रहने तक वह रहती रही, लेकिन उसकी मौत के बाद गांव के लोगों ने कहा था कि वह हिंदू धर्म अपना ले। यदि ऐसा नहीं करती है तो फिर उसे गांव से निकलना होगा। अंत में वह गांव से ही निकल गई थी। सुशीला मुर्मू का कहना है कि मुझे याद ही नहीं है कि मैं कैसे कोलकाता पहुंच गई थी। कोलकाता में सुशीला की मदद मिशनरी के लोगों ने की थी और उन्हें अपने एक शेल्टर होम में रखा था।

लेह जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट का इंजन फेल, दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली। दिल्ली से लेह (लद्दाख) जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान में अचानक बड़ी तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते विमान को वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान के एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया था। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों के हवाले से बताया कि स्पाइसजेट की उड़ान संख्या 121 ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लेह के लिए अपनी नियमित उड़ान भरी थी। टेकऑफके कुछ ही समय बाद, जब विमान हवा में था, तब पायलटों को विमान के इंजन नंबर 2 में गंभीर तकनीकी खराबी का पता चला। इंजन के फेल होने की स्थिति को भांपते हुए पायलटों ने सूझबूझ दिखाई और लेह की ओर उड़ान जारी रखने के बजाय तुरंत दिल्ली लौटने का फैसला किया। घटना के वक्त विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे। हवा में इंजन फेल होने जैसी गंभीर स्थिति के बावजूद, पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग कराई। सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। सुरक्षित लैंडिंग के बाद विमान को रनवे से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पार्क कर दिया गया है। स्पाइसजेट की तकनीकी और इंजीनियरिंग टीम अब विमान के इंजन की जांच कर रही है ताकि खराबी के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

बहुत खतरनाक है आईएनएस अंजदीप पानी में कहीं नहीं बचेगा भारत का दुश्मन

नई दिल्लीज भारतीय नौसेना 2047 तक पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। एक के बाद एक नए स्वदेशी पोत नौसेना में शामिल किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 27 फरवरी को स्वदेशी एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (पनडुब्बी रोधी उथले जल युद्धपोत) आईएनएस 'अंजदीप' भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होगा। इसकी खासियत है कि यह सतह के साथ-साथ समुद्री की गहराई में भी दुश्मन की पनडुब्बी को ट्रैक कर नष्ट कर सकता है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की मौजूदगी में चेन्नई पोर्ट पर इसे आधिकारिक तौर पर नौसेना का हिस्सा बनाया जाएगा। पहले तीन पनडुब्बी रोधी उथले जल युद्धपोत आईएनएस अर्णाला, आईएनएस अंद्रोत्त और आईएनएस माहे नौसेना में शामिल किए जा चुके हैं।

आईएनएस 'अंजदीप' को हमला और बचाव दोनों ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर, हल्के वजन वाले टॉरपीडो, 30 मिलीमीटर नेवल गन, एएसडब्ल्यू कॉम्बैट सूट, हल-माउंटेड सोनार और लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार से लैस है।

यह 25 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है और एक बार में लगभग 3,300 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। यह तट से 100 से 150 नॉटिकल मील की दूरी तक दुश्मन की पनडुब्बी का पता लगाने में सक्षम है। 77 मीटर लंबा आईएनएस अंजदीप 30-40 मीटर की गहराई वाले क्षेत्रों में संचालित होने वाली किसी भी पनडुब्बी का पता लगाकर उसे नष्ट करने में सक्षम है। यह युद्धपोत बड़े युद्धपोतों के लिए समुद्री मार्ग को सुरक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस द्वीप के नाम पर नामकरण

'अंजदीप' का नामकरण कर्नाटक के कारवार तट के समीप स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर किया गया है। यह नाम पहले की पेट्या श्रेणी के युद्धपोत आईएनएस अंजदीप की स्मृति को भी पुनर्जीवित करता है, जिसे वर्ष 2003 में सेवामुक्त कर दिया गया था।

80 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल

इस पोत का निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने किया है। यह पूर्ण रूप से भारत में विकसित है और 80 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का ही इस्तेमाल हुआ है। इसे भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी उथले जल युद्धपोत परियोजना के तहत तैयार किया गया है, जिसमें 16 पोत तैयार किए जाने हैं। यह इस श्रंखला का तीसरा पोत है।

बंगाल की 6 अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी

मचा हड़कंप, तुरंत कराया गया खाली

पश्चिम बंगाल/ए.। पश्चिम बंगाल की 6 जिला अदालतों में मंगलवार दोपहर बम की धमकी से हड़कंप मच गया। कोलकाता के सिटी सिविल एंड सेशंस कोर्ट, बैंकशॉल कोर्ट सहित हुगली जिले के चिनसुराह, पश्चिम बर्दवान के आसनसोल व दुर्गापुर और मुर्शिदाबाद के बेरहामपुर अदालतों को ई-मेल के जरिए बम प्लांट होने की सूचना मिली। इन धमकियों के कारण अदालतों को तुरंत खाली कराया गया और न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ। पुलिस ने स्निफर डॉग्स, बम डिस्पोजल स्क्वाड और अन्य सुरक्षा टीमों को मौके पर भेजा। दोपहर 2 बजे तक की तलाशी में कहीं भी कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि ये धमकियां फर्जी या हूक ई-मेल थीं। हालांकि, कई अन्य अदालतों में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

यह घटना ठीक उसी समय हुई जब राज्य के न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के बाद स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्ढ्क्र) अभ्यास में शामिल हो रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच मतदाता सूची संशोधन को लेकर उत्पन्न विवाद और अविश्वास की स्थिति में असाधारण कदम उठाया। इसने आदेश दिया था कि ओडिशा और झारखंड के कुछ न्यायिक अधिकारियों को बंगाल के लगभग 250 कार्यरत और सेवानिवृत्त जिला स्तर के न्यायाधीशों के साथ मिलाकर स्ढ्क्र प्रक्रिया में लगाया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में करीब 60 लाख मतदाताओं से जुड़े विवादित दावों (जैसे लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी या अनमैप्ड कैटगरी) का समयबद्ध निपटारा करना है। अदालतों में जजों की व्यस्तता और सुरक्षा की जिम्मेदारी इसी अभ्यास से जुड़ी हुई मानी जा रही है।

पाकिस्तान में रह रहे गैंगस्टर की गुस्ताखी पुलिसकर्मियों की हत्या का वीडियो पोस्ट किया

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पंजाब के गुरदासपुर में एक जांच चौकी पर दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या किए जाने के एक दिन बाद, पाकिस्तान में रह रहे एक गैंगस्टर ने सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो पोस्ट किया है जिसमें एक अज्ञात शूटर पुलिसकर्मियों में से एक पर बेहद करीब से गोली चलाते हुए दिखाई दे रहा है। गैंगस्टर शहजाद भट्टी द्वारा पोस्ट किए गए उसी अपुष्ट वीडियो को तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान नामक संगठन ने भी साझा किया, जिसने रविवार को हुई हत्याओं की जिम्मेदारी ली थी। पंजाब पुलिस ने इन दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। अपुष्ट वीडियो में, हथियार पकड़े हुए शूटर को सहायक उप निरीक्षक गुरनाम सिंह पर गोली चलाते हुए देखा जा सकता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मृत पाए गए दो पुलिसकर्मियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देने की सोमवार को घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग दो किलोमीटर दूर अधियान में तैनात एएसआई सिंह और होम गार्ड अशोक कुमार के शव रविवार को जांच चौकी में मिले। मान ने एक्स पर पोस्ट में कहाकि कर्तव्य के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले एएसआई गुरनाम सिंह और पंजाब होमगार्ड के जवान अशोक कुमार की वीरता और सर्वोच्च बलिदान को सलाम।

बब्बर शेर साथियों पर गर्व, यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर गरजे राहुल

नई/दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान 20 फरवरी को भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के मामल में दिल्ली पुलिस ने भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब समेत कुल 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पुलिसिया कार्रवाई की आलोचना की है। एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान 20 फरवरी को भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के मामल में दिल्ली पुलिस ने भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब समेत कुल 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पुलिसिया कार्रवाई की आलोचना की है और भारतीय युवा कांग्रेस के साथ एकजुटता जताई है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने युवा कांग्रेस के सदस्यों को निडर बताया और उनके शांतिपूर्ण विरोध की सराहना की है। सोशल मीडिया एक्स पर राहुल गांधी ने लिखा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने 'COMPROMISED PM' के खिलाफनिडर होकर देश के हित में आवाज उठाई है।

अब पहले मंगल नहीं, चांद पर बस्ती बसाना चाहते हैं एलन मस्क

नई दिल्ली। SpaceX के फाउंडर एलन मस्क ने अब मंगल ग्रह पर बस्ती बसाने से फोकस हटाकर अपना ध्यान चांद पर शिफ्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि मंगल ग्रह की तुलना में चांद पर जल्दी शहर बसाया जा सकता है और यह शहर भी खुद पर ही निर्भर होगा। उन्होंने दावा किया था कि 2050 तक वह मंगल ग्रह पर 10 हजार लोगों के रहने लायक शहर विकसित कर देंगे। हालांकि अब उन्होंने अपना फोकस बदल दिया है।

मस्क ने कहा था कि मंगल ग्रह की जहरीली हवा और ठंड से बचाने के लिए वह पहले हम्यूमनॉइड रोबोट्स को उतारेंगे। अब उन्होंने चांद पर बस्ती बसाने का ऐलान कर दिया है। मस्क ने कहा कि स्पेसएक्स ने अपना फोकस सेल्फग्रोइंग सिटी बसाने के लिए अब मंगल की बजाय चांद पर शिफ्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को पता नहीं है उन्हें बता दें कि चांद पर बस्ती बसाने का काम 10 साल में ही पूरा हो सकता है जबकि मंगल पर ऐसा करने में कम से कम 20 साल का वक्त लग जाएगा।

छोड़ा नहीं मंगल पर शहर बसाने का इरादा

एलन मस्क ने बताया है कि उन्होंने मंगल पर बस्ती बसाने का इरादा बदला नही है। चांद के बाद वह मंगल पर फिर से फोकस करेंगे। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि चांद पर शहर बसाने से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा जो कि मंगल पर काम आएगा। उन्होंने कहा कि प्रयास यही रहेगा कि 5 से 7 साल में मंगल ग्रह का मिशन भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे ग्रह पर भी शहर बसाना जरूरी है।

मंगल ग्रह पर क्या है परेशानी

मस्क ने कहा कि स्पेसएक्स का मिशन है कि दूसरे ग्रहों तक मानव जीवन को ले जाना है। उन्होंने यह भी कहा कि पृथ्वी से मंगल की दूरी तभी तय की जा सकती है जब यह 26 महीने के अंतर में एक कतार में आकर सबसे करीब आ जाता है। वहीं चांद के लिए हर 10 दिन में लॉन्चिंग की जा सकती है। ऐसे में मंगल के मुकाबले चांद पर आना जाना ज्यादा आसान है।

एयरटेल ने बड़े पैमाने पर डिजिटल एनबीएफसी प्लेटफॉर्म योजना की घोषणा की

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी टेलीकम्युनिकेशंस सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों में से एक भारती एयरटेल ने आज अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी इकाई एयरटेल मनी लिमिटेड के लिए बड़ी योजनाओं की घोषणा की। यह कदम भारत में ऋण उपलब्धता की कमी को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनबीएफसी सहायक कंपनी को आने वाले कुछ वर्षों में कुल 20,000 करोड़ रुपये की पूंजी से सशक्त किया जाएगा। इसमें एयरटेल 70 प्रतिशत निवेश करेगी, जबकि शेष 30 प्रतिशत राशि प्रमोटर समूह के माध्यम से भारती एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा निवेश की जाएगी। एयरटेल के पास मजबूत डिजिटल संपत्तियां, 500 से अधिक डेटा वैज्ञानिकों द्वारा संचालित बड़े डेटा और एनालिटिक्स इंजन तथा व्यापक संचालन अनुभव है। इन्हीं क्षमताओं के आधार पर एयरटेल पूरे देश में आसान, सुरक्षित और नई तरह की डिजिटल वित्तीय सेवाएं तेजी से लोगों तक पहुंचाना चाहती है। पिछले दो वर्षों में एयरटेल ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म और एकीकृत चैनलों के आधार पर एक उच्च क्षमता वाला क्रेडिट इंजन विकसित किया है, जिसके परिणामस्वरूप देश के सबसे मजबूत लेंडिंग सर्विस प्रोवाइडर (एलएसपी) मॉडल में से एक तैयार हुआ है। यह प्लेटफॉर्म पहले ही बड़े स्तर पर अपनाया जा चुका है और अब तक 9,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित कर चुका है। सख्त जांच प्रक्रिया, संतुलित लोन प्रबंधन और रियल टाइम जोखिम निगरानी की वजह से लोन न चुकाने के मामले बेहद कम रहे हैं और उद्योग के सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप नियंत्रित रहे हैं।

एचडीएफसी ने गुवाहाटी में नई टेक और डिजिटल फैक्ट्री का शुभारंभ किया

गुवाहाटी। भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक, एचडीएफसी बैंक ने आज गुवाहाटी में अपनी नई टेक और डिजिटल फैक्ट्री का शुभारंभ किया। यह सुविधा असम में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, इनोवेशन और टैलेंट इनक्यूबेशन के लिए एक सेंटर के तौर पर काम करेगी, जिससे स्टेट में एआई डिजिटल और साइबर सिक्योरिटी टैलेंट पूल को मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह सुविधा बैंक की असम में पहली और देश भर में चौथी है। बैंक की अभी मुंबई, बेंगलुरु और गुरुग्राम में टेक और डिजिटल फैक्ट्रियां हैं। इस सुविधा का उद्घाटन असम के माननीय मुख्यमंत्री, डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कैज़ाद भरूचा, बैंक के चीफ इन्फॉर्मेशन ऑफिसर श्री रमेश लक्ष्मीनारायण असम सरकार के गणमान्य लोगों और एचडीएफसी बैंक के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किया। यह सुविधा राज्य में स्किल्ड प्रोफेशनल्स को करियर के मौके भी देगी, जिससे वे अगली पीढ़ी की टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में सीधे योगदान दे सकेंगे। बैंक असम और आस-पास के राज्यों से लोकल टेक टैलेंट का फ़ायदा उठाकर टेक और डिजिटल फ़ैक्टरी के लिए अपनी क्षमताओं को मज़बूत करेगा।



खेल विकास के लिए बजट में 924.35 करोड़ का आवंटन

नई दिल्ली। विकसित भारत की दिशा में खेल को राष्ट्रीय विकास की एक प्रमुख प्राथमिकता के रूप में स्थापित करते हुए केंद्रीय बजट 2026-27 में खेलो इंडिया मिशन और खेल सामग्री विनिर्माण पहल को बड़े पैमाने पर समर्थन देने की घोषणा की गई है। यह कदम खेलों को रोजगार, कौशल विकास और राष्ट्रीय प्रदर्शन के केंद्रीकृत इंजन के रूप में आगे बढ़ाने की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की दूरदर्शी सोच का प्रतिबिम्ब है। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि खेल क्षेत्र अब केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ है।

'मेड इन कोरिया' फिल्म की रिलीज डेट का हुआ ऐलान

नई दिल्ली। नई तमिल फिल्म 'मेड इन कोरिया' की रिलीज डेट डेट सामने आ गई है। ये नए कॉन्सेप्ट की फिल्म आप जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉरम नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। यह एक खूबसूरत क्रॉस-कल्चरल कमिंग-ऑफ-एज ड्रामा है, जो तमिलनाडु की एक लड़की के कोरिया जाने के सपने और उसके सफर की कहानी दिखाती है। फिल्म की कहानी शेनबगम उर्फ शेनबा के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार प्रियंका मोहन निभा रही हैं। बचपन से ही शेनबा को कोरियन संस्कृति से खास लगाव होता है। वह कोरिया को सिर्फ दूर से देखने का नहीं, बल्कि उसे जीने का सपना देखती है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब वह अचानक सियोल पहुंच जाती है। लेकिन वहां की असल जिंदगी उसके सपनों से काफी अलग निकलती है। चुनौतियों से भरे इस सफर में शेनबा खुद को पहचानती है, मजबूत बनती है और नए रिश्तों से जुड़ती है। फिल्म के राइटर और डायरेक्टर कार्तिक का कहना है कि वह तमिल और कोरियन संस्कृति के बीच की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक समानताओं से हमेशा प्रभावित रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी जिज्ञासा से उन्हें यह कहानी बनाने की प्रेरणा मिली।



सीएसएमसीएल ओवरटाइम के नाम पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान

■ **अनवर ढेबर को मिली मोटी रकम, शराब दुकान के कर्मचारियों को दी जानी थी राशि**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद अनवर ढेबर की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड में ओवरटाइम भुगतान के नाम पर हुए घोटाले में उन्हें गिरफ्तार कर कस्टोडियल रिमांड पर लिया है।

इस मामले में 19 फरवरी को EOW ने आबकारी विभाग के आबकारी उपायुक्त नवीन प्रताप सिंह तोमर को गिरफ्तार कर कस्टोडियल रिमांड पर लिया था। अब जांच टीम अनवर ढेबर और नवीन प्रताप सिंह तोमर को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी।

जांच में खुलासा हुआ है कि 2019-20 से 2023-24 के बीच CSMCL में मैनपावर और प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए ओवरटाइम भत्ते के नाम पर बड़े पैमाने पर भुगतान किया गया। करीब 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि ओवरटाइम के नाम पर जारी हुई। इसमें मोटी रकम अनवर को मिली है।

नियमानुसार यह रकम शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को अतिरिक्त भुगतान के रूप में मिलनी थी। एजेंसियों को बिल के जरिए भुगतान किया जाता था ताकि वे कर्मचारियों को राशि वितरित करें।

अनवर ढेबर की भूमिका सामने आई: अनवर ढेबर पर आरोप है कि शराब दुकानों में मैनपावर सप्लाई और प्लेसमेंट एजेंसियों के साथ मिलकर ओवरटाइम भत्ता देने के नाम पर करोड़ों रुपए का हेरफेर किया गया।

मैनपावर एजेंसियों के जरिए अवैध लेनदेन

जांच में सामने आया कि ष्टस्स्ष्टरुके अधिकारियों की मिलीभगत से संबद्ध मैनपावर एजेंसियों को षड्यंत्रपूर्वक अवैध भुगतान किए गए। आरोप है कि इन भुगतानों का एक तय हिस्सा कमीशन के रूप में रिश्वत की तरह लिया जाता था। प्रवर्तन निदेशालय की जांच में जब्त 28.8 लाख रुपए की राशि मैनपावर एजेंसी ईगल हंटर सॉल्यूशन लिमिटेड और अलर्ट कमांडोज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ी बताई गई। यह रकम कथित तौर पर तत्कालीन उप महाप्रबंधक ष्टस्स्ष्टरुनवीन प्रताप सिंह तोमर तक पहुंचाई जानी थी।

कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस रिमांड

23 फरवरी को जेल में बंद अनवर ढेबर को रायपुर स्थित विशेष न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। जांच जारी है। संभावना है कि शराब कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और आबकारी अधिकारियों पर भी EOW की कार्रवाई तेज हो सकती है।

आज बेबाक

फ्री रेवड़ी कल्चर पर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि वोट बैंक के लिए देशहित के साथ सौदा आखिर कब तक चलता रहेगा? सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता स्वभाविक है लेकिन इससे उन राजनीतिक पार्टियों की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है जो मतदाताओं को प्रलोभन परोस कर थोक में वोट कबाड़ती हैं और सत्ता सुंदरी का सानिध्य प्राप्त कर लेती हैं। उनके लिए तो तेरा तुझको अर्पण वाली बात है। प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क होता है तो हो उनकी बला से।

सारंगढ़ में कांड: पड़ोसी ने एक ही परिवार के पांच लोगों पर किया हमला

तीन की गई जान, दो गंभीर

सारंगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ के डोंगरीपाली थाना क्षेत्र के झाल गांव में देर रात घरेलू विवाद के बीच एक पड़ोसी द्वारा पांच लोगों पर हमला किए जाने की दर्दनाक घटना सामने आई है। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में एक मासूम बच्चा भी शामिल है, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार घटना घरेलू विवाद के चलते हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी पड़ोसी ने अचानक हथियार से हमला कर दिया। हमले में तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो घायलों को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

आरोपी फरार, पुलिस की तलाश जारी: वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी आञ्जनेय वार्ष्णेय, और एएसपर निमिषा पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और गांव को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया।

गांव में दहशत और शोक का माहौल

झाल गांव में वारदात के बाद माहौल बेहद तनावपूर्ण है। तीन सदस्यों की मौत और एक मासूम बच्चे की भी जान गई, वहीं दो लोग अब भी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। स्थानीय लोग घटना से स्तब्ध हैं और प्रशासन से शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

चिल्फी के पास 5 करोड़ का गांजा बरामद

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 5 करोड़ रुपये कीमत का गांजा जब्त किया है। चिल्फी थाने की पुलिस ने नागालैंड पासिंग कंटेनर को जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। इसी कंटेनर में गांजा भरकर ले जाया जा रहा था।

मिली जानकारी के मुताबिक, कंटेनर में 30-30 किलो की 30 बोरियों में भरा करीब 9 क्विंटल (900 किलो) गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके से आरोपी आयाज खान, निवासी भरतपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपी यह गांजा ओडिशा से राजस्थान ले जा रहा था। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है।

क्या और कितना बरामद हुआ

- कुल वजन: लगभग 9 क्विंटल गांजा
- पैकिंग: 30 बोरियां, हर बोरी 30 किलो
- अनुमानित कीमत: करीब 5 करोड़ रुपये
- कंटेनर की कीमत: लगभग 50 लाख रुपये
- आरोपी: आयाज खान, निवासी भरतपुर, राजस्थान
- मार्ग: ओडिशा से राजस्थान

नक्सल संगठन को बड़ा झटका

पोलित ब्यूरो सदस्य देवजी के साथ केंद्रीय और स्टेट समिति के चार नक्सलियों ने किया सरेंडर

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल संगठन को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को पोलित ब्यूरो सदस्य थीपरी तिरुपति उर्फ देवजी उर्फ कुम्मा दादा ने अपने अन्य तीन साथियों के साथ तेलंगाना के डीजीपी शिवधर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

पोलित ब्यूरो सदस्य देवजी के साथ केंद्रीय समिति सदस्य मल्ला राजी रेड्डी उर्फ संग्राम, स्टेट कमेटी मेंबर बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर और स्टेट कमेटी सदस्य नुने नरसिम्हा रेड्डी उर्फ गंगन्ना उर्फ सन्नू दादा ने भी आत्मसमर्पण किया है। यह पहली बार है, जब दो केंद्रीय स्तर के माओवादी ने आत्मसमर्पण किया है। इनका समर्पण करना नक्सलवाद पर एक बड़ी विजय के रूप देखा जा रहा है।

बीबीएम के 15 नक्सलियों ने हथियार डालने का किया ऐलान

वहीं एक दिन पहले छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय सीपीआई (माओवादी) बलांगीर-बरगड़-महासमुंद डिवीजन के 15 नक्सलियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने का ऐलान किया है। पश्चिम सब ब्यूरो सचिव 'विकास' ने गृह मंत्री विजय शर्मा को विस्तृत पत्र भेजकर कहा है कि सभी सदस्य मुख्यधारा में जुड़ने के लिए तैयार हैं और सरकार से रेडियो संदेश के माध्यम से सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं। गृह मंत्री ने भी आश्वासन दिया है कि सरकार पुनर्वास नीति पर पहले से काम कर रही है और जल्द ही वीडियो संदेश जारी करेंगे।

टोल प्लाजा में 1 अप्रैल से नहीं चलेगा कैश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस-वे में लगे टोल प्लाजा को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके तहत एक अप्रैल 2026 से टोल प्लाजा में कैश लेना पूरी तरह से बंद हो जाएगा। वाहन चालक टोल टैक्स सिर्फ ऑनलाइन यानी यूपीआई और फास्ट टैग से ही अदा कर पाएंगे।

एनएचएआई यह सिस्टम टोल प्लाजा में कैशलेन के कारण लगने वाली लंबी कतार से राहत दिलाने तथा पारदर्शिता के उद्देश्य से लागू करने जा रहा है। ऑनलाइन भुगतान से गाड़ियों को भी टोल प्लाजा में ज्यादा समय रुकना नहीं पड़ेगा, जिससे डीजल-पेट्रोल की बचत होगी तथा प्रदूषण भी कम होगा।

कैश लेना खत्म हो जाएगा: छत्तीसगढ़ एनएचएआई के आरओ प्रदीप लाल ने बताया कि, पूरे प्रदेश में एक अप्रैल से नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा में कैश लेना खत्म हो जाएगा। वाहन चालक यूपीआई या फास्ट टैग के जरिए ही टोल टैक्स अदा करना होगा। इस नए सिस्टम से पारदर्शिता के साथ समय, पेट्रोल-डीजल की बचत, प्रदूषण में कमी तथा जाम से मुक्ति मिलेगी।

टोल प्लाजा में अब तक टोल टैक्स का भुगतान यूपी आई और फास्ट टैग के अलावा कैश भी किया जाता है।

विधानसभा परिसर में डॉ. रमन सिंह ने किया मिलेट कैफे का उद्घाटन

■ **पौष्टिक आहार और आत्मनिर्भर किसान की ओर बड़ा कदम**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में मोटे अनाज (मिलेट) को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विधानसभा परिसर में 'मिलेट कैफे' का शुभारंभ किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने किया। यह कैफे पोषण, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भर किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल माना जा रहा है।

मिलेट्स को बढ़ावा देने की अनोखी पहल

मिलेट कैफे का उद्देश्य राज्य में मोटे अनाज के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों के भोजन में पौष्टिक विकल्प शामिल करना है। यहाँ लगभग 130 मिलेट आधारित व्यंजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें- रेडी-टू-ईट आइटम, गर्म व्यंजन, डेजर्ट शामिल हैं। सबसे खास बात यह है कि सभी मिलेट्स प्रदेश के किसानों से ही खरीदे जाएंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

महिला स्व-सहायता समूह के हाथों संचालन

मिलेट कैफे का संचालन क्षीर सागर स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इससे महिला समूहों को स्वरोजगार, आर्थिक मजबूती और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

कई महत्वपूर्ण हस्तियों की उपस्थिति

उद्घाटन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने स्वयं कई व्यंजनों का स्वाद लिया और उनकी सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोग: छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, नोडल अधिकारी गजेन्द्र चंद्राकर, नाफेड से मनीष शाह, बेमेतरा विधायक ईश्वर साहू इन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को राज्य के पोषण और कृषि विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए पंजीयन शुरू

■ **जुलाई-अगस्त में होगी सीईई परीक्षा, छत्तीसगढ़ को मिल सकते हैं 1300 पद**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ के हजारों युवा इस भर्ती का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस बार अनुमान है कि राज्य को 1100 से 1300 पद मिल सकते हैं, जिससे युवाओं के चयन की संभावना और बढ़ जाएगी।

अंतिम तिथि 1 अप्रैल

अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026 तय की गई है।

सीईई परीक्षा की तारीख घोषित

अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन जुलाई-अगस्त 2026 में किया जाएगा। ष्ठश्वश्व क्वालिफाई करने के बाद उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षण और मेडिकल प्रक्रिया से गुजरना होगा।

छत्तीसगढ़ से लगातार बढ़ रहा पंजीकरण

पिछले तीन वर्षों में राज्य के युवाओं में अग्निवीर भर्ती को लेकर उत्साह में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले वर्षों के पंजीयन और पद आवंटन-

2023-24: 14,153 पंजीयन - 895 पद

2024-25: 19,355 पंजीयन - 731 पद

2025-26: कुल 28,547 पंजीयन, 2026-27: अनुमानित 1100-1300 पद मिलने की संभावना

रफ्तार पर नहीं लगाम, हादसों में जा रही जान, जिम्मेदार भी खानापूर्ति करने में लगे

बाइक दीवार से टकराई, दो युवकों की मौत

■ **पुलिस कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल**

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रांका में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा इतना खतरनाक था कि तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सीधे दीवार से जा टकराई। टक्कर की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की स्पीड काफी अधिक थी। अचानक संतुलन बिगड़ने पर वाहन सीधे दीवार से टकरा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि अगर बाइक की रफ्तार नियंत्रित होती तो शायद दोनों की जान बच सकती थी।

लगातार बढ़ रहे हादसे

डोंगरगढ़ में पिछले कुछ महीनों से सड़क हादसों और अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस की ढीली कार्यप्रणाली इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार है।

जिम्मेदारी कौन लेगा?

क्या पुलिस की सख्ती सिर्फ कागजों तक सीमित है?

कब लगेगी ओवर स्पीड पर प्रभावी रोक? लोगों की मांग है कि विभाग अब केवल बयानबाजी न करे, बल्कि जमीनी स्तर पर पुख्ता कदम उठाए ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं रोकी जा सकें।

ओवर स्पीड पर लगाम कहां?- हादसे ने एक बार फिर पुलिस की वाहनों पर नियंत्रण और ओवर स्पीड रोकने की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ओवर स्पीड कंट्रोल अभियान सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गए हैं।

दुर्घटना में वाहन चालक की मौत

तिल्दा नेवरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के तिल्दा खरोरा मुख्य मार्ग पर अग्रवाल होंडा के आगे दोपहिया वाहन चालक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर जाम सड़क को खाली कराया गया। मामला नेवरा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि, दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एल डी 1796 का चालक जा रहा था और ट्रक वाहन क्रमांक आर जे 48 जी बी 1666 में टकराकर घटना स्थल पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि, दोपहिया वाहन सवार चालक एक हाईवा वाहन से टकराकर ट्रक के पीछे में घुस गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, ट्रक वाहन तिल्दा से खरोरा की तरफ जा रही थी। घटना की सूचना मिलने ही नेवरा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे और शव को तत्काल उठाकर जाम सड़क को खाली कराया गया।

कोरबा में दो ट्रकों की भीषण टक्कर आग में झुलसकर चालक की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के केंदई झरना क्षेत्र में कोयले और सीमेंट से भरी दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर से बड़ा हादसा हो गया। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई, जिसमें एक ट्रक चालक की मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरे ट्रक के चालक और परिचालक को राहगीरों ने कड़ी मशक्कत कर सुरक्षित बाहर निकाला। मोरगा चौकी अंतर्गत केंदई झरना के पास देर रात यह दुर्घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों ट्रकों के टकराते ही तेज आवाज के साथ आग भड़क गई। कोयला और सीमेंट से भरी गाड़ियों में आग तेजी से फैल गई, जिससे चालक को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

एक की मौत, दो घायल: एक ट्रक चालक ट्रक के केबिन में फंस गया और जलकर उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे ट्रक के चालक और परिचालक को स्थानीय लोगों ने काफी प्रयासों के बाद बाहर निकाला। दोनों घायल हैं और इलाज के लिए भेजे गए हैं। राहगीरों ने आग और धुएं के बीच जो जोखिम उठाया, उसकी सराहना की जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

वारंट लेकर जा रहा कॉन्स्टेबल बस की चपेट में आया, गंभीर रूप से घायल

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में वारंट लेकर जा रहे कांस्टेबल की बस की चपेट में आने से मौत हो गई। ट्रक और बस के बीच से बाइक सवार कॉन्स्टेबल आगे निकल रहा था। तभी बस से टकराकर नीचे गिर गया। बस का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। बस से कुचलने से आरक्षक को गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, बालोद थाना में पदस्थ ठनेश कुमार 35 वर्ष थाने से समन वारंट लेकर बाइक के माध्यम से जा रहा था। इसी दौरान ग्राम सिवनी के मुख्य मार्ग पर आगे निकलने के दौरान बाइक बस से टकरा गई और आरक्षक चक्के के नीचे आ गया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं, लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com